है ॥ तहां तामंगलाचरणविषे वादीनैं जोप्रमाणकाअभाव कह्याथा ॥ सोभी असंगतहै ॥ जिसकारण तैं (निर्विघ्नसमाप्तिकामोमंगलमाचरेत्) यहश्रुतिहीं तामंगलाचरणविषे प्रमाणहै ॥ यद्यपि इदानींकालविषे किसीभीवेदकीशाखाविषे यहश्रुति प्रत्यक्षदेखणेविषेआवतीनहीं ॥ तथापि शिष्टाचारत्वरूपहेतु तैं ताश्रुतिकाअनुमानहोवैहै ॥ ताश्रुतिघटित कोईकवेदकीशाखा उच्छिन्नहोइगईहै ॥ यातैं इदानींकालविषे साश्रुति प्रत्यक्षदेखणेविषेआवतीनहीं ॥ ऐसीकल्पनाहोवैहै ॥ ताअनुमानका यहआकारहै ॥ (मंगलं वेदबोधिताभीष्टोपायताकं अलौकिकावगीतशिष्टाचारत्वात् दर्शादिवत्) ॥ अर्थयह ॥ वेदनैं बोधनकरीहै निर्विघ्नसमाप्तिरूपइष्टकीउपायता जिसविषे ताकानाम वेदबोधितअभीष्टउपायताकहै ॥ ऐसावेदबोधितअभीष्टकाउपाय मंगलहै ॥ अलौकिक तथाअविगीत ऐसाजो शिष्टपुरुषोंकाआचारहै ताआचाररूपहोणेतैं ॥ जोजो अलौकिकअविगीतशिष्टाचारहोवैहै ॥ सोसो वेदबोधितइष्टकाउपायहीं होवैहै ॥ जैसे दर्शपूर्णमासकर्म अलौकिकअविगीतशिष्टाचाररूपहै ॥ यातैं (दर्शपूर्णमासाभ्यांस्वर्गकामोयजेत) इसवेदवाक्यकरिकैबोधित स्वर्गरूपइष्टकाउपायभीहै ॥ तैसे यहमंगलभी अलौकिकअविगीतशिष्टाचाररूपहै ॥ यातैं वेदबोधित निर्विघ्नसमाप्तिरूपइष्टकाउपायभी अवश्यहोवैंगा ॥ ईहां मंगल पक्ष है ॥ और वेदबोधितइष्टअर्थकीउपायता साध्यहै ॥ और अलौकिकअविगीतशिष्टाचारत्व हेतुहै ॥ और दर्शपूर्णमासादिरूपकर्म दृष्टांतहै ॥ यहअनुमानकीरीति आगेभीजानिलेणी ॥ तहां प्रत्यक्षादिकप्रमाणोंके तथाअनुमानकेअंगभूत पक्षदृष्टांतादिकोंके लक्षण द्वितीयपरिच्छेदविषे कथनकरैंगे ॥ ईहां हेतुविषे स्थित अलौकिक अविगीत शिष्ट इनतीनोंपदोंका यहअर्थहै ॥ शास्त्रकीआज्ञातैंविनाहीं केवलरागकरिकैप्राप्त जेआहारादिकहैं तिनोंकानाम लौकिकहै ॥ तिनलौकिकव्यवहारोंतैं जोभिन्नहोवै सो अलौ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

रिकैप्राप्त जेआहारादिकहैं तिनोंकानाम लौकिकहै ॥ तिनलौकिकव्यवहारोंतैं जोभिन्नहोवै सो अलौ

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किक कह्याजावैहै ॥ और जोआचार नरकादिरूपबलवानअनिष्टकाअजनकहूआ स्वर्गादिरूपइष्टका साधनहोवैहै ॥ सोआचार अविगीत कह्याजावैहै ॥ और जोपुरुष वेदोंकीप्रमाणताकूं अंगीकारकरेहै ॥ सोपुरुष शिष्ट कह्याजावैहै इति ॥ इसप्रकारकेअनुमानकरिकैसिद्ध जाउक्तश्रुतिहै ॥ ताश्रुतिप्रमाणतैंहीं तामंगलकूं निर्विघ्नग्रंथसमाप्तिकीकारणता निश्चयहोवैहै ॥ यातैं जिननास्तिकादिकोंकेग्रंथकी मंगलाचर णतैंविनाहीं समाप्तिदेखणेविषेआवैहै ॥ तिननास्तिकादिकोंविषेभी ताग्रंथसमाप्तिरूपकार्यतैं जन्मांतरकेमं गलाचरणका अनुमानकऱ्याजावैहै ॥ सोजन्मातरकामंगलाचरणहीं ताग्रंथसमाप्तिका कारणहै ॥ यातैं सोपूर्वउक्तव्यतिरेकव्यभिचार संभवतानहीं ॥ और जहां मंगलकेकीयेहूएभी ग्रंथकीसमाप्तिनहींभई ॥ तहां तिसग्रंथकर्त्तापुरुषविषे विघ्नोंकीबाहुल्यताजानणी ॥ अथवा कोईअतिबलवान्विघ्न जानणा ॥ ति नबहुतविघ्नोंकीनिवृत्ति तथाताअतिबलवान्विघ्नकीनिवृत्ति बहुतमंगलोंकरिकै तथाअतिबलवान्मंगलक रिकैहीं होवैहै ॥ सोइसप्रकारका विघ्ननिवर्त्तकमंगल तिनग्रंथोंविषेहैनहीं ॥ यातैं सोपूर्वउक्त अन्वयव्य भिचारभी ईहां प्राप्तहोवैनहीं ॥ इसप्रकार तामंगलाचरणविषे उक्तश्रुतिप्रमाणकेसंभवहूए तथानिर्विघ्नग्रं थसमाप्तिरूपप्रयोजनकेसंभवहूए ग्रंथकेआरंभविषे सोमंगलाचरण अवश्यकरणेयोग्यहै ॥ और केईकग्रं थकारतौं ग्रंथसमाप्तिकेप्रतिबंधकविघ्नोंकाध्वंसहीं तामंगलाचरणकाप्रयोजनमानेहैं ॥ इसमंगलवादका विस्तारतैंनिरूपणतौं न्यायप्रकाशकेप्रथमपरिच्छेदविषे हमनैं कऱ्याहै ॥ यातैं ईहां संक्षेपतैंनिरूपणकऱ्या है ॥ जिसकूं अधिकजानणेकीइच्छाहोवै ॥ तिसनैं तहांसैंजानिलेणा इति ॥ ॥ अथग्रंथारंभः ॥ ॥ तहां श्रीमत्शंकराचार्यकृतभाष्यसहित जोश्रीव्यासभगवान्कृत सूत्रोंकासमूहरूप शारीरकमीमांसाशा स्त्रहै ॥ ताकेविषे (अथातोब्रह्मजिज्ञासा) इसप्रथमसूत्रकरिकै विवेकादिकचतुष्टयसाधनसंपत्तितैंअनंतर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अधिकारीपुरुषोंकेप्रति ब्रह्मज्ञानकीइच्छा विधानकरीहै ॥ तहां विचारकऱ्येहूएतत्त्वमसिआदिकवाक्यकरि
कैजन्य तथाजीवब्रह्मके एकत्वकूंविषयकरणेहारा जोअहंब्रह्मास्मि याप्रकारका फलरूपज्ञानहै ॥ सोज्ञानहीं
ताइच्छाकाकर्महै ॥ और सोमोक्षकाहेतुफलरूपज्ञान तत्त्वंपदार्थकेज्ञानकेअधीनहै ॥ जिसकारणतैं पदार्थ
ज्ञानतैंरहितपुरुषकूं वाक्यार्थज्ञान होतानहीं ॥ किंतु पदार्थज्ञानवालेपुरुषकूंहीं सोवाक्यार्थज्ञानहोवैहै ॥ और
सोवाक्यार्थज्ञानकाहेतुभूत पदार्थज्ञानभी तातत्त्वंपदार्थकेविचारअधीनहै ॥ तातत्त्वंपदार्थकेविचारतैंविना
सोपदार्थज्ञानहोतानहीं ॥ यातैं ताउक्तसूत्रनैं अर्थतैं ताविचारकीकर्त्तव्यताहीं विधानकरीहै ॥ अर्थात् सा
धनचतुष्टयसंपत्तितैंअनंतर इसअधिकारीपुरुषनैं ब्रह्मकाविचार करणा ॥ यह तासूत्रकाअर्थसिद्धहोवैहै ॥
तहां सोविचारभी दोप्रकारकाहोवैहै ॥ एकतौं प्रधानविचारहोवैहै ॥ और दूसरा सहकारीविचारहोवैहै ॥
तहां अहंब्रह्मास्मि याप्रकारकेवाक्यार्थज्ञानकरिकै प्राप्तहोणेकूंअतिवांछितहोणेतैं ब्रह्म प्रधानहै ॥ ऐसेप्रधा
नब्रह्मका जोविचारहै ॥ सोविचार प्रधानविचार कह्याजावैहै ॥ और सोब्रह्मकाविचार समन्वयआदिकों
केविचारतैंविना संभवतानहीं ॥ यातैं समन्वय अविरोध साधन फल इनच्यारोंकेजेविचारहैं ॥ तेविचार
सहकारीविचार कह्येजावैहैं ॥ तहां उपनिषद्रूपवेदांतोंविषेस्थित जेवाक्यहैं ॥ तिनवाक्योंका ब्रह्मआ
त्माकेअभेदकीप्रतिपादकतारूपकरिकै जोतात्पर्यहै ताकानाम समन्वयहै ॥ तासमन्वयकाविचार ता
शारीरकमीमांसाशास्त्रके प्रथमअध्यायविषे कऱ्याहै ॥ और श्रुतिकेविरोधहूए स्मृतिआदिकोंकूं तथाप्र
त्यक्षादिकप्रमाणोंकूं आभासरूपताहोणेतैं तावेदांतसमन्वयका तिनस्मृतिप्रत्यक्षादिकप्रमाणांतरोंकेसा
थि जोविरोधकाअभावहै ताकानाम अविरोधहै ॥ सोअविरोधकाविचारभी ताशारीरकमीमांसाशास्त्रके
द्वितीयअध्यायविषे कऱ्याहै ॥ और ज्ञानकीप्राप्तिकेजेउपायहैं तिनोंकानाम साधनहै ॥ तेसाधनभी अं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तरंग बहिरंग इसभेदकरिकै दोप्रकारकेहोवैहैं ॥ तिनदोनोंप्रकारकेसाधनोंकाविचार ताशारीरकमीमां साशास्त्रके तृतीयअध्यायविषे कऱ्याहै ॥ और तिनसाधनोंकरिकैप्राप्तहोणेयोग्यजोअर्थहै ताकानाम फलहै ॥ सोफलभी पर अपर इसभेदकरिकै दोप्रकारकाहोवैहै ॥ तिसदोप्रकारकेफलकाविचार ताशारी रकमीमांसाशास्त्रके चतुर्थअध्यायविषे कऱ्याहै ॥ इसप्रकारकेसमन्वयादिकऱ्यारोंकेविचारकूं सहकारी विचार कहेहैं ॥ तहां तिनसाधनोंकेमध्यविषे जोतत्त्वमसिआदिकमहावाक्योंकेअर्थकाविचारहै ॥ ति सविचारकूं ब्रह्मज्ञानकेप्रति अंतरंगसाधनताहै ॥ और तिसवाक्यार्थविचारका तत्त्वंपदार्थकाविचार सह कारीहै ॥ यातैं तिसतत्त्वंपदार्थकेविचारकूंभी ताब्रह्मज्ञानकेप्रति अंतरंगसाधनताहींहै ॥ याकारणतैं इ सग्रंथकेआदिविषे प्रथम तातत्त्वंपदार्थकेविचारकूंहीं निरूपणकरेहैं ॥ तात्पर्ययह ॥ चतुष्टयसाधनसंपन्न अधिकारीपुरुषकूं मोक्षकीप्राप्ति तत्त्वमसिआदिकमहावाक्यकेअर्थज्ञानतैंहीं होवैहै ॥ और तावाक्यार्थ ज्ञानकीप्राप्ति तत्त्वंपदार्थकेज्ञानतैंहीं होवैहै ॥ और तापदार्थज्ञानकीप्राप्ति तत्त्वंपदार्थकेविचारतैंहीं होवै है ॥ यातैं सोतत्त्वंपदार्थकाविचार मुमुक्षुजनकूं अवश्यकऱ्याचाहिये ॥ ॥ शंका ॥ ॥ लोकविषे त थाशास्त्रविषे सुखकीप्राप्तिकूं तथादुःखकीनिवृत्तिकूंहीं पुरुषार्थरूपता देखीहै ॥ सोपुरुषार्थहीं संपादनकर णेयोग्यहोवैहै ॥ और सोतत्त्वंपदार्थकाज्ञानतौं सुखकीप्राप्तीरूपभीनहींहै ॥ तथा दुःखकीनिवृत्तिरूपभी नहींहै ॥ यातैं अपुरुषार्थरूपहोणेतैं सोपदार्थज्ञान संपादनकरणेयोग्यनहींहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ य द्यपि तापदार्थज्ञानकूं स्वरूपतैंपुरुषार्थरूपता नहींहै ॥ तथापि तापुरुषार्थकासाधन जोमाहावाक्यार्थज्ञा नहै ॥ तावाक्यार्थज्ञानकेप्रति तापदार्थज्ञानकूं हेतुताहै ॥ यातैं तावाक्यार्थज्ञानद्वारा तापुरुषार्थकासा धनहोणेतैं सोपदार्थज्ञान अवश्यसंपादनकरणेयोग्यहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ जिसमोक्षवासतै तुम तत्त्वं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पदार्थकानिरूपणकरतेहो ॥ सोमोक्ष क्यावस्तुहै ॥ तहां अज्ञानकीनिवृत्तिकानाम मोक्षहै ॥ अथवा ब्र
ह्मभावकानाम मोक्षहै ॥ तहां प्रथमपक्ष जोअंगीकारकरो सोसंभवतानहीं ॥ काहेतैं सोअज्ञानकीनिवृ
त्तिरूपमोक्ष ब्रह्मकेस्वरूपतैंभिन्नहींहोवैंगा ॥ ताकरिकै (एकमेवाद्वितीयंब्रह्म) इसश्रुतिकाविरोधहोवैं
गा ॥ यद्यपि ताब्रह्मतैंभिन्न दूसराकोईभावपदार्थ नहींहै ॥ साअज्ञानकीनिवृत्ति अभावरूपहै ॥ यातैं
ताकेविद्यमानहूएभी ब्रह्मकोअद्वितीयरूपता निवृत्तहोवैनहीं ॥ इसरीतिसैं भावाऽद्वैतपरताकरिकै ताश्रु
तिकाविरोधहोतानहीं ॥ तथापि ब्रह्मतैंभिन्न भावअभावरूपसर्वप्रपंचकानिषेधकरणेहारेअद्वैतपदका सं
कोचकरिकै केवल भावपदार्थोंकेनिषेधपरत्वमानणेविषे कोईप्रमाणहैनहीं ॥ किंवा तुमारेमतविषे ब्रह्मतैं
भिन्नसर्वपदार्थोंकूं कल्पितपणाहीं अंगीकारकऱ्याहै ॥ यातैं ब्रह्मतैं भिन्नहोणेतैं साअविद्याकीनिवृत्ति
भी कल्पितहींहोवैंगी ॥ और जोजोपदार्थ कल्पितहोवैहै ॥ सोसोपदार्थ शुक्तिरजतकीन्यांई मिथ्याहीं
होवैहै ॥ यातैं ताअविद्याकीनिवृत्तिरूपमोक्षकूंभी कल्पितपणेकरिकै अनित्यपणाहीं प्राप्तहोवैंगा ॥ किंवा
तुमारेमतविषे साअविद्याभी कल्पितहीं मानीहै ॥ और कल्पितवस्तुकाअभावभी कल्पितहींहोवैहै ॥
यातैं ताकल्पितअविद्याकीनिवृत्तिभी कल्पितहींहोवैंगी ॥ और कल्पितवस्तुकूं सत्यरूपतासंभवतीनहीं ॥
याकारणतैंभी ताअविद्याकीनिवृत्तिरूपमोक्षकूं अनित्यपणाहीं प्राप्तहोवैंगा ॥ और तामोक्षकाअनित्यप
णा तुमारेकूंभी इष्टनहींहै ॥ जिसकारणतैं सर्वमोक्षवादीयोंनैं मोक्षकानित्यपणाहीं अंगीकारकरीताहै ॥
कोईभीमोक्षवादी मोक्षकूंअनित्यमानतानहीं ॥ जोकदाचित् मोक्षभीअनित्यहोताहोवै ॥ तौं मुक्तपुरुषों
कीभी पुनःउत्पत्तिहोणीचाहिये ॥ और (नसपुनरावर्त्तते । यद्गत्वाननिवर्त्ततेतद्धामपरमंमम) इत्यादिक
श्रुतिस्मृतियोंनैं तामुक्तपुरुषकेपुनःउत्पत्तिकानिषेधकऱ्याहै ॥ यातैं अविद्याकीनिवृत्तिकूं मोक्षरूपता सं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भवैनहीं ॥ और ब्रह्मभावकानाम मोक्षहै यहद्वितीयपक्ष जोअंगीकारकरो सोभीसंभवतानहीं ॥ काहेतैं सोब्रह्मभाव अनादिहोणेतैं नित्यसिद्धहै ॥ जोपदार्थ नित्यसिद्धहोवैहै ॥ सोपदार्थ किसीसाधनकरिकैसाध्यहोवैनहीं ॥ अनित्यपदार्थहीं साधनकरिकैसाध्यहोवैहै ॥ यातैं ताब्रह्मभावरूपमोक्षकूं आत्मज्ञानकरिकैसाध्यपणा नहींहोवैंगा ॥ और तुमोंनैं मोक्षकूं आत्मज्ञानकरिकैसाध्य मान्याहै ॥ यातैं ताब्रह्मभावकूं भी मोक्षरूपतासंभवैनहीं ॥ इसप्रकार मोक्षकेअनिरूपणहूए तामोक्षकीसाधनतारूपकरिकै महावाक्यार्थज्ञानकीप्रयोजनवत्ताभी निरूपणकरणेकूंअशक्यहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ हमारेमतविषे अविद्याकीनिवृत्तिहीं मोक्षहै ॥ साअविद्याकीनिवृत्ति ब्रह्मतैंभिन्ननहींहै ॥ किंतु अधिष्ठानब्रह्मरूपहींहै ॥ काहेतैं कल्पितवस्तुकाअभाव अधिष्ठानतैंभिन्नहोतानहीं ॥ जैसे कल्पितसर्परजतादिकोंकाअभाव रज्जुशुक्तिआदिकअधिष्ठानतैं भिन्नहोतानहीं ॥ किंतु अधिष्ठानरूपहींहोवैहै ॥ तैसे ताकल्पितअविद्याकीनिवृत्तिभी अधिष्ठानब्रह्मरूपहींहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ ताअविद्यानिवृत्तिरूपमोक्षकूं जोब्रह्मरूपमानोंगे तौं ताब्रह्मरूपमोक्षकूं ज्ञानकरिकैसाध्यपणा नहींहोवैंगा ॥ और तुमोंनैं मोक्षकूं ज्ञानकरिकैसाध्यमान्याहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ ज्ञानकरिकैमोक्षसाध्यहै ईहां साध्यशब्दकरिकै हमारेकूं जन्यपणा विवक्षितनहींहै ॥ अर्थात् ज्ञानकरिकै मोक्षजन्यहोवैहै ऐसाहमारेकूं विवक्षितनहींहै ॥ जिसकारणतैं अनादिसिद्धहोणेतैं ताब्रह्मभावकीउत्पत्तिहीं संभवतीनहीं ॥ किंतु तासाध्यशब्दकरिकै हमारेकूं अभिव्यक्तिमात्र विवक्षितहै ॥ अर्थात् ज्ञानकरिकै तामोक्षकीअभिव्यक्तिमात्रहोवैहै यहहमारेकूं विवक्षितहै ॥ तहां अहंब्रह्मास्मियाप्रकारकेज्ञानकरिकै जोद्वैतभ्रमकीनिवृत्तिहै तथाअखंडएकरसआनंदकीस्फुर्त्तिहै ॥ यहहीं तामोक्षकीअभिव्यक्तिहै ॥ यातैं अहंब्रह्मास्मि याप्रकारकेवाक्यार्थज्ञानकूं तामोक्षकासाधनपणा संभवैहै ॥ ऐसा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वाक्यार्थज्ञान तत्त्वंपदार्थकेज्ञानकरिकैहींहोवैहै ॥ और सोपदार्थज्ञान तातत्त्वंपदार्थकेनिरूपणकरिकैहीं होवैहै ॥ यातैं प्रथम तत्पदार्थकानिरूपणकरेहैं ॥ तहां असाधारणधर्मरूपजोलक्षणहै तथाप्रत्यक्षादिरूप जोप्रमाणहै तिनदोनोंकरिकैहीं वस्तुकीसिद्धिहोवैहै ॥ तालक्षणप्रमाणतैंविना वस्तुकीसिद्धिहोतीनहीं ॥ इसप्रकारकेन्यायकूंअंगीकारकरिकै प्रथम तातत्पदार्थकालक्षणकहेहैं ॥ तहां तिसब्रह्मरूपतत्पदार्थकाल क्षण दोप्रकारकाहोवैहै ॥ एकतौं तटस्थलक्षणहोवैहै ॥ और दूसरा स्वरूपलक्षणहोवैहै ॥ तहां (कादा चित्कत्वेसतिव्यावर्त्तकं तटस्थलक्षणं) ॥ अर्थयह ॥ जोलक्षण आपणेलक्ष्यविषे कदाचित्वर्त्तताहूआ ता आपणेलक्ष्यकूं अन्यपदार्थोंतैंभिन्नकरेहै ॥ सोलक्षण तटस्थलक्षण कह्याजावैहै ॥ जैसे पृथिवीका गंधव त्त्वलक्षण तटस्थलक्षणहै ॥ तहां महाप्रलयविषे सर्वकार्यकानाशहोवैहै ॥ यातैं नैयायिकोंकेमतविषे सो गंधगुण तामहाप्रलयविषे परमाणुरूपपृथिवीविषेरहतानहीं ॥ और नैयायिकोंकेमतविषे जिसक्षणविषे द्रव्यउत्पन्नहोवैहै ॥ तिसक्षणविषे ताद्रव्यविषेरूपादिकगुण उत्पन्नहोतेनहीं ॥ किंतु द्वितीयक्षणविषे तेरूपा दिकगुण उत्पन्नहोवैहैं ॥ ताप्रथमक्षणविषे सोद्रव्य निर्गुणहींउत्पन्नहोवैहै ॥ इसअर्थविषेयुक्तितौं न्यायप्र काशकेद्वितीयपरिच्छेदकेआदिविषे विस्तारतैंकथनकरीहै ॥ सो तहांसैंजानिलेणी ॥ यातैं पृथिवीकेउत्प त्तिक्षणविषेभी सोगंधगुण तापृथिवीविषेरहतानहीं ॥ किंतु मध्यकालविषेहीं सोगंधगुण तापृथिवीविषे रहेहै ॥ यातैं सोगंधगुण कादाचित्कहै ॥ और सोगंधगुण आपणेआश्रयभूतपृथिवीकूं दूसरेजलादिक पदार्थोंतैंभिन्नभीकरावैहै ॥ यातैं कादाचित्कहोणेतैं तथाव्यावर्त्तकहोणेतैं सोगंधवत्त्व तापृथिवीका तट स्थलक्षणहींहै ॥ इसप्रकार तत्पदार्थरूपब्रह्मकाभी (सृष्टिस्थितिलयकारणत्व) यह तटस्थलक्षणहै ॥ ईहां सृष्टिशब्दकरिकै जगत्केउत्पत्तिका ग्रहणकरणा ॥ और स्थितिशब्दकरिकै जगत्केपालनका ग्र

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हणकरणा ॥ और लयशब्दकरिकै जगत्केप्रलयका ग्रहणकरणा ॥ सोजगत्केउत्पत्तिस्थितिलयकाका
रणत्व ब्रह्मविषेसर्वदारहतानहीं ॥ किंतु मायाकीअधिष्ठानताकालविषेहींरहेहै ॥ यातैं सोसृष्टिस्थितिल
यकाकारणत्व कादाचित्कहै ॥ और सांख्यनैयायिकादिकोंनैं जगत्काकारणरूपकरिकैकल्पनाकऱ्ये
जे प्रधानपरमाणुआदिकहैं ॥ तिनोंतैं तालक्ष्यरूपब्रह्मकूं भिन्नभीकरावैहै ॥ यातैं व्यावर्त्तकभीहै ॥ इस
प्रकार कादाचित्कहोणेतैं तथाव्यावर्त्तकहोणेतैं सोसृष्टिस्थितिलयकाकारणत्व ब्रह्मका तटस्थलक्षण क
ह्याजावैहै ॥ अब तालक्षणविषेस्थितपदोंका प्रयोजनकहेहैं ॥ तहां लयकारणत्व इतनामात्रहीं जोताब्र
ह्मका तटस्थलक्षणकरते ॥ तौं ब्रह्मकूं केवल जगत्काउपादानकारणपणाहीं सिद्धहोता ॥ काहेतैं जो
कार्य जिसकारणविषे लयहोवैहै ॥ तिसकार्यकेप्रति तिसकारणकूं केवल उपादानकारणपणाहीं दे
ख्याहै ॥ जैसे घटकेलयकाकारणमृत्तिका ताघटका केवलउपादानकारणहींहोवैहै ॥ निमित्तकारण
होवैनहीं ॥ तैसे ताब्रह्मतैंभिन्नहींकोई जगत्कानिमित्तकारण अंगीकारकरणाहोवैंगा ॥ ताकरिकै
(एकमेवाद्वितीयंब्रह्म) इसश्रुतिका विरोधहोवैंगा ॥ तादोषकेनिवृत्तकरणेवासतै तालक्षणविषे स्थि
तिकारणत्व कह्याहै ॥ किंवा स्थितिलयकारणत्व इतनामात्रहीं जोब्रह्मका तटस्थलक्षणकरते ॥ तौं
जैसे घटकीउत्पत्तिकेदंडादिकनिमित्तकारणहोवैहैं ॥ तैसे ताब्रह्मतैंभिन्नहींकोई जगत्कानिमित्तकारण
होवैंगा ॥ ताकरिकै पुनः ताअद्वैतश्रुतिकाविरोधहोवैंगा ॥ तादोषकीनिवृत्तिकरणेवासतै तालक्षणविषे
सृष्टिकारणत्व कह्याहै ॥ किंवा सृष्टिस्थितिकारणत्व इतनामात्रहीं जोब्रह्मका तटस्थलक्षणकरते ॥ तौं
जैसे कुलालकूं घटकेप्रति निमित्तकारणताहै ॥ तैसे ताब्रह्मकूंभी केवल जगत्कानिमित्तकारणपणाहीं
होवैंगा ॥ उपादानकारण कोईअन्यहींहोवैंगा ॥ ताकरिकै वेदांतसिद्धांतकाविरोधहोवैंगा ॥ तादोषके

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निवृत्तकरणेवासतै तालक्षणविषे लयकारणत्व कह्याहै ॥ इसप्रकार सृष्टि स्थिति लय इनतीनोंकाकारण त्वरूप तटस्थलक्षणकेकहणेकरिकै ब्रह्मकूं जगत्का अभिन्ननिमित्तउपादानपणा सिद्धहोवैहै ॥ अर्थात् एकहींब्रह्म जगत्का उपादानकारण तथानिमित्तकारणहै ॥ याकहणेतैं ब्रह्मका यहतटस्थलक्षण सिद्धभ या ॥ (जगत्कर्तृत्वेसतिजगदुपादानत्वं) अर्थयह ॥ जगत्केकर्तृत्वविशिष्ट जोजगत्काउपादानपणा है यहहीं ब्रह्मकातटस्थलक्षणहै ॥ तहां जगत्उपादानत्व इतनामात्रहीं जोब्रह्मका तटस्थलक्षणकरते ॥ तौं मायाविषे तालक्षणकीअतिव्याप्तिहोती ॥ काहेतैं शुद्धब्रह्मकूंतौं जगत्कीउपादानताहैनहीं ॥ किंतु मायाविशिष्टब्रह्मकूंहीं जगत्कीउपादानताहै ॥ और विशिष्टविषेवर्त्तणेहाराधर्म विशेषणविषेभी अवश्य रहेहै ॥ यातैं ताब्रह्मकाविशेषणरूपमायाकूंभी सोजगत्काउपादानकारणपणा अवश्यहोवैंगा ॥ और (मायांतुप्रकृतिंविद्यात्) यहश्रुतिभी तामायाकूं जगत्काउपादानकारणपणा कहेहै ॥ ताअतिव्याप्ति दोषकेनिवृत्तकरणेवासतै तालक्षणविषे जगत्कर्तृत्व यहपद कथनकऱ्याहै ॥ तहां कार्यकेउपादानका जोअपरोक्षज्ञानहै ॥ तथा ताकार्यकेकरणेकीजाइच्छाहै ॥ तथा ताइच्छाजन्य जाप्रयत्नरूपकृतिहै ॥ यहतीनों जिसविषेरहेहैं ॥ सोईहीं कर्त्ताकह्याजावैहै ॥ जैसे कुलालादिक ताज्ञानइच्छाप्रयत्नवालेहो णेतैं घटादिककार्योंकेकर्त्ता कह्येजावैहैं ॥ इसप्रकारकाकर्त्तापणा चेतनविषेहीं संभवेहै ॥ जडमायावि षे संभवतानहीं ॥ यातैं जगत्कर्तृत्व पदकेकहणेतैं तामायाविषे ताउक्तलक्षणकीअतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ किंवा जगत्कर्तृत्व इतनामात्रहीं जोब्रह्मका तटस्थलक्षणकरते ॥ तौं नैयायिकोंनैं जगत्का केवलक र्त्तारूपकरिकैमान्याजोईश्वरहै ॥ ताकेविषे ताउक्तलक्षणकीअतिव्याप्तिहोती ॥ ताअतिव्याप्तिदोषकेनि वृत्तकरणेवासतै तालक्षणविषे जगत्उपादानत्व यहपद कथनकऱ्याहै ॥ तहां तेनैयायिक परमाणुवों

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कूंतौं जगत्काउपादानकारण मानेहैं ॥ और ईश्वरकूं जगत्काकर्त्ता मानेहैं ॥ इसप्रकार नैयायिकोंनैं जगत्के उपादानका तथाकर्त्ताका भेदहींअंगीकारकऱ्याहै ॥ और हमसिद्धांतीयोंनैंतौं ब्रह्मकूं जगत् का अभिन्ननिमित्तउपादानकारण मान्याहै ॥ यातैं जगतउपादानत्व इसपदकेकहणेतैं तानैयायिक अभिमतईश्वरविषे तालक्षणकीअतिव्याप्तिहोवैनहीं इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ सोअतिव्याप्तिवालालक्षणभी आपणेलक्ष्यकीसिद्धि क्युंनहींकरता ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ लक्षणके अतिव्याप्ति १ अव्याप्ति २ असंभव ३ यहतीनदोषहोवैहैं ॥ तिनतीनोंदोषोंविषे एकभीदोष जिसलक्षणविषेरहेहै ॥ सोलक्षण दुष्टक ह्याजावैहै ॥ तादुष्टलक्षणतैं तालक्ष्यकीसिद्धिहोवैनहीं ॥ और तिनतीनोंदोषोंतैं जोलक्षण रहितहोवैहै ॥ सोलक्षण अदुष्टकह्याजावैहै ॥ ताअदुष्टलक्षणतैंहीं तालक्ष्यकीसिद्धिहोवैहै ॥ यातैं तालक्षणविषे पदोंका निवेशकरिकै ताअतिव्याप्तिआदिकदोषकीनिवृत्ति अवश्यकरीचाहिये ॥ तहां जोलक्षण आपणेलक्ष्यविषेवर्त्ताहूआ अलक्ष्यविषेभी वर्त्तैहै ॥ सोलक्षण अतिव्याप्तिदोषवालाहोवैहै ॥ जैसे गौकाशृंगित्वलक्षण तागौरूपलक्ष्यविषेवर्त्ताहूआ महिषअजादिरूपअलक्ष्यविषेभी वर्त्तैहै ॥ यातैं सोगौकाशृंगित्वलक्षण अतिव्याप्तिदोषवालाहै ॥ और जोलक्षण आपणेलक्ष्यके एकदेशविषेवर्त्तैहै ॥ सोलक्षण अव्याप्तिदोषवालाहोवैहै ॥ जैसे गौकाकपिलत्वलक्षण कोईकगौवोंविषेरहेहै सर्वगौवोंविषेरहतानहीं ॥ यातैं सोकपिलत्वलक्षण अव्याप्तिदोषवालाहै ॥ और जोलक्षण आपणेलक्ष्यमात्रविषेहीं नहींरहेहै ॥ सोलक्षण असंभवदोषवाला होवैहै ॥ जैसे गौका एकशफवत्त्वलक्षण कोईभीगौविषेरहतानहीं ॥ यातैं असंभवदोषवालाहै ॥ शफनाम खुरकाहै ॥ और जिसपदार्थका जोलक्षणकरीये ॥ तिसलक्षणका सोपदार्थलक्ष्यक ह्याजावैहै ॥ यातैं अतिव्याप्तिआदिकसर्वदोषोंतैंरहितहोणेतैं सोउक्तब्रह्मकातटस्थलक्षण समीचीनहै

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ एकहींब्रह्मकूं जगत्का उपादानपणा तथाकर्त्तापणा संभवतानहीं ॥ काहेतैं लोकविषे ऐसादेखणेमेंआवतानहीं ॥ जैसे घटकाकर्त्ताजोकुलालहै सो ताघटकाउपादानकारणहोता नहीं ॥ और ताघटकाउपादानकारणजोमृत्पिंडहै सो ताघटका कर्त्ताहोतानहीं ॥ किंतु सोमृत्पिंड तौं ताघटका उपादानकारणहींहोवैहै ॥ और सोकुलाल ताघटका कर्त्ताहींहोवैहै ॥ इसप्रकार घटादि ककार्योंविषे उपादानकारणका तथाकर्त्ताका भेदहीं देखणेविषेआवैहै ॥ और दृष्टअर्थकेअनुसारहीं अ दृष्टअर्थकीकल्पनाहोवैहै ॥ दृष्टअर्थतैंविरुद्ध अदृष्टअर्थकीकल्पना होवैनहीं ॥ और एकहींब्रह्मकूं जगत् का उपादान तथाकर्त्ता मानणा यहभी अदृष्टअर्थकीकल्पनाहै ॥ सा दृष्टअर्थतैंविना कैसेसंभवैंगी ॥ किंतु नहींसंभवैंगी ॥ यातैं दृष्टविरोधतैं एकहींब्रह्मकूं जगत्का उपादान तथाकर्त्ता मानणा असंगत है ॥ किंतु ईश्वरकूंतौं जगत्का कर्त्तामान्याचाहिये ॥ और ताईश्वरतैंभिन्न परमाणुआदिकोंकूं ताजग त्का उपादानकारण मान्याचाहिये ॥ इसअर्थविषे सोदृष्टविरोधहोवैनहीं ॥ किंतु घटादिककार्योंविषे सोउपादानकर्त्ताकाभेद सर्वलोकोंकूं प्रसिद्धहींहै ॥ याकहणेतैं यहअनुमानसिद्धभया ॥ (इदंजगत् भि न्ननिमित्तोपादानकं कार्यत्वात् घटादिवत्) अर्थयह ॥ यहजगत् उपादानकारणके तथाकर्त्तारूपनि मित्तकारणके भेदवालाहै ॥ कार्यरूपहोणेतैं ॥ घटादिककार्योंकीन्यांई इति ॥ किंवा जोतुम यहकहो ॥ ब्रह्मकूं जगत्का अभिन्ननिमित्तउपादानपणा हम नहींकल्पनाकरते ॥ किंतु (तदैक्षतबहुस्यांप्रजाये य) यहश्रुतिहीं ताअर्थकूं बोधनकरैहै ॥ सोयहतुमाराकहणाभी संभवतानहीं ॥ काहेतैं पूर्वउक्तरीति सैं दृष्टअर्थकेविरोधहूए ताश्रुतिका सोउक्तअर्थ संभवतानहीं ॥ किंतु अन्यहींअर्थ संभवैहै ॥ यातैं ब्र ह्मकूं जगत्का अभिन्ननिमित्तउपादानपणा संभवैनहीं ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ (तदैक्षतबहुस्यां सो

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ऽकामयतबहुस्यांप्रजायेय) अर्थयह ॥ सोपरमात्मादेव मैंबहुतरूपहोवों याप्रकारका संकल्पकरताभया ॥ और सोपरमात्मादेव मैंबहुतरूपहोइकैउत्पन्नहोवों याप्रकारकीकामनाकरताभया इति ॥ इसश्रुतिनैं एकहींब्रह्मकूं बहुतरूपहोणेकीकामना कथनकरीहै ॥ साकामना चेतनकाहींधर्महोवैहै ॥ जडका धर्महोवैनहीं ॥ यातैं ताश्रुतिकेबलतैं चेतनब्रह्मकूंहीं जगत्का उपादानपणा तथाकर्त्तापणा निश्चयहोवैहै ॥ और तात्पर्यकेनिश्चायक जेउपक्रमउपसंहारादिकषट्लिंगहैं ॥ तिनलिंगोंकरिकै सर्ववेदांतवाक्यों का अद्वितीयब्रह्मविषेहीं तात्पर्यनिर्णयकऱ्याहै ॥ यातैं ताउक्तअनुमानकरिकै ताश्रुतिअर्थका बाधहोइसकैनहीं ॥ उलटा श्रुतिकेविरोधहूए तेप्रत्यक्षअनुमानादिकप्रमाणहीं आभासरूपताकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ उपक्रमादिकषट्लिंगोंकास्वरूप आगेद्वितीयपरिच्छेदविषेकहेंगे ॥ किंवा तावादीनैं जोपूर्वयहकह्याथा ॥ लोकविषे किसीभीकारणकूं कार्यकाअभिन्न निमित्तउपादानपणा देखीतानहीं ॥ यातैं जगत्के उपादानकारणका तथानिमित्तकारणका भेदहींअंगीकारकऱ्याचाहिये ॥ सोयहवादीकाकहणाभी असंगत है ॥ काहेतैं लोकविषेभी ऊर्णनाभिआदिकजंतुविशेषकूं स्वरचिततंतुरूपकार्यकेप्रति अभिन्ननिमित्तउपादानकारणपणाहीं देखणेविषेआवैहै ॥ अर्थात् सोऊर्णनाभिजंतु तातंतुरूपकार्यकेप्रति आपहीं उपादानकारणहोवैहै तथाआपहीं कर्त्तारूपनिमित्तकारणहोवैहै ॥ किंवा जैसे नैयायिकोंकेमतविषे घट ईश्वर दोनोंका जोसंयोगसंबंधहै ॥ सोसंयोग समवायसंबंधकरिकै ताघटईश्वरदोनोंविषे उत्पन्नहोवैहै ॥ यातैं ताईश्वरकूं तासंयोगकेप्रति उपादानकारणपणाभीहै ॥ और सोईश्वर कार्यमात्रकेप्रति निमित्तकारण होवैहै ॥ यातैं तासंयोगरूपकार्यकेप्रति सोईश्वर निमित्तकारणभीहै ॥ इसप्रकारतैं नैयायिकोंनैं जैसे तासंयोगरूपकार्यकेप्रति ईश्वरकूं अभिन्ननिमित्तउपादानकारणता अंगीकारकरीहै ॥ तैसे हमसिद्धांती

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भी ब्रह्मकूं जगत्कीअभिन्ननिमित्तउपादानकारणता अंगीकारकरेहैं ॥ यातैं सोपूर्वउक्तदृष्टविरोधभी प्राप्त होवैनहीं ॥ यातैं सोजगत्काअभिन्ननिमित्तउपादानकारणत्व ब्रह्मकातटस्थलक्षण संभवैहै यहसिद्धभया इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ यहउक्तब्रह्मकातटस्थलक्षण तबीसंभवै ॥ जबी कोईप्रमाणकरिकै ताब्रह्मविषे जगत्कीकारणता सिद्धहोवै ॥ ताकारणताकीसिद्धितैंविना सोउक्तलक्षण संभवतानहीं ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ ताब्रह्मकूं जगत्केउत्पत्तिस्थितिलयकीकारणता साक्षात्श्रुतिप्रमाणकरिकैहींसिद्धहै ॥ तथा व्यासभगवान्केसूत्रकरिकैभीसिद्धहै ॥ तहांश्रुति ॥ (यतोवाइमानिभूतानिजायंते येनजातानिजीवंति यत्प्रयंत्यभिसंविशंति) अर्थयह ॥ जिसब्रह्मतैं यहसर्वभूत उत्पन्नहोवैहैं ॥ और उत्पन्नहूएयहसर्वभूत जिसब्रह्मकरिकै जीवनकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ और मृत्युकूंप्राप्तहूएयहसर्वभूत जिसब्रह्मविषे लयभावकूंप्राप्तहोवैहैं इति ॥ तहांसूत्र ॥ (जन्माद्यस्ययतः) अर्थयह ॥ जिससर्वज्ञसर्वशक्तिमान्कारणतैं इसआकाशादिक प्रपंचके जन्म स्थिति लय होवैहै ॥ सोईहीं ब्रह्महै इति ॥ तहां इतनैंपर्यंत ब्रह्मका तटस्थलक्षण निरूपणकऱ्या ॥ और तातटस्थलक्षणकेज्ञानहूएभी जबपर्यंत ताब्रह्मकेस्वरूपलक्षणकाज्ञान नहींहोवैहै ॥ तब पर्यंत सोब्रह्म यथावत्स्वरूपकरिकै जान्याजावैनहीं ॥ यातैं तातत्पदार्थरूपब्रह्मका अब स्वरूपलक्षण कहेहैं ॥ तहां (स्वरूपंसत्व्यावर्त्तकं स्वरूपलक्षणं) अर्थयह ॥ जोलक्षण आपणेलक्ष्यकास्वरूपभूतहूआ ताआपणेलक्ष्यकूं अन्यपदार्थोंसैंभिन्नकरावैहै ॥ सोलक्षण स्वरूपलक्षण कह्याजावैहै ॥ जैसे पृथिवीका पृथिवीत्व स्वरूपलक्षणहै ॥ तहां जाति व्यक्ति दोनोंका सिद्धांतविषे तादात्म्यहीं अंगीकारकऱ्याहै ॥ यातैं तापृथिवीत्वजातिकाभी तापृथिवीव्यक्तिकेसाथि तादात्म्यहींहै ॥ यातैं सापृथिवीत्वजाति तापृथिवीकास्वरूपभूतहूई तापृथिवीकूं जलादिकइतरपदार्थोंतैंभिन्नकरावैहै ॥ यातैं सापृथिवीत्वजाति

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तापृथिवीका स्वरूपलक्षणहै ॥ तैसे सत्य ज्ञान आनंद यहतीनों ब्रह्मकेस्वरूपलक्षणहैं ॥ तहां तेसत्यादिकतीनों ताब्रह्मकास्वरूपभूतहूए ताब्रह्मकूं असत्जडदुःखरूपजगत्तैं भिन्नकरावैहैं ॥ यातैं तिनसत्यादिकोंविषे ब्रह्मकास्वरूपलक्षणपणा संभवैहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ सत्यादिकोंकूं जोब्रह्मकास्वरूप मानोंगे ॥ तौं तिनसत्यादिकोंविषे ब्रह्मकालक्षणपणा नहींहोवैंगा ॥ तथा ताब्रह्मविषे तासत्यादिकलक्षणका लक्ष्यपणा नहींहोवैंगा ॥ जिसकारणतैं सोलक्ष्यलक्षणभाव भेदकेअधीनहींहोवैहै ॥ अभेदविषे सोलक्ष्यलक्षणभाव होतानहीं ॥ जोकदाचित् अभेदविषेभी सोलक्ष्यलक्षणभाव होताहोवै ॥ तौं पृथिवीभी पृथिवीकालक्षणहोणाचाहिये ॥ तथा ब्रह्मभी ब्रह्मकालक्षणहोणाचाहिये ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ तेसत्यादिक यद्यपि वास्तवतैं ब्रह्मकास्वरूपहींहैं ॥ तथापि तिनसत्यादिकोंविषे ब्रह्मकाकल्पितभेद हम अंगीकारकरेहैं ॥ ताकल्पितभेदकूंअंगीकारकरिकैहीं ताब्रह्मका तथासत्यादिकोंका लक्ष्यलक्षणभाव संभवैहै ॥ यहवार्त्ता वृद्धपुरुषोंनैंभीकहीहै ॥ तहांश्लोक ॥ (आनंदोविषयानुभवोनित्यत्वंचेतिसंतिधर्माः ब्रह्मणोऽपृथक्क्षेपिपृथगिवावभासंतइति) अर्थयह ॥ आनंद ज्ञान नित्यता यहतीनोंधर्म ब्रह्मकेहैं ॥ तेतीनों धर्म वास्तवतैं ब्रह्मतैंअपृथक्हूएभी पृथक्हूएकीन्यांई प्रतीतहोवैहैं इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ तेसत्यादिकधर्म जोवास्तवतैं ब्रह्मतैंअपृथक्हींहोवैं ॥ तौं तिनसत्यादिकोंकी ब्रह्मतैंपृथक्होइकैप्रतीति किसकारणतैंहोवैहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ अंतःकरण तथाताअंतःकरणकेधर्मरूपउपाधिकेवशतैं तिनसत्यादिकोंकी ताब्रह्मतैंपृथक्प्रतीति बनिसकेहै ॥ सोदिखावैहैं ॥ तहां बाधाऽभावविशिष्टचैतन्य सत्यपदका वाच्य अर्थहै ॥ और वृत्तिअवच्छिन्नचैतन्य ज्ञानपदका वाच्यअर्थहै ॥ और प्रीतिआदिकवृत्तिअवच्छिन्नचैतन्य आनंदपदका वाच्यअर्थहै ॥ यातैं तिनसत्यादिकोंका तथाब्रह्मका वास्तवतैंभेदकेअभावहूएभी उपाधि

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कृतभेदकेविद्यमानहूए सोलक्ष्यलक्षणभाव संभवैहै ॥ और तेसत्यादिकपद भागत्यागलक्षणाकरिकै अ खंडब्रह्मकूंहीं बोधनकरेहैं ॥ यातैं तालक्षणवाक्यतैं सत्यादिकोंका तथाब्रह्मका गुणगुणीभाव सिद्धहोवै नहीं ॥ और तिनसत्यादिकपदोंकेवाच्यअर्थकाभेद पूर्वकथनकऱ्याहै ॥ यातैं तिनसत्यादिकपदोंविषे पर्यायताभीहोवैनहीं ॥ अब तालक्षणवाक्यविषेस्थितसत्यादिकपदोंकेप्रयोजनकानिरूपणकरेहैं ॥ तहां । सत्यंब्रह्म । इतनामात्रहीं जोताब्रह्मकास्वरूपलक्षणकरते ॥ तौं नैयायिकोंनैं अंगीकारकरी जासत्ताजा तिहै तिसविषे तालक्षणकीअतिव्याप्तिहोती ॥ तथा तालक्ष्यब्रह्मकूं जडपणेकीप्राप्तिहोती ॥ तादोषकेनि वृत्तकरणेवासतै तालक्षणविषे ज्ञान यहपद कथनकऱ्याहै ॥ तहां तासत्ताजातिविषे ज्ञानरूपताहैनहीं ॥ यातैं तासत्ताविषे तालक्षणकीअतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ तथा ब्रह्मविषेभी जडपणाहोवैनहीं ॥ किंवा । ज्ञानंब्रह्म । इतनामात्रहीं जोब्रह्मकालक्षणकरते ॥ तौं नैयायिकोंनैं अंगीकारकऱ्याजो आत्माकाज्ञान गुणहै ताकेविषे तालक्षणकीअतिव्याप्तिहोती ॥ तथा तालक्ष्यब्रह्मकूं अनित्यपणा तथाअपुरुषार्थपणा प्राप्तहोता ॥ तादोषकेनिवृत्तकरणेवासतै तालक्षणविषे आनंद यहपद कथनकऱ्याहै ॥ तहां ताज्ञानगुण विषे आनंदरूपताहैनहीं ॥ यातैं ताज्ञानगुणविषे तालक्षणकीअतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ तथा तालक्ष्यब्रह्म कूं अपुरुषार्थरूपताभी होवैनहीं ॥ किंवा । आनंदोब्रह्म । इतनामात्रहीं जोताब्रह्मकालक्षणकरते ॥ तौं विषयजन्यसुखविषे तालक्षणकीअतिव्याप्तिहोती ॥ और तालक्ष्यब्रह्मकूं जडपणाभीप्राप्तहोता ॥ तादोषकेनिवृत्तकरणेवासतै तालक्षणविषे ज्ञान यहपद कथनकऱ्याहै ॥ ताविषयसुखविषे ज्ञानरूपताहै नहीं ॥ यातैं ताकेविषे अतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ तथा तालक्ष्यब्रह्मकूं जडपणाभीहोवैनहीं ॥ और ताल क्ष्यब्रह्मकेअनित्यपणेकेनिवृत्तकरणेवासतै सत्य यहपद कथनकऱ्याहै ॥ इसप्रकारकेप्रयोजनवालेहोणेतैं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तेसत्यादिकतीनोंपद सार्थकहैं ॥ यातैं सत्य ज्ञान आनंद यहतीनोंधर्म मिलिकै ब्रह्मकास्वरूपलक्षणहोवैहैं इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ तिनसत्यादिकोंकूं ब्रह्मकास्वरूपलक्षणपणा तबीसिद्धहोवै ॥ जबी ताब्रह्मकी सत्यादिरूपता किसीप्रमाणकरिकैसिद्धहोवै ॥ ॥समाधान॥ ॥ ताब्रह्मकीसच्चिदानंदरूपताविषे साक्षात्श्रुतिभगवतीहीं प्रमाणहै ॥ तथा व्यासभगवान्कासूत्रभी प्रमाणहै ॥ तहांश्रुति॥ (सत्यंज्ञानमनंतं ब्रह्मआनंदोब्रह्म) अर्थयह॥ ब्रह्म सत्यरूपहै तथाज्ञानरूपहै तथाअनंतरूपहै तथाआनंदरूपहै इति॥ ईहां अंतनाम परिच्छेदकाहै सो जिसविषे नहींविद्यमानहोवै ताकानाम अनंतहै ॥ अर्थात् देशपरिच्छेद कालपरिच्छेद वस्तुपरिच्छेद इनतीनपरिच्छेदरूपअंततैंजोरहितहोवै ताकानाम अनंतहै ॥ ऐसीअनंतरूपता ब्रह्मविषेहींहै ॥ यहवार्ता अन्यशास्त्रविषेभीकहीहै ॥ तहांश्लोक ॥ (नव्यापित्वाद्देशतोंऽतोनित्यत्वान्नापिकालतः नवस्तुतोपिसार्वात्म्यादानंत्यंब्रह्मणित्रिधा) अर्थयह ॥ ब्रह्म सर्वदेशविषेव्यापकहै ॥ यातैं ताब्रह्मका देशतैंभीअंत नहींहै ॥ और सोब्रह्म नित्यहै ॥ यातैं ताब्रह्मका कालतैंभीअंतनहींहै ॥ और सोब्रह्म सर्वकाआत्मारूपहै ॥ यातैं ताब्रह्मका वस्तुतैंभीअंतनहींहै ॥ इसरीतिसैं ताब्रह्मविषे तीन प्रकारकाअनंतपणाहै इति ॥ तहां व्याससूत्र ॥ (आनंदादयःप्रधानस्य) अर्थयह ॥ आनंद सत्य ज्ञान इत्यादिकगुण ब्रह्मकेस्वरूपभूतहूए ताब्रह्मकेलखावणेहारेहैं ॥ यातैं निर्गुणब्रह्मकेध्यानवासतै तिनआनंदादिकगुणोंका वेदकीसर्वशाखावोंविषे उपसंहार करणेयोग्यहै इति ॥ इसउक्तश्रुतिसूत्रकरिकै ताब्रह्मकीसत्यज्ञानादिरूपतासिद्धहै ॥ यातैं तिनसत्यज्ञानादिकोंविषे ब्रह्मकास्वरूपलक्षणपणा संभवैहै इति ॥

॥ शंका ॥ ॥ इसस्वरूपलक्षणकेसंभवहूएभी पूर्वकथनकऱ्याजो जगत्केउत्पत्तिस्थितिलयकाकारणत्वरूप ब्रह्मकातटस्थलक्षण सोसंभवतानहीं ॥ काहेतैं ब्रह्मकूं तुमोंनैं जगत्का उपादानकारण तथानि

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मित्तकारण मान्याहै ॥ ताकेविषे प्रथम उपादानकारणपणाहीं ब्रह्मकूं संभवतानहीं ॥ काहेतैं सोउपादानकारण आरंभक १ परिणामी २ विवर्त्ताऽधिष्ठान ३ इसभेदकरिकै तीनप्रकारकाहोवैहै ॥ तिनतीनों विषे ब्रह्मकूं कौंनउपादानकारण तुम मानतेहो ॥ तहां तुमारेमतविषे सोब्रह्म एकअद्वितीयरूपहै ॥ यातैं ताब्रह्मकूं जगत्काआरंभकपणा संभवतानहीं ॥ परस्परसंयुक्तअनेकद्रव्योंकूंहीं आरंभकपणाहोवैहै ॥ जैसे नैयायिकोंकेमतविषे परस्परसंयुक्तअनेकपरमाणुवोंकूं जगत्काआरंभकपणाहै ॥ और (साक्षीचेताःकेवलोनिर्गुणश्च निष्कलंनिष्क्रियंशांतं अविकार्योयमुच्यते) इत्यादिकश्रुतिस्मृतियोंनैं ताब्रह्मकूं निर्गुण निष्क्रिय निरवयव कह्याहै ॥ यातैं ताब्रह्मकूं परिणामीउपादानपणाभी संभवतानहीं ॥ जिसकारणतैं गुणक्रियावालेसावयवदुग्धादिकहीं दधिआदिकपरिणामकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ और तीसरा विवर्त्ताऽधिष्ठानत्वरूपउपादानपणाभी ब्रह्मकूं संभवतानहीं ॥ काहेतैं घटःसन् पटःसन् इसप्रकार घटपटादिकप्रपंचका सत्यरूपकरिकैहीं लोकोंकूंअनुभवहोवैहै ॥ ऐसेसत्यप्रपंचकूं ब्रह्मकीविवर्त्तरूपताकरिकै मिथ्यापणाकल्पनाकरणेविषे कोईभीप्रमाणनहींहै ॥ और ताप्रपंचकेमिथ्यापणेतैंविना ताब्रह्मकूं विवर्त्ताऽधिष्ठानपणा संभवतानहीं ॥ यातैं उक्ततीनप्रकारकेउपादानपणेविषे कोईप्रकारकाभीउपादानपणा ताब्रह्मकूं संभवतानहीं ॥ किंवा ताब्रह्मकूं जगत्काकर्त्तापणाभी संभवतानहीं ॥ काहेतैं कार्यकीउत्पत्तिकेअनुकूल ज्ञान इच्छा प्रयत्न यहतीन जिसविषेरहेहैं सो कर्त्ताहोवैहै ॥ यह पूर्वकहिआयेहैं ॥ तहां तेब्रह्मके ज्ञानइच्छाप्रयत्नतीनों नित्यहैं अथवा अनित्यहैं ॥ जोकहोनित्यहै ॥ तौं सर्वकालविषे जगत्कीउत्पत्तिहींहोणीचाहिये ॥ कोईभीकालविषे जगत्काप्रलयनहींहोणाचाहिये ॥ ताकरिकै प्रलयकेप्रतिपादनकरणेहारेशास्त्रकाविरोधहोवैगा ॥ और जोकहो तेज्ञानादिकअनित्यहैं ॥ तौं जगत्कीन्याई तेज्ञानइच्छा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दिकभी कार्यरूपहींहोवैंगे ॥ यातैं तिनज्ञानादिकोंकूं ब्रह्मकाआश्रितपणा नहींहोवैंगा ॥ जिसकारण तैं ब्रह्मकूं पूर्व अपरिणामीपणाहीं कथनकरिआयेहैं ॥ इसप्रकार ताब्रह्मविषे उपादानपणेके तथाकर्त्ता पणेके असंभवहूए अभिन्ननिमित्तउपादानकारणताभी संभवैनहीं ॥ यातैं पूर्वकथनकऱ्या जगत्केउत्प त्तिस्थितिलयकीकारणतारूप ब्रह्मकातटस्थलक्षण असंगतहै ॥ और कारणतैंविना कार्यकीउत्पत्तिहोती नहीं ॥ यातैं इसजगत्रूपकार्यकाभी ताब्रह्मतैंभिन्न कोईकारण मान्याचाहिये ॥ सोऐसाकारण सत्व रज तम यहतीनगुणरूप प्रधानहै ॥ ताप्रधानतैंहीं महत्तत्वादिकक्रमकरिकै यहजगत्उत्पन्नहोवैहै ॥ तिसप्रधा नकूं परिणामीरूपहोणेतैं जगत्केजन्मादिकोंकीकारणता संभवैहै ॥ और आत्मारूपपुरुषतौं असंगहै तथा निर्विकारहै ॥ यातैं तापुरुषविषे जगत्कीकारणतासंभवतीनहीं ॥ इसप्रकारकीशंकाकरणेहारे सांख्यीयों केखंडनकरणेवासतै ताउक्ततत्पदार्थका विभागकरेहैं ॥ सोतत्पदकाअर्थ दोप्रकारकाहोवैहै ॥ एकतौं वा च्यअर्थहोवैहै ॥ और दूसरा लक्ष्यअर्थहोवैहै ॥ तहां जोअर्थ जिसपदकीशक्तिवृत्तिकरिकै जान्याजावैहै ॥ सोअर्थ तिसपदका वाच्यअर्थ कह्याजावैहै ॥ और जोअर्थ जिसपदकीलक्षणावृत्तिकरिकै जान्याजावैहै ॥ सोअर्थ तिसपदका लक्ष्यअर्थ कह्याजावैहै ॥ ताशक्तिलक्षणाकास्वरूप आगेद्वितीयपरिच्छेदविषेकहेंगे ॥ तहां मायाउपहितचैतन्यतौं तत्पदका वाच्यअर्थहै ॥ और मायातैंरहितशुद्धचैतन्य तत्पदका लक्ष्यअर्थहै ॥ ईहां यहतात्पर्यहै ॥ यद्यपि मायातैंरहितनिर्विकारशुद्धब्रह्मकूं जगत्काउपादानपणा संभवतानहीं ॥ तथा पि मायाउपहितब्रह्मकूं सोउपादानपणा संभवैहै ॥ सोउपादानपणाभी आरंभकतारूप वापरिणामितारूप नहींहै ॥ किंतु विवर्त्ताऽधिष्ठानत्वरूपहै ॥ तहां अधिष्ठानवस्तुका जोअवास्तवतैं अन्यथाभावहै ताकानाम विवर्त्तहै ॥ जैसे रज्जुशुक्तिआदिकअधिष्ठानका अवास्तवतैं सर्परजतादिरूपअन्यथाभावहै ॥ तैसे ता

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ब्रह्मकाभी यहजगत् अवास्तवतैं अन्यथाभावहै ॥ ऐसेजगत्रूपविवर्त्तका अधिष्ठानपणा तामायाउप हितब्रह्मकूं संभवैहै ॥ किंवा घटःसन् पटःसन् इत्यादिकअनुभवतैं जगत्कासत्यपणाहीं सिद्धहोवैहै ॥ यातैं ताजगत्विषे ब्रह्मकेविवर्त्तपणेकरिकै मिथ्यापणासंभवतानहीं ॥ यहजोपूर्व वादीनैं कथनकऱ्या था ॥ सोभी असंगतहै ॥ काहेतैं सोउक्तअनुभवतौं तिनघटपटादिकोंविषे अधिष्ठानचैतन्यकेसत्यपणे कूंहीं विषयकरेहै ॥ कोईघटादिकोंकेसत्यपणेकूं विषयकरतानहीं ॥ यातैं सोअनुभव ताप्रपंचकेमिथ्या पणेका बाधकनहींहै ॥ और (नेहनानास्तिकिंचन) यहश्रुति ब्रह्मतैंभिन्नसर्वप्रपंचका निषेधकरेहै ॥ यातैं ताप्रपंचकी स्वतःसत्ता संभवतीनहीं ॥ और तावादीनैं जोजगत्केमिथ्यापणेविषे प्रमाणकाअ भाव कह्याथा ॥ सोभीअसंगतहै ॥ जिसकारणतैं (वाचारंभणंविकारोनामधेयं) यहश्रुतिहीं साक्षात् जगत्केमिथ्यापणेकूंकथनकरेहै ॥ किंवा ताब्रह्मकूं जगत्काउपादानपणा अवश्यमान्याचाहिये ॥ का हेतैं (यत्प्रयंत्यभिसंविशंति) यहश्रुति तिसब्रह्मविषेहीं जगत्केलयकूंकथनकरेहै ॥ और जिसकार्य का जिसकारणविषे लयहोवैहै ॥ तिसकार्यका सोकारण उपादानहींहोवैहै ॥ जैसे घटादिककार्यका मृत्तिकादिककारणविषेहीं लयहोवैहै ॥ यातैं ताघटादिककार्यका सोमृत्तिकादिककारण उपादानहीं दे खणेविषेआवैहै ॥ तैसे श्रुतिप्रतिपादित जगत्केलयकाआधारहोणेतैं ताब्रह्मकूं जगत्काउपादानपणा अवश्यमान्याचाहिये ॥ किंवा (बहुस्यांप्रजायेय) इसश्रुतिनैं ब्रह्मकाहींबहुतहोणा कथनकऱ्याहै ॥ और लोकविषे मृत्तिकादिकउपादानकारणोंकाहीं ॥ घटशरावादिरूपतैंबहुतहोणा देखणेविषेआवैहै ॥ याकारणतैंभी ताब्रह्मकूंहीं जगत्काउपादानपणा संभवैहै ॥ किंवा सांख्यवादीनैं जोप्रधानकूंज गत्काउपादान मान्याथा ॥ सोसंभवतानहीं ॥ काहेतैं सोप्रधान जगत्काउपादानकारणहै इसअर्थ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विषे कोईभीप्रमाणनहींहै ॥ अर्थात् कोईभीश्रुतिविषे त्रिगुणात्मकप्रधानकूं जगत्काउपादानपणा क
ह्यानहीं ॥ किंतु (आत्मनआकाशःसंभूतः) इत्यादिकसर्वश्रुतियोंविषे चेतनब्रह्मकूंहीं जगत्काउपादा
नपणा कथनकऱ्याहै ॥ यद्यपि इसउक्तश्रुतितैं आत्माकूंहीं उपादानता प्रतीतहोवैहै ॥ ब्रह्मकूं उपादा
नता प्रतीतहोतीनहीं ॥ तथापि (तत्सृष्ट्वातदेवानुप्राविशत्) इत्यादिकश्रुतियोंविषे ब्रह्मकाहीं जीव
भावकरिकै जगत्विषेप्रवेश कथनकऱ्याहै ॥ यातैं यहआत्मा ब्रह्मतैंभिन्ननहींहै ॥ किंतु सोब्रह्महीं आ
त्मारूपहै ॥ यातैं आत्मा जगत्काउपादानकारणहै इसकहणेतैंभी ताब्रह्मकूंहीं उपादानतासिद्धहोवै
है ॥ किंवा (तदैक्षत सोऽकामयत बहुस्यांप्रजायेय) इत्यादिकश्रुतियोंविषे बहुतरूपहोणेहारेकारण
निष्ठ ईक्षणकाकर्त्तापणा तथाकामनाकाकर्त्तापणा कथनकऱ्याहै ॥ तिसतैंभी ब्रह्मकूंहीं उपादानतासि
द्धहोवैहै ॥ ताप्रधानकूं उपादानतासिद्धहोवैनहीं ॥ काहेतैं सोईक्षणकामनाकाकर्त्तापणा चेतनकाहीं
धर्महोवैहै ॥ जडकाधर्म होतानहीं ॥ और सोतुमाराप्रधानभी जडहै ॥ यातैं ताप्रधानविषे सोईक्षणका
मनाकाकर्त्तापणा संभवतानहीं ॥ यातैं ताब्रह्मकूंहीं जगत्काउपादानपणाहै ताप्रधानकूंनहींहै यह
सिद्धभया ॥ किंवा जैसे तामायाउपहितब्रह्मकूं जगत्काउपादानपणा संभवैहै ॥ तैसे जगत्काकर्त्ता
पणाभी तामायाउपहितब्रह्मकूंहीं संभवैहै ॥ सोपूर्व कथनकरिआयेहैं ॥ और तामायाउपहितईश्वरके
ज्ञान इच्छा प्रयत्न यहतीनों जन्यहोवैहैं तथाअनित्यहोवैहैं ॥ ऐसेज्ञानइच्छाप्रयत्नकाआश्रयपणा य
द्यपि निर्विकारशुद्धब्रह्मकूं संभवतानहीं ॥ तथापि तामायाउपहितब्रह्मकूं तिनोंकाआश्रयपणा संभवै
है ॥ जिसकारणतैं तामायाउपहितब्रह्मकूंहीं सर्वविवर्त्तजगत्का अधिष्ठानपणाहै ॥ यातैं सोपूर्वउक्तदो
ष प्राप्तहोवैनहीं ॥ यातैं सोपूर्वउक्त अभिन्ननिमित्तउपादानकारणत्व ब्रह्मकातटस्थलक्षण संभवैहै यहसि

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

द्धभया इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ जिसमायाकरिकैउपहितहूआब्रह्म जगत्काकारणहोवैहै ॥ सामाया क्यावस्तुहै ॥ अर्थात् तामायाका स्वरूप तथालक्षण तथाप्रमाण तीनों निरूपणहोइसकतेनहीं ॥ यातैं सा माया कोईवस्तुनहींहै ॥ अब तामायाके स्वरूप लक्षण प्रमाण इनतीनोंकेअसंभवकूं यथाक्रमतैं निरूपण करेहैं ॥ तहां सामाया सत्यहै अथवा मिथ्याहै ॥ तहां प्रथमसत्यपक्षविषेभी सामाया ब्रह्मतैं भिन्नहै अथ वा अभिन्नहै ॥ तहां प्रथम भिन्नपक्षजोअंगीकारकरोंगे ॥ तौं (एकमेवाद्वितीयंब्रह्म) इसश्रुतिकाविरो धहोवैंगा ॥ काहेतैं यहश्रुति ब्रह्मकूं अद्वितीयकहेहै ॥ साब्रह्मकीअद्वितीयरूपता ब्रह्मतैंभिन्नसत्यमाया केविद्यमानहूए संभवतीनहीं ॥ किंवा (असंगोनहिसज्जते) इत्यादिकश्रुतियोंविषे ब्रह्मकूं असंगकह्या है ॥ ऐसेअसंगब्रह्मका कोईकेसाथिभी संबंधसंभवतानहीं ॥ तासंबंधतैंविना ब्रह्मविषे मायाउपहितप णाहीं संभवतानहीं ॥ किंवा ताब्रह्मका मायाकेसाथि कौंनसंबंधहै ॥ संयोगसंबंधहै ॥ अथवासमवाय संबंधहै ॥ अथवा तादात्म्यसंबंधहै ॥ अथवा भेदाऽभेदसंबंधहै ॥ तहां प्रथम संयोगपक्षतौं संभवतान हीं ॥ काहेतैं सोसंयोग अव्याप्यवृत्तिहोणेतैं सावयवद्रव्योंकाहींधर्महोवैहै ॥ जैसे पक्षीका जोवृक्षकेसा थि संयोगहै ॥ सोसंयोग सर्ववृक्षविषेरहतानहीं ॥ किंतु तावृक्षके कोईकशाखारूपदेशविषेहीं सोसंयोग रहेहै ॥ मूलादिकदेशविषेरहतानहीं ॥ यातैं सोसंयोग अव्याप्यवृत्तिहै ॥ याकारणतैंहीं सोसंयोग ताप क्षीवृक्षरूपसावयवद्रव्यकाहीं धर्महै ॥ और ब्रह्मतौं निरवयवहै ॥ यातैं ताब्रह्मका मायाकेसाथि संयोग संबंध संभवतानहीं ॥ और दूसरा समवायपक्षभी संभवतानहीं ॥ जिसकारणतैं सोसमवायसंबंध तुमा रेमतविषे अंगीकारहींनहींहै ॥ और गुणगुणी क्रियाक्रियावान् जातिव्यक्ति अवयवअवयवी इनोंका हीं समवायसंबंधहोवैहै ॥ तेगुणगुणीभावादिक ब्रह्ममायाविषेहैंनहीं ॥ यातैं ताब्रह्मका मायाकेसाथि सो

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समवायसंबंध संभवताहींनहीं ॥ और तीसरा तादात्म्यपक्षभी संभवतानहीं ॥ काहेतैं भेदतैंरहितपदा
र्थोंकाहीं सोतादात्म्यहोवैहै ॥ और ब्रह्म माया दोनों परस्परभेदवालेहैं ॥ यातैं तिनदोनोंका परस्पर
तादात्म्य संभवतानहीं ॥ और चतुर्थ भेदाऽभेदपक्षभी संभवतानहीं ॥ काहेतैं तेभेदअभेददोनों परस्पर
विरुद्धहोणेतैं एकअधिकरणविषे रहतेनहीं ॥ इसप्रकार ब्रह्मका मायाकेसाथि संबंधकेअनिरूपणहूए ता
ब्रह्मविषे मायाउपहितपणा संभवतानहीं ॥ और सामाया ब्रह्मतैंअभिन्नहै यहद्वितीयपक्ष जोअंगीकार
करो ॥ सोभी संभवतानहीं ॥ काहेतैं ब्रह्मतौं चेतनहै और माया जडहै ॥ ताजडचेतनका अभेद सं
भवतानहीं ॥ और सामाया मिथ्याहै यहआद्यद्वितीयपक्ष जोअंगीकारकरो ॥ सोभी संभवतानहीं ॥
काहेतैं तामायाकेमिथ्याहूए तामायाविशिष्टईश्वरकूंभी मिथ्यापणा प्राप्तहोवैंगा ॥ और ताईश्वरकूंभी
जोमिथ्यामानोंगे ॥ तौं ताईश्वरकेज्ञानतैं मोक्षकीप्राप्तिकूंकथनकरणेहारा मोक्षशास्त्रहीं अप्रमाणहोवैंगा ॥
जिसकारणतैं मिथ्यावस्तुकेज्ञानकरिकै मोक्षकीप्राप्तिसंभवतीनहीं ॥ इसउक्तप्रकारतैं तामायाकास्वरूप
दुर्निरूप्यहै ॥ और तामायाकेदुर्निरूप्यहूए तामायाकालक्षणभी दुर्निरूप्यहींहै ॥ काहेतैं धर्मीकेविद्यमा
नहूएहीं ताकेधर्मोंकाविचारहोवैहै ॥ जबी सोधर्मीहीं दुर्निरूप्यहोवैहै ॥ तबी ताधर्मीकाअसाधारणध
र्मरूपलक्षणतौं अत्यंत दुर्निरूप्यहोवैहै ॥ और तामायाकेदुर्निरूप्यहूए तामायाकाप्रमाणभी दुर्निरूप्यहीं
है ॥ जिसकारणतैं विषयतैंविना कोईभीप्रमाणकीप्रवृत्तिहोतीनहीं ॥ इसप्रकार स्वरूप लक्षण प्रमाण
इनतीनोंकरिकै मायाकूंदुर्निरूप्यहूए तामायाउपहितचैतन्यकूं तत्पदकावाच्यार्थपणा संभवतानहीं ॥
ऐसीशंकाकेप्राप्तहूए ॥ अब स्वरूप लक्षण प्रमाण इनतीनोंसहित मायाकेनिरूपणकरणेवासतै प्रथम ता
केउपोद्घातकरिकै दृष्टांतसहित परमात्माविषे सामान्यतैंअध्यासकूं निरूपणकरेहैं ॥ तहां आगेप्रतिपा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दनकरणेयोग्यअर्थकूं बुद्धिविषेराखिकै तिसअर्थकीसिद्धिवासतै जोपूर्व अन्यअर्थकाकथनहै ताकानाम उपोद्घातहै ॥ तहां जैसे शुक्तिरज्जुआदिकोंविषे रजतसर्पादिक कल्पितहोवैहैं ॥ तैसे चेतनविषे अचेतन कल्पितहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ चेतनविषे अचेतन कल्पितहै इसअर्थविषे कौंनप्रमाणहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ इसअर्थविषे श्रुताऽर्थापत्तिहीं प्रमाणहै ॥ तहां श्रवणकऱ्येहूएवाक्यार्थकीअनुपपत्तिकरिकै जोअर्थांतरकीकल्पनाहै ताकानाम श्रुताऽर्थापत्तिहै ॥ सोप्रकार दिखावैहैं ॥ तहां (इदंसर्वंयदयमात्मा । आत्मैवेदंसर्वं । ब्रह्मैवेदंसर्वं । पुरुषएवेदंविश्वं । सर्वंखल्विदंब्रह्म । वासुदेवःसर्वं । नारायणःसर्वमिदंपुराणः) इत्यादिकअनेकश्रुतिस्मृतिवाक्योंविषे चेतनतैंभिन्नकरिकै अचेतनकाअभावहीं प्रतिपादनकऱ्याहै ॥ तहां इनउक्तश्रुतिवचनोंविषे । इदंसर्वं । इसवचनकरिकैतौं प्रत्यक्षादिकप्रमाणकरिकैसिद्ध यहआकाशादिकजडजगत् कथनकऱ्याहै ॥ और आत्मा ब्रह्म पुरुष वासुदेव नारायण इनशब्दोंकरिकै अद्वितीय तथासर्वकासाक्षी तथाप्रत्यक्रूप ऐसापरमात्मा कथनकऱ्याहै ॥ तहां प्रथमश्रुतिविषे प्रपंचकावाचक जो इदंसर्वं यहशब्दहै ॥ तथा परमात्माकावाचक जो आत्मा यहशब्दहै ॥ तिनदोनोंशब्दोंका सामानाधिकरण्य प्रतीतहोवैहै ॥ तहां जडजगत्का तथाचेतनआत्माका वास्तवतैंएकपणा संभवतानहीं ॥ यातैं चेतनअचेतनका अभेदप्रतिपादकत्वरूप मुख्यसामानाधिकरण्यतौं तहांसंभवतानहीं ॥ किंतु जैसे (योऽयंचोरःसस्थाणुः) इसवचनविषे चोर स्थाणु इनदोनोंशब्दोंका बाधसामानाधिकरण्यहै ॥ तैसे ताउक्तश्रुतिविषे आत्मा सर्व इनदोनोंपदोंकाभी बाधसामानाधिकरण्यहींहै ॥ अर्थात् जैसे दृष्टांतवाक्यविषे चोर स्थाणु इनदोनोंपदोंकेसामानाधिकरण्यतैं स्थाणुतैंभिन्नकरिकै चोरकाअभाव प्रतीतहोवैहै ॥ तैसे दार्ष्टांतिकश्रुतिवाक्यविषेभी आत्मा सर्व इनदोनोंपदोंकेसामानाधिकरण्यतैं आत्मातैंभिन्नकरिकै सर्वजडजगत्काअभावहीं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रतीतहोवैहै ॥ अर्थात् प्रपंचाभाववान्आत्मा याप्रकारकाबोध ताश्रुतिवाक्यतैंहोवैहै ॥ तहां सोजड प्रपंचकाअभाव तबीसंभवै ॥ जबी ताजडप्रपंचकूं ब्रह्मविषे कल्पितमानिये ॥ ताप्रपंचकेकल्पितपणेतैं विना सोप्रपंचकाअभावसंभवतानहीं ॥ यातैं सोश्रुतिउक्त जडप्रपंचकाअभाव आपणेप्रतियोगीभूतज डप्रपंचकेकल्पितपणेतैंविना अनुपपन्नहूआ ताजडप्रपंचकेकल्पितपणेकूं कल्पनाकरावैहै ॥ इसप्रकारकी श्रुतार्थापत्तिकरिकैहीं चेतनविषे अचेतनकाकल्पितपणा निश्चयहोवैहै ॥ इसप्रकारकाअर्थ पूर्वउक्तदू सरेश्रुतिस्मृतिवचनोंकाभी जानिलेणा इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ पूर्व चेतनविषे अचेतनकूं कल्पितक ह्या ॥ तहां चेतन कौंनवस्तुहै तथाअचेतन कौंनवस्तुहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ नित्य शुद्ध बुद्ध मु क्त सत्य परमानंद अद्वय ऐसाजोब्रह्महै सोचेतन कह्याजावैहै ॥ और अज्ञानतैंआदिलैकेजितनाकी जडसमूहहै सोअचेतन कह्याजावैहै ॥ अब ताब्रह्मके नित्यादिकसप्तविशेषणोंकाफल तथातिनोंविषेश्रु तिप्रमाण कथनकरेहैं ॥ तहां ब्रह्मविषे वास्तवतैं कोईभीअनात्मवस्तुकातादात्म्य नहींहै ॥ तथापि भ्रां तिकरिकै ताब्रह्मविषे अनात्मवस्तुकातादात्म्य प्रतीतहोवैहै ॥ ताभ्रांतिसिद्धतादात्म्यकूं तेनित्यादिकवि शेषण निवृत्तकरेहैं ॥ ताकेविषेभी कार्यप्रपंचकेतादात्म्यकूं नित्य यहविशेषण निवृत्तकरेहै ॥ सोब्रह्मका नित्यपणा (आकाशवत्सर्वगतश्चनित्यः) इत्यादिकश्रुतिप्रमाणकरिकैहींसिद्धहै ॥ और ताकार्यप्रपंचके धर्मोंकेतादात्म्यकूं शुद्ध यहविशेषण निवृत्तकरेहै ॥ सोब्रह्मकाशुद्धपणा (अस्नाविरंशुद्धमपापविद्धं) इ त्यादिकश्रुतिप्रमाणकरिकैहींसिद्धहै ॥ तहां रागद्वेषादिकविकारोंतैंजोरहितपणाहै यहहीं ताब्रह्मविषेशु द्धपणाहै ॥ और कारणभूतअज्ञानकेतादात्म्यकूं बुद्ध यहविशेषण निवृत्तकरेहै ॥ तहां सर्वदा एकरसज्ञा नरूपताकानाम बुद्धपणाहै ॥ सोब्रह्मकाबुद्धपणा (प्रज्ञानघनः) इत्यादिकश्रुतिप्रमाणकरिकैहींसिद्धहै ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और अज्ञानकृतआवरणादिकोंकेतादात्म्यकूं मुक्त यहविशेषण निवृत्तकरेहै ॥ तहां बंधतैंरहितपणेकाना
म मुक्तपणाहै ॥ सोब्रह्मकामुक्तपणा (विमुक्तश्चविमुच्यते) इत्यादिकश्रुतिप्रमाणकरिकैहींसिद्धहै ॥
और मिथ्यापणेकूं सत्य यहविशेषण निवृत्तकरेहै ॥ तहां तीनकालविषे जाकाबाधनहींहोवै सो सत्यक
ह्याजावैहै ॥ सोब्रह्मकासत्यपणा (सत्यंज्ञानमनंतंब्रह्म । सदेवसोम्येदमग्रआसीत्) इत्यादिकश्रुतिप्रमा
णकरिकैहींसिद्धहै ॥ और आनंद यहविशेषण ताब्रह्मकेपुरुषार्थपणेकूं कथनकरेहै ॥ साब्रह्मकीआनंदरू
पता (आनंदोब्रह्मेतिव्यजानात् विज्ञानमानंदंब्रह्म) इत्यादिकश्रुतिप्रमाणकरिकैहींसिद्धहै ॥ और अ
द्वय यहविशेषण ताब्रह्मकी अखंडएकरसताकूं कथनकरेहै ॥ तहां नहींविद्यमानहैद्वैतजिसविषे ताका
नाम अद्वयहै ॥ अर्थात् भेदवादीयोंनैं कल्पनाकऱ्येजेपंचभेदहैं तिनोंतैंरहितकानाम अद्वयहै ॥ तेपंच
भेद यहहैं ॥ जीवोंका परस्परभेद ॥ १ ॥ जीव ईश्वर दोनोंका परस्परभेद ॥ २ ॥ घटादिकजडपदा
र्थोंका परस्परभेद ॥ ३ ॥ ईश्वरका तथाजडजगत्का परस्परभेद ॥ ४ ॥ जीवका तथाजडजगत्का प
रस्परभेद ॥ ५ ॥ इसप्रकार जीवईश्वरादिरूपप्रतियोगीयोंकेभेदकरिकै तेभेद पंचप्रकारकेहोवैहैं ॥ ते
सर्वभेद कल्पितहैं ॥ यातैं तिनपंचभेदोंतैंरहितपणा ब्रह्मविषेसंभवैहै ॥ अथवा सजातीयभेद १ विजा
तीयभेद २ स्वगतभेद ३ इनतीनभेदोंतैंजोरहितहोवै ताकानाम अद्वयहै ॥ साब्रह्मकीअद्वयरूपता (ए
कमेवाद्वितीयं) इत्यादिकश्रुतिप्रमाणकरिकैहींसिद्धहै इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ पूर्व अज्ञानादिकजड
समूहकूं अचेतनकह्या ॥ तहां ताअज्ञानका स्वरूपक्याहै तथालक्षणक्याहै तथाप्रमाणक्याहै ॥ ऐसीशं
काकेप्राप्तहूए ॥ अब यथाक्रमतैं ताअज्ञानके स्वरूपकूं तथालक्षणकूं तथाप्रमाणकूं निरूपणकरेहैं ॥ त
हां सोअज्ञान त्रिगुणात्मकहै ॥ अर्थात् सत्व रज तम यहतीनगुणहैं आत्मा कहीये स्वरूप जिसका

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ऐसात्रिगुणात्मक अज्ञानहै ॥ तहां अज्ञानकेकार्यभूतगजत्विषे सुख दुःख मोह रूपता प्रत्यक्षप्रतीतहो वैहै ॥ और तेसुखादिकतीनों यथाक्रमतैं सत्त्वादिकतीनगुणोंकेहींपरिणामहोवैहैं ॥ और कारणकेसमा नस्वभाववालाहींकार्यहोवैहै ॥ यातैं जगत्रूपकार्यविषे त्रिगुणरूपताकूंदेखिकै कारणभूतअज्ञानविषेभी सात्रिगुणरूपता कल्पनाकरीजावैहै ॥ और (अजामेकांलोहितशुक्लकृष्णां) यहश्रुतिभी ताअज्ञानकूं त्रिगुणरूपकहेहै ॥ इनतैंकरिकै अज्ञानकास्वरूपकह्या ॥ अब ताअज्ञानका लक्षणकहेहैं ॥ (सदसद्वि लक्षणं अज्ञानं) अर्थयह ॥ सत्यपदार्थतैं तथाअसत्यपदार्थतैं जो विलक्षणहोवै सो अज्ञानकह्याजावैहै ॥ अर्थात् जिसका सत्यरूपकरिकै तथाअसत्यरूपकरिकै निरूपण नहींहोइसकै सो अज्ञानकह्याजावैहै ॥ तहां अज्ञानकूं जोसत्यमानिये ॥ तौं सत्यब्रह्मकीन्यांई ताअज्ञानका नाशनहींहोणाचाहिये ॥ और ब्र ह्मज्ञानकरिकै ताअज्ञानका नाशहोइजावैहै ॥ यातैं सोअज्ञान सत्यरूपकरिकैभी निरूपणकऱ्याजावै नहीं ॥ और ताअज्ञानकूं जोअसत्यमानिये ॥ तौं असत्यवंध्यापुत्रकीन्यांई ताअज्ञानका प्रत्यक्षनहीं होणाचाहिये ॥ और सोअज्ञानतौं मैंब्रह्मकूंनहींजानताहूं याप्रकारके प्रत्यक्षअनुभवका विषयहूआहीं प्रतीतहोवैहै ॥ यातैं सोअज्ञान असत्यरूपकरिकैभी निरूपणकऱ्याजावैनहीं ॥ याकारणतैं ताअज्ञान कूं अनिर्वचनीयकहेहैं ॥ तहां । असत्विलक्षणंअज्ञानं । इतनामात्रहीं जोताअज्ञानकालक्षणकरते ॥ तौं वंध्यापुत्रादिकअसत्यपदार्थतैंविलक्षण जोसत्यब्रह्महै ताकेविषे तालक्षणकीअतिव्याप्तिहोती ॥ ताअ तिव्याप्तिदोषकेनिवृत्तकरणेवासतै तालक्षणविषे । सत्विलक्षण । यहपद कथनकऱ्याहै ॥ ब्रह्म सत्तैंवि लक्षणनहींहै ॥ यातैं ताकेविषेअतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ और । सत्विलक्षणं अज्ञानं । इतनामात्रहीं जो ताअज्ञानकालक्षणकरते ॥ तौं सत्यब्रह्मतैंविलक्षण जेवंध्यापुत्रादिकअसत्यपदार्थहैं तिनोंविषे तालक्षणकी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अतिव्याप्तिहोती ॥ ताअतिव्याप्तिदोषकेनिवृत्तकरणेवासतै तालक्षणविषे । असत्विलक्षण । यहपद कथन कऱ्याहै ॥ तेवंध्यापुत्रादिक असत्तैंविलक्षणनहींहैं ॥ यातैं तिनोंविषे अतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ और वास्तवतैंविचारकरिकैदेखीयेतौं । सत्विलक्षणं अज्ञानं । इतनामात्रहीं ताअज्ञानकालक्षण संभवैहै ॥ असत् यहपद व्यर्थहींहै ॥ काहेतैं जोकोईअसत्वस्तुहोवै ॥ तौं ताका असत्पणा नहींसंभवैगा ॥ और जोकोईअसत्वस्तुहैहींनहीं ॥ तौं किसविषे तालक्षणकीअतिव्याप्तिहोवैंगी ॥ यातैं ताअज्ञानकेलक्षण विषे । असत्विलक्षण । यहजोपद ग्रंथकारोंनैदीयाहै ॥ सोकेवल शिष्योंकेबुद्धिकीवृद्धिवासतैदीयाहै ॥

॥ शंका ॥ ॥ जैसे अज्ञान सत्तैंविलक्षणहै ॥ तैसे यहकार्यप्रपंचभी तासत्तैंविलक्षणहींहै ॥ यातैं कार्यप्रपंचविषे ताअज्ञानकेलक्षणकीअतिव्याप्तिहोवैहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ ताउक्तलक्षणविषे अनादि इसपदकेकहणेकरिकै साअतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ अर्थात् (सद्विलक्षणमनादि अज्ञानं) यहअज्ञान कालक्षणहै ॥ ताकार्यप्रपंचविषे अनादिपणाहैनहीं ॥ यातैं ताप्रपंचविषे तालक्षणकीअतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ ॥ शंका ॥ ॥ इसउक्तलक्षणकीभी जीवईश्वरविषे अतिव्याप्तिहींहोवैहै ॥ काहेतैं सोजीवईश्वर कल्पितहोणेतैं सत्तैंविलक्षणभीहै तथाअनादिभीहै ॥ तहां (जीवेशावाभासेनकरोति) इसश्रुतिवचनकरिकै तथा (मायाभासेनजीवेशौकरोतीतिश्रुतत्वतः कल्पितावेवजीवेशौताभ्यांसर्वंप्रकल्पितं) इस विद्यारण्यस्वामीकेवचनकरिकै ताजीवईश्वरविषे कल्पितपणाहींसिद्धहोवैहै ॥ और (जीवेशौचविशुद्धाचिद्विभागस्तुतयोर्द्वयोः अविद्यातच्चितोर्योगःषडस्माकमनादयः) अर्थयह ॥ जीव १ ईश्वर २ शुद्धचैतन्य ३ तिनोंकापरस्परभेद ४ अविद्या ५ ताअविद्याकाचेतनकेसाथिसंबंध ६ यहषट्पदार्थ हमारेमतविषे अनादिहैं इति ॥ इससांप्रदायिकवचनतैं ताजीवईश्वरविषे अनादिपणा सिद्धहोवैहै ॥ यातैं ताजी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वईश्वरविषे ताउक्तलक्षणकीअतिव्याप्ति वज्रलेपहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ ताअतिव्याप्तिदोषकेनिवृत्त करणेवासतै तालक्षणविषे । ज्ञाननिवर्त्यं । यहपदभी हम कथनकरेहैं ॥ तहां (यतोज्ञानमज्ञानस्यैवनि वर्त्तकं) इसवचनकरिकै श्रीपंचपादिकाचार्यनैं ज्ञानकरिकै केवलअज्ञानमात्रकीहींनिवृत्ति कथनकरी है ॥ अन्यकीनिवृत्तिकथनकरीनहीं ॥ और जीवईश्वरादिभावकीनिवृत्तितौं ताअज्ञानकीनिवृत्तिकरिकै हींहोवैहै ॥ यातैं ताजीवईश्वरविषे ज्ञानकरिकैनिवर्त्यपणाहैनहीं ॥ यातैं ताजीवईश्वरविषे ताउक्तलक्षण कीअतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ यातैं ताअज्ञानका (सद्विलक्षणमनादिज्ञाननिवर्त्यं अज्ञानं) यहलक्षणसि द्धभया ॥ अथवा (अनाद्युपादानंज्ञाननिवर्त्यं अज्ञानं) यहद्वितीय अज्ञानकालक्षण करणा ॥ तहां इसलक्षणविषे अनादिप्रागभावविषे अतिव्याप्तिकेनिवृत्तकरणेवासतै उपादान यहपद कथनकऱ्याहै ॥ और घटादिककार्योंकेउपादानकारणभूतमृत्तिकादिकोंविषे अतिव्याप्तिकेनिवृत्तकरणेवासतै अनादि य हपद कथनकऱ्याहै ॥ और अनादि तथाविवर्त्तउपादानरूप ब्रह्मविषे अतिव्याप्तिकेनिवृत्तकरणेवासतै ज्ञाननिवर्त्य यहपद कथनकऱ्याहै ॥ ईहां अज्ञानविषे परिणामिउपादानता ग्रहणकरणी ॥ और केईक वादी ज्ञानकेअभावकूंहीं अज्ञानकहेहैं ॥ तिनोंकेखंडनकरणेवासतै सिद्धांतविषे ताअज्ञानकूं भावरूपमा न्याहै इति ॥ अब ताअज्ञानविषे प्रमाणकूंकहेहैं ॥ तहां अहंब्रह्मनजानामि अर्थात् मैंब्रह्मकूंनहींजान ताहूं याप्रकारका अज्ञानविषयकप्रत्यक्षअनुभव सर्वप्राणीयोंकूंहोवैहै ॥ यातैं ताअज्ञानविषे एकतौं यह प्रत्यक्षहींप्रमाणहै ॥ और दूसरा श्रुतिस्मृतिभीप्रमाणहै ॥ तहांश्रुति ॥ (तेध्यानयोगानुगताअपश्यन् देवात्मशक्तिंस्वगुणैर्निगूढां) अर्थयह ॥ कालस्वभावादिककारणोंविषे नानाप्रकारकेदोषोंकाविचारकरि कै जगत्केकारणकानिश्चयकरणेवासतै ब्रह्मकेध्यानपरायणहूए तेब्रह्मवेत्तापुरुष देवात्मशक्तिकूंहीं जग

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

त्काकारणरूपकरिकैदेखतेभये ॥ जाअज्ञानरूपशक्ति आपणेसत्वादिकगुणोंकरिकैनिगूढहै इति ॥ इस श्रुतिकाअर्थ आत्मपुराणकेअष्टमअध्यायविषे विस्तारतैंकथनकऱ्याहै ॥ तहांस्मृति ॥ (अज्ञानेनावृतं ज्ञानंतेनमुह्यंतिजंतवः । ज्ञानेनतुतदज्ञानंयेषांनाशितमात्मनः) अर्थयह ॥ जिनजीवोंकाज्ञान अज्ञानक रिकैआवृतहूआहै ॥ तेजीव तिसअज्ञानकृतआवरणकरिकै संसारकूंहींप्राप्तहोवैहैं ॥ और जिनजीवोंका सोअज्ञान गुरुशास्त्रकेप्रसादजन्यज्ञानकरिकैनिवृत्तहूआहै ॥ तिनपुरुषोंका अहंब्रह्मास्मि यहज्ञान प्रत्यक् अभिन्नब्रह्मकूं प्रकाशकरेहै इति ॥ यहगीतास्मृतिभी ताअज्ञानविषेप्रमाणहै ॥ किंवा इसस्मृतिविषे अ ज्ञानकूं ब्रह्मकेस्वरूपकाआवरकपणा कथनकऱ्याहै ॥ सोआवरकपणा भावपदार्थविषेहींहोवैहै ॥ अभा वपदार्थविषेहोतानहीं ॥ यातैं ज्ञानकेअभावकूं अज्ञानरूपमानणेहारे नैयायिकोंनैंभी इसस्मृतिवचनके विरोधतैं ताअज्ञानकूं भावरूपहीं मान्याचाहिये ॥ यातैं सोगीतावचन ताअज्ञानकीभावरूपताविषेभी प्रमाणहै ॥ और इसउक्तगीतावचनविषे ज्ञानकरिकैअज्ञानकानाश कथनकऱ्याहै ॥ ताकरिकै त्रिगुणा त्मक अचेतन स्वतंत्र पारमार्थिक परिणामी नित्य ऐसाजोप्रधानहै सोईहीं अज्ञानहै यहसांख्यीयोंका मतभी खंडनहूआजानणा ॥ तहां लोकविषे अचेतनरथादिकोंकी चेतनकेअधीनहींप्रवृत्ति देखणेविषे आवैहै ॥ स्वतंत्रप्रवृत्तिहोतीनहीं ॥ यातैं ताप्रधानकूं अचेतनमानिके पुनःस्वतंत्रमानणा अत्यंतविरुद्ध है ॥ और लोकविषे परिणामीक्षीरादिकोंकूं सावयवताकरिकै अनित्यपणाहीं देखणेविषेआवैहै ॥ यातैं ताप्रधानकूं परिणामीमानिकै पुनःनित्यमानणा यहभी अत्यंतविरुद्धहै ॥ यातैं सोसांख्यीयोंकामत समी चीननहींहै इति ॥ इतनैंपर्यंत अज्ञानका स्वरूप तथालक्षण तथाप्रमाण कथनकऱ्या ॥ अब ताअज्ञानके विभागकूं कथनकरेहैं ॥ तहां सोउक्तअज्ञान माया १ अविद्या २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

विभागकूं कथनकरेहैं ॥ तहां सोउक्तअज्ञान माया १ अविद्या २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रकार परिणामका तथाविवर्त्तका परस्परभेदहै ॥ तैसे प्रसंगविषे साउक्तवृत्तिभि ताअंतःकरणअज्ञान रूपउपादानकारणकीअपेक्षाकरिकैतौं परिणामहै ॥ और अधिष्ठानचैतन्यकीअपेक्षाकरिकै विवर्त्तहै ॥ यातैं परिणामकीअप्रसिद्धि तथासिद्धांतकाविरोध होवैनहीं इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ अंतःकरण निरवयवद्रव्यहै ॥ यातैं ताअंतःकरणका सोवृत्तिरूपपरिणाम संभवतानहीं ॥ जिसकारणतैं लोकविषे सावयवदुग्धादिकोंकाहीं दधिआदिकपरिणाम देखणेविषेआवेहै ॥ निरवयवद्रव्यका कहांभी परिणामदेखणेविषेआवतानहीं ॥ जोकदाचित् निरवयवद्रव्यकाभी परिणाममानोंगे ॥ तौं तानिरवयवद्रव्यकेस्वरूपकाहींनाशहोवैंगा ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ (तन्मनोऽकुरुत) अर्थयह ॥ सोपरमात्मा मनकूं उत्पन्न करताभया ॥ इत्यादिकश्रुतियोंविषे तामनरूपअंतःकरणकी उत्पत्तिकथनकरीहै ॥ और जोजोद्रव्य उत्पत्तिवालाहोवैहै ॥ सोसोद्रव्य दुग्धादिकोंकीन्यांई सावयवहींहोवैहै ॥ यातैं ताअंतःकरणकूं सावयवता होणेतैं परिणामीपणा संभवैहै ॥ किंवा जैसे अंतःकरणका सावयवपणा श्रुतिप्रमाणकरिकैसिद्धहै ॥ तैसे तावृत्तिज्ञानकूं अंतःकरणकाधर्मपणाभी श्रुतिप्रमाणकरिकैहीं सिद्धहै ॥ तहांश्रुति ॥ (कामःसंकल्पोविचिकित्साश्रद्धाऽश्रद्धाधृतिरधृतिर्ह्रीर्धीर्भीरित्येतत्सर्वंमनएव) अर्थयह ॥ इच्छा संकल्प संशय श्रद्धा अश्रद्धा धैर्य अधैर्य लज्जा वृत्तिज्ञान भय यहसर्व मनकेहींधर्महैं इति ॥ यहश्रुति इच्छादिकोंकूं अंतःकरणकाहींधर्म कहेहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ अहंजानामि अहंइच्छामि याप्रकारकाअनुभव सर्वलोकोंकूंहोवैहै ॥ ताअनुभवतैं तेज्ञानइच्छादिक आत्माकेहींधर्म सिद्धहोवैहैं ॥ यातैं तिनज्ञानइच्छादिकोंविषे अंतःकरणकाधर्मपणा संभवतानहीं ॥ जोकदाचित् तिनज्ञानइच्छादिकोंकूं अंतःकरणकाधर्म मानोंगे ॥ तौं ताउक्तअनुभवका विरोधहोवैंगा ॥ और इसअनुभवका कोईबाधकहैनहीं ॥ यातैं इसअनुभ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वविषे भ्रमरूपताभी संभवतीनहीं ॥ और तेज्ञानइच्छादिक मनरूपनिमित्तकारणकरिकैजन्यहोवैहैं ॥ यातैं । एतत्सर्वंमनएव । इसउक्तश्रुतिकातौं तेइच्छादिकसर्व मनकरिकैहींजन्यहैं याप्रकारकाभीअर्थ संभवैहै ॥ यातैं ताश्रुतिवचनतैंभी तिनइच्छाज्ञानादिकोंकूं अंतःकरणकीधर्मरूपता सिद्धहोवैनहीं ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ जैसे वास्तवतैं दाहकपणेतैंरहित लोहपिंडविषे अग्निकेतादात्म्यसंबंधकरिकै यहलोहपिंड दाहकूंकरेहै याप्रकारका दाहकर्तृत्वव्यवहार होवैहै ॥ तैसे अंतःकरण आत्मा दोनोंके तादात्म्य अध्यासकरिकैहीं अहंजानामि अहंइच्छामि इत्यादिकअनुभव होवैहै ॥ जोकहो ताअध्यासविषे कोई प्रमाणनहींहै ॥ सोऐसानहींकहणा ॥ जिसकारणतैं ताअध्यासविषे इसपुरुषका आपणाअनुभवहीं प्रमाणहै ॥ सोप्रकार दिखावैहैं ॥ अहंजानामि याप्रकारकाअनुभव सर्वलोकोंकूंहोवैहै ॥ ताअनुभवतैं इस पुरुषविषे ज्ञातापणा प्रतीतहोवैहै ॥ सोज्ञातापणा केवल अंतःकरणविषेतौं संभवतानहीं ॥ जिसकारणतैं सोअंतःकरण भूतोंकाकार्यहोणेतैं जडहै ॥ जडविषेभी जोज्ञातापणा होताहोवै ॥ तौं घटादिकोंविषेभी सोज्ञातापणा होणाचाहिये ॥ तैसे सोज्ञातापणा केवल आत्माविषेभीसंभवतानहीं ॥ जिसकारणतैं (असंगोह्ययंपुरुषः । केवलोनिर्गुणश्च । अव्यक्तोऽयमचिंत्योऽयमविकार्योऽयमुच्यते) इत्यादिक श्रुतिस्मृतियोंकरिकै ताआत्माका असंगपणाहीं जान्याजावैहै ॥ ऐसेअसंगआत्माविषे सोज्ञातापणा संभवतानहीं ॥ यातैं अहं इसप्रतीतितैं आत्माविषे अंतःकरणका अध्यारोपकरिकै ॥ तथा अहंचेतनः इसप्रतीतितैं ताअंतःकरणविषे आत्माकेतादात्म्यका अध्यारोपकरिकै ॥ तथा आत्माविषे अंतःकरणके इच्छादिकधर्मोंका और अंतःकरणविषे आत्माकेसत्यादिकधर्मोंका अध्यारोपकरिके ॥ यहजीव अहं जानामि याप्रकारतैं आपणेविषे ज्ञातापणेकूं अनुभवकरेहै ॥ यातैं ताअध्यासविषे इसजीवकाअनुभव

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

जानामि याप्रकारतैं आपणेविषे ज्ञातापणेकूं अनुभवकरेहै ॥ यातैं ताअध्यासविषे इसजीवकाअनुभव

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हीं प्रमाणहै ॥ इसप्रकारकेअनुभवसिद्धअध्यासकेवशतैंहीं तेअंतःकरणकेज्ञानइच्छादिकधर्म आत्माविषेप्रतीतहोवैहैं ॥ वास्तवतैं आत्माके तेधर्मनहींहैं इति ॥ ईहां नैयायिकतौं यहकहेहैं॥ आत्माकेसाथि मनकेसंयोगहूए ज्ञान १ इच्छा २ प्रयत्न ३ सुख ४ दुःख ५ द्वेष ६ धर्म ७ अधर्म ८ संस्कार ९ यह नवगुण आत्माविषे उत्पन्नहोवैहैं ॥ यातैं तेज्ञानइच्छादिक आत्माकेहीं धर्महैं ॥ यहनैयायिकोंकामत न्यायप्रकाशकेतृतीयपरिच्छेदविषे विस्तारतैंकथनकऱ्याहै ॥ सोयहनैयायिकोंकामत समीचीननहींहै ॥ काहेतैं नैयायिकोंनैं आत्माकीन्यांई मनकूंभी निरवयवद्रव्य मान्याहै ॥ ऐसेनिरवयवमनका निरवयव आत्माकेसाथि संयोगहींसंभवतानहीं ॥ जिसकारणतैं नैयायिकोंनैं तासंयोगकूं अव्याप्यवृत्ति मान्याहै॥ तहां जिनदोद्रव्योंका संयोगहोवैहै ॥ तिनदोद्रव्योंके किंचित्देशविषेतौं सोसंयोगरहेहै ॥ और किंचित्देशविषे तासंयोगकाअभावरहेहै ॥ यहहीं तासंयोगविषे अव्याप्यवृत्तिपणाहै ॥ जैसे वृक्षकीशाखाविषेतौं वानरकासंयोग रहेहै ॥ और तिसीवृक्षकेमूलदेशविषे तासंयोगका अभावरहेहै ॥ इसप्रकार सर्वसंयोग अव्याप्यवृत्तिहोवैहै ॥ ऐसाअव्याप्यवृत्तिसंयोग वृक्षवानरादिकसावयवद्रव्योंकाहीं संभवैहै ॥ आत्मामनआदिकनिरवयवद्रव्योंका सोसंयोग संभवतानहीं ॥ यातैं आत्ममनकेसंयोगतैं आत्माविषेज्ञानादिकगुण उत्पन्नहोवैहैं यहनैयायिकोंकाकहणा मिथ्याहींहैं ॥ किंवा ज्ञानइच्छादिकोंकूं आत्माकाधर्म मानणेहारा जोनैयायिकहै ॥ तिसनैं आत्माकूंहींतिनज्ञानइच्छादिकधर्मोंकाउपादानकारण कहणाहोवैगा ॥ ताकेविषे यहकह्याचाहिये ॥ ताआत्माकूं आरंभकतारूपकरिकै तिनज्ञानादिकोंका उपादानपणाहै ॥ अथवा परिणामितारूपकरिकै उपादानपणाहै ॥ तहां सोनैयायिक जोप्रथमपक्ष अंगीकारकरै॥ सोतौं संभवतानहीं ॥ काहेतैंअनेकद्रव्योंविषेहीं आरंभकपणा होवैहै ॥ जैसे अनेकपरमाणुवोंकूं जगत्का

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आरंभकपणाहै ॥ और आत्मातौं एकहै ॥ यातैं ताएकआत्माकूं तिनज्ञानइच्छादिकोंका आरंभकपणा संभवतानहीं ॥ तैसे दूसरा परिणामीपक्षभी संभवतानहीं ॥ काहेतैं सावयवदुग्धादिकहीं दधिआदिकआकारपरिणामकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ निरवयवद्रव्यका कहांभीपरिणाम देख्यानहीं ॥ और आत्माभी निरवयवद्रव्यहै ॥ यातैं ताआत्माकूं तिनज्ञानइच्छादिकोंका परिणामीउपादानपणाभी संभवतानहीं ॥ और आत्माकूं जोसावयवद्रव्य मानोंगे ॥ तौं घटादिकोंकीन्यांई ताआत्माकूं अनित्यपणाहींप्राप्तहोवैंगा ॥ यातैं तेज्ञानइच्छादिक आत्माकेधर्महैं यहनैयायिकोंकामत असंगतहै ॥ किंवा (साक्षीचेताकेवलोनिर्गुणश्च) यहश्रुति आत्माकूं सर्वगुणोंतैंरहितकहेहै ॥ ताश्रुतितैंविरुद्धहोणेतैंभी सोनैयायिकोंकामतअसंगतहै ॥ यातैं तेज्ञानइच्छादिकसर्वधर्म अंतःकरणकेहींहैं यहसिद्धभया इति ॥ इतनैंपर्यंत वृत्तिकास्वरूप निरूपणकऱ्या ॥ अब तावृत्तिकाविभाग निरूपणकरेहैं ॥ साउक्तवृत्ति प्रमा १ अप्रमा २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकीहोवैहै ॥ तिनदोनों वृत्तियोंविषे प्रथम प्रमावृत्तिका निरूपणकरेहैं ॥ तहां (बोधेद्धावृत्तिः वृत्तीद्धबोधोवा प्रमा) अर्थयह ॥ चैतन्यकानाम बोधहै ॥ ताचैतन्यरूपबोधकरिकै इद्ध कहिए प्रकाशित जावृत्तिहै ताकानाम प्रमाहै ॥ अथवा तावृत्तिविषे इद्ध कहिए प्रतिबिंबित जोचैतन्यरूपबोधहै ताकानाम प्रमाहै इति ॥ और साउक्तप्रमाभी ईश्वराश्रया १ जीवाश्रया २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकीहोवैहै ॥ तहां (ईक्षणापरपर्यायस्रष्टव्यविषयाकारमायावृत्तिप्रतिबिंबिताचित् ईश्वराश्रयाप्रमा) अर्थयह ॥ सृष्टिकेआदिकालविषे आगे उत्पन्नहोणेहारेजगत्कूंविषयकरणेहारी जामायाकीवृत्तिहै ॥ जिसवृत्तिकूं श्रुतिविषे ईक्षण इसनामकरिकै कथनकऱ्याहै ॥ तिसमायावृत्तिविषे प्रतिबिंबितजोचैतन्यहै सो ईश्वराश्रयाप्रमा कहीजावैहै ॥ तहांश्रुति ॥ (तदैक्षतबहुस्यांप्रजायेय) अर्थयह ॥ सोमायाउपहितपरमेश्वर सृष्टिकेआदिकालविषे मैं बहुतरूपहोइकै

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उत्पन्नहोवों याप्रकारकाईक्षण करताभया इति ॥ अब जीवाश्रयाप्रमाकानिरूपणकरेहैं ॥ तहां (अनधिगताबाधितविषयाकारांतःकरणवृत्तिप्रतिबिंबिताचित् जीवाश्रयाप्रमा) अर्थयह ॥ अनधिगत कहिए अज्ञात अर्थात् बोधनैंनहींविषयकऱ्याहूआ तथा अबाधित कहिए बाधतैंरहित ऐसाजो विषयहै ॥ ताविषयकेआकार जाअंतःकरणकीवृत्तिहै ॥ तावृत्तिविषे प्रतिबिंबित जोचैतन्यहै सो जीवाश्रयाप्रमा कहीजावैहै ॥ तहां । विषयाकारांतःकरणवृत्तिप्रतिबिंबिताचित् जीवाश्रयाप्रमा । इतनामात्रहीं जोताजीवाश्रितप्रमाकालक्षणकरते ॥ तौं भ्रांतिज्ञानविषे तालक्षणकीअतिव्याप्तिहोती ॥ ताअतिव्याप्तिदोषकेनिवृत्तकरणेवासतैं तालणक्षविषे । अबाधित । यह विषयकाविशेषण कथनकऱ्याहै ॥ तहां भ्रमज्ञानकाविषय अबाधित होतानहीं ॥ किंतु शुक्तिरज्जुआदिकअधिष्ठानकेज्ञानकरिकै ताभ्रमकेविषयभूत रजतसर्पादिकोंका बाधहोइजावैहै ॥ यातैं ताभ्रमज्ञानविषे ताप्रमाकेलक्षणकीअतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ यद्यपि विवरणकारादिकसांप्रदायिकोंकेमतविषे सोभ्रमज्ञान अविद्याकीवृत्तिरूपहै ॥ यातैं । अंतःकरणवृत्ति । इसपदकेकहणेकरिकैहीं ताभ्रमज्ञानविषे ताउक्तलक्षणकीअतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ सोअबाधितपद व्यर्थ है ॥ तथापि जिसउपाध्यायकेमतविषे सोभ्रमज्ञान अंतःकरणकीवृत्तिरूपहै ॥ तिसमतविषे ताअबाधितपदकेकहणेकरिकैहीं ताभ्रमज्ञानविषे अतिव्याप्तिकानिवारण होवैहै ॥ यातैं सोअबाधितपद सार्थक है ॥ किंवा ताउक्तलक्षणविषे । अनधिगत । यहपद जोनहींकथनकरते ॥ तौं तालक्षणकी स्मृतिज्ञानविषे अतिव्याप्तिहोती ॥ जिसकारणतैं यथार्थस्मृतिकाविषय अबाधितहींहोवैहै ॥ ताअतिव्याप्तिदोषकेनिवृत्तकरणेवासतै तालक्षणविषे । अनधिगत । यहपद कथनकऱ्याहै ॥ तहां पूर्वअनुभवकऱ्येहूएअर्थकीहीं स्मृतिहोवैहै ॥ यातैं तास्मृतिकाविषय पूर्व अज्ञातनहींहै ॥ किंतु ज्ञातहींहै ॥ यातैं अनधिगत

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पदकेकहणेतैं तास्मृतिविषे ताजीवाश्रितप्रमाकेलक्षणकी अतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ ॥ शंका ॥ ॥ य हउक्त जीवाश्रितप्रमाकालक्षण कोईभीप्रमाविषे घटतानहीं ॥ यातैं यहलक्षण असंभवदोषवालाहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ अहंब्रह्मास्मि इत्यादिकमहावाक्यतैंउत्पन्नभईजा ब्रह्मआत्माकीएकताकूंविषयकरणे हारी अंतःकरणकीवृत्तिहै ॥ तावृत्तिविषेप्रतिबिंबितचैतन्यरूपप्रमाविषे सोउक्तलक्षण संभवैहै ॥ जिस कारणतैं सोब्रह्मआत्माकाएकत्व अनधिगतभीहै तथाअबाधितभीहै ॥ यातैं सोउक्तलक्षण असंभवदोष वालानहींहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ इसउक्तलक्षणकी । अयंघटः अयंपटः । इत्यादिकप्रमाविषे अव्याप्ति हींहोवैहै ॥ काहेतैं ताघटपटादिकसर्वप्रपंचका ब्रह्मज्ञानकरिकै बाधहोइजावैहै ॥ यातैं तिनघटपटादि कोंविषे सोअबाधितपणाहैनहीं ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ ताप्रपंचका यद्यपि ब्रह्मज्ञानकरिकै बाधहोवै है ॥ तथापि ताब्रह्मज्ञानतैंपूर्व संसारदशाविषे ताप्रपंचका बाधहोतानहीं ॥ यातैं सोप्रपंचभी तासंसा रदशाविषे अबाधितहींहै ॥ यातैं ताघटपटादिप्रपंचविषयकप्रमाविषे ताउक्तलक्षणकी अव्याप्तिहोवैनहीं ॥ ॥ शंका ॥ ॥ इसप्रकारका जोअबाधितपदकाअर्थ मानोंगे ॥ तौं भ्रांतिज्ञानविषेभी ताप्रमाके लक्षणकी अतिव्याप्तिहोवैंगी ॥ जिसकारणतैं ताभ्रांतिज्ञानकेविषयभूत शुक्तिरजतादिकभी ताभ्रांति कालविषे अबाधितहींहोवैहैं ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ तेशुक्तिरजतादिक ताभ्रांतिकालविषे अबाधित हूएभी अनधिगतनहींहैं ॥ अर्थात् अज्ञातसत्तावालेनहींहैं ॥ किंतु ज्ञातसत्तावालेहींहैं ॥ यातैं ताभ्रां तिज्ञानविषे ताउक्तप्रमाकेलक्षणकी अतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ तहां ज्ञानतैंपूर्वकालविषे जाविषयकीसत्ता है ताकानाम अज्ञातसत्ताहै ॥ और ज्ञानकेसमकाल जाविषयकीसत्ताहै ताकानाम ज्ञातसत्ताहै इति ॥ अब प्रसंगतैं प्रमाणकालक्षणकहेहैं ॥ (प्रमाकरणं प्रमाणं) अर्थयह ॥ पूर्वकथनकरीजा जीवा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्रितप्रमाहै ॥ ताप्रमाका जोकरणहोवैहै सो प्रमाण कह्याजावैहै ॥ जैसे अयंघटः इसप्रत्यक्षप्रमाका च
क्षुइंद्रियकरणहै ॥ यातैं सोचक्षुइंद्रिय प्रमाण कह्याजावैहै ॥ इसप्रकार अनुमानादिकप्रमाणोंविषेभी ल
क्षणजानिलेणा ॥ तहां । करणंप्रमाणं । इतनामात्रहीं जो ताप्रमाणकालक्षणकरते ॥ तौं छेदनरूपक्रि
याकेप्रति करणरूपजोकुठारहै ताकेविषे ताप्रमाणकेलक्षणकीअतिव्याप्तिहोती ॥ ताअतिव्याप्तिदोषके
निवृत्तकरणेवासतै तालक्षणविषे । प्रमा । यहपद कथनकऱ्याहै ॥ तहां ताकुठारविषे प्रमाज्ञानकीकरण
ताहैनहीं ॥ यातैं ताकुठारविषे ताउक्तलक्षणकी अतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ किंवा । प्रमा प्रमाणं । इतना
मात्रहीं जो ताप्रमाणकालक्षणकरते ॥ तालक्षणविषे । करण । यहपद नहींकथनकरते ॥ तौं चक्षुआदि
कोंविषे ताप्रमाणकेलक्षणकीअव्याप्तिहोती ॥ जिसकारणतैं तिनचक्षुआदिकोंकूं द्रव्यरूपताहोणेतैं प्रमा
ज्ञानरूपताहैनहीं ॥ ताअव्याप्तिदोषकेनिवृत्तकरणेवासतै तालक्षणविषे । करण । यहपद कथनकह्याहै ॥
तहां जिसकारणकेप्रवृत्तहूए कार्यकीउत्पत्तिविषे विलंबनहींहोवैहै ॥ सोकारण करण कह्याजावैहै इति ॥
अब ताजीवाश्रितप्रमाकाविभाग वर्णनकरेहैं ॥ तहां साजीवाश्रितप्रमा पारमार्थिकी १ व्यावहारिकी
२ इसभेदकरिकै दोप्रकारकीहोवैहै ॥ तहां अधिकारीपुरुषकूं तत्त्वमसिआदिकवाक्यजन्य जा अहंब्र
ह्मास्मि याप्रकारकीप्रमाहै ॥ सा पारमार्थिकीप्रमा कहीजावैहै ॥ सापारमार्थिकीप्रमा पूर्वनिरूपणकरी
है ॥ तथा आगे शाब्दीप्रमाकेनिरूपणविषे निरूपणकरेंगे ॥ और घटपटादिरूपप्रपंचकूंविषयकरणेहारी
जा अयंघटः अयंपटः इत्यादिकप्रमाहै ॥ सा व्यावहारिकीप्रमा कहीजावैहै ॥ और साव्यावहारिकीप्र
माभी प्रत्यक्ष १ अनुमिति २ उपमिति ३ शाब्द ४ अर्थापत्ति ५ अभावप्रमा ६ इसभेदकरिकै षट्प्र
कारकीहोवैहै ॥ और ताप्रमाकेषट्प्रकारकेभेदकरिकै ताप्रमाकाकरणरूपप्रमाणभी प्रत्यक्ष १ अनुमान २

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उपमान ३ शब्द ४ अर्थापत्ति ५ अनुपलब्धि ६ इसभेदकरिकै षट्प्रकारकाहींहोवैहै ॥ अब तिनषट्प्रमावोंविषे प्रथम प्रत्यक्षप्रमाकानिरूपणकरेहैं ॥ तहां (विषयचैतन्याभिन्नप्रमाणचैतन्यं प्रत्यक्षप्रमा) अर्थयह ॥ विषयचैतन्यसैंअभिन्न जोप्रमाणचैतन्यहै सो प्रत्यक्षप्रमा कह्याजावैहै ॥ अब इसउक्तअर्थकेस्पष्टकरणेवासतै प्रथम ताचैतन्यका उपाधिकृतभेद निरूपणकरेहैं ॥ तहां वास्तवतैं एकअद्वितीयरूपहूआभी सोचैतन्य उपाधिकेभेदतैं प्रमाताचैतन्य १ प्रमाणचैतन्य २ विषयचैतन्य ३ फलचैतन्य ४ इसभेदकरिकै चारिप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां अंतःकरणविशिष्टचैतन्यकानाम प्रमाताचैतन्यहै ॥ और अंतःकरणकीवृत्तिकरिकैअवच्छिन्न जोचैतन्यहै ताकानाम प्रमाणचैतन्यहै ॥ और घटादिकविषयोंकरिकैअवच्छिन्नजोचैतन्यहै ताकानाम विषयचैतन्यहै ॥ और घटादिकविषयोंके समानाकारताकूंप्राप्तभईजावृत्तिहै ॥ तावृत्तिकरिकैअभिव्यक्तजोचैतन्यहै ताकानाम फलचैतन्यहै ॥ इसप्रकार अंतःकरणादिकउपाधिकेभेदकरिकै सोएकहींचैतन्य चारिप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां तिनउपाधियोंका यहस्वभावहै ॥ जबपर्यंत तेउपाधियां भिन्नभिन्नदेशविषेस्थितहोवैहैं ॥ तबपर्यंतहीं तेउपाधियां स्वउपहितोंका भेदकरेहैं ॥ और जबी तेउपाधियां एकदेशविषेस्थितहोवैहैं ॥ तबी स्वउपहितोंका भेदकरेनहीं ॥ किंतु तिसकालविषे तिनउपहितोंका अभेदहींहोवैहै ॥ जैसे मठतैंबाह्य घटकेविद्यमानहूए तामठउपहितआकाशका तथाघटउपहितआकाशका भेदहींहोवैहै ॥ और तामठकेभीतर घटकेविद्यमानहूए तामठाकाश घटाकाश दोनोंका अभेदहींहोवैहै ॥ तैसे अंतःकरण वृत्ति घटादिकविषय यहतीनोंउपाधि जबपर्यंत भिन्नभिन्नदेशविषे रहेहैं ॥ तबपर्यंतहीं प्रमाताचैतन्य प्रमाणचैतन्य विषयचैतन्य इनतीनोंचैतन्योंका भेदहोवैहै ॥ और जबी नेत्रादिकइंद्रियद्वारा सोअंतःकरण वृत्तिरूपसें बाह्यनिकसिकै घटादिकविषयदेशविषेजावैहै ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

र जबी नेत्रादिकइंद्रियद्वारा सोअंतःकरण वृत्तिरूपसें बाह्यनिकसिकै घटादिकविषयदेशविषेजावैहै ॥

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तबी तिनअंतःकरणादिकतीनोंउपाधियोंकी एकदेशविषेस्थितिहोणेतैं तिनप्रमातादिकतीनोंचैतन्योंका अभेदहींहोवैहै ॥ इसप्रकार विषयावच्छिन्नचैतन्यसें जोप्रमाणचैतन्यकाअभेदहै ताकानाम प्रत्यक्षप्रमा है ॥ अब ताअपरोक्षवृत्तिकेउत्पत्तिकेप्रकारकूं दृष्टांतकरिकै निरूपणकरैहैं ॥ जैसे तलावकाजल किसी छिद्रतैं बाह्यनिकसिकै कुल्याद्वारा केदारोंकूं प्राप्तहोइकै जिसप्रकारका त्रिकोण वा चतुःकोण केदारों काआकारहोवैहै तिसीआकारपरिणामकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तहां ताकुल्याद्वारा तलावकेजलका तथाके दारकेजलका अभेदहींहोवैहै ॥ तैसे घटादिकअर्थोंकेसाथि चक्षुआदिकइंद्रियकेसंबंधहूएतैंअनंतर अंतः करणभी चक्षुआदिकइंद्रियद्वारा बाह्यविषयदेशविषेजाइकै तिनघटादिकविषयोंके समानाकारपरिणाम कूं प्राप्तहोवैहै ॥ इसीविषयाकार अंतःकरणकेपरिणामकूं वृत्तिकहैहैं ॥ तिसघटाकारवृत्तिविषे सोघटादि विषयावच्छिन्नचैतन्य प्रतिफलित होवैहै अर्थात् प्रतिबिंबित होवैहै ॥ और जिसकालविषे ताघटाकारवृ त्तिविषे सोघटावच्छिन्नचैतन्य प्रतिफलित होवैहै ॥ तिसीकालविषे तावृत्तिविषयरूपदोनोंउपाधियोंकी एकदेशविषेस्थितिहोणेतैं सोप्रमाणचैतन्य ताविषयचैतन्यसें अभिन्नहोवैहै ॥ इसप्रकारतैं विषयचैतन्यसें अभिन्न जोप्रमाणचैतन्यहै ताकानाम प्रत्यक्षप्रमाहै ॥ तहां । प्रमाणचैतन्यं प्रत्यक्षप्रमा । इतनामात्रहीं जो ताप्रत्यक्षप्रमाकालक्षणकरते ॥ तौं अनुमितिआदिकपरोक्षप्रमाविषे तालक्षणकी अतिव्याप्तिहोती ॥ ताअतिव्याप्तिदोषकेनिवृत्तकरणेवासतै तालक्षणविषे । विषयचैतन्याभिन्न । यह ताप्रमाणचैतन्यकावि शेषण कथनकऱ्याहै ॥ तहां अनुमितिआदिकपरोक्षवृत्तियां बाह्यविषयदेशविषे जातीयांनहीं ॥ किंतु श रीरकेभीतर हृदयदेशविषेहीं उत्पन्नहोवैहैं ॥ यातैं तापरोक्षस्थलविषे ताविषयचैतन्यसें ताप्रमाणचैतन्य का अभेदहोतानहीं ॥ यातैं तिनअनुमितिआदिकपरोक्षज्ञानोंविषे ताप्रत्यक्षप्रमाकेलक्षणकी अतिव्याप्ति

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

होवैनहीं ॥ किंवा । विषयचैतन्याभिन्नंवृत्त्यवच्छिन्नचैतन्यं प्रत्यक्षप्रमा । इतनामात्रहीं जो ताप्रत्यक्षप्रमा का लक्षणकरते ॥ तौं भ्रमप्रत्यक्षविषे तालक्षणकी अतिव्याप्तिहोती ॥ जिसकारणतैं ताभ्रमस्थलविषेभी विषयावच्छिन्नचैतन्यसें तावृत्तिअवच्छिन्नचैतन्यका अभेदहींहोवैहै ॥ ताअतिव्याप्तिदोषकेनिवृत्तकरणे वासतै तालक्षणविषे । प्रमाणचैतन्यं । यहपद कथनकऱ्याहै ॥ तहां भ्रमवृत्तिअवच्छिन्नचैतन्यविषे प्रमा णचैतन्यरूपता हैनहीं ॥ यातैं ताभ्रमप्रत्यक्षविषे ताप्रत्यक्षप्रमाकेलक्षणकी अतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ ॥ शंका ॥ ॥ भ्रमज्ञानकेविषयभूतरजतादिकोंकाप्रकाशक जो इदमाकारअंतःकरणकीवृत्तिअवच्छिन्न साक्षीचैतन्यहै ॥ सोसाक्षीचैतन्यहीं ताविषयचैतन्यसेंअभिन्न प्रमाणचैतन्यरूपहै ॥ यातैं ताउक्तलक्षण कीभी ताभ्रमप्रत्यक्षविषे अतिव्याप्तिहींहोवैहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ ताअतिव्याप्तिदोषकेनिवृत्तकर णेवासतै तालक्षणविषे विषयका । अबाधित । यहविशेषणभी हमारेकूं विवक्षितहै ॥ तहां भ्रमप्रत्यक्षके विषय जेरजतादिकहैं ॥ ते अबाधितनहींहैं ॥ किंतु शुक्तिआदिकअधिष्ठानकेज्ञानकरिकै तिनरजतादि कोंका बाधहोइजावैहै ॥ यातैं ताभ्रमप्रत्यक्षविषे ताप्रत्यक्षप्रमाकेलक्षणकी अतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ ॥ शंका ॥ ॥ घटादिकप्रपंचकूं ब्रह्मज्ञानकरिकैबाधितहोणेतैं अबाधितपणा संभवतानहीं ॥ यातैं अयं घटः अयंपटः इत्यादिकप्रत्यक्षप्रमाविषे तालक्षणकी अव्याप्तिहींहोवैंगी ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ ताअ बाधितपदकरिकै संसारदशाविषेअबाधितपणा विवक्षितहै ॥ तहां सोघटपटादिकप्रपंच ब्रह्मज्ञानतैंपूर्व संसारदशाविषे अबाधितहींहै ॥ यातैं ताघटादिप्रपंचविषयकप्रत्यक्षप्रमाविषे तालक्षणकी अव्याप्तिहोवै नहीं ॥ ॥ शंका ॥ ॥ जहां इसपुरुषकूं सुखदुःखरूपहेतुकेज्ञानतैं आपणेधर्मअधर्मका अनुमितिज्ञा नहोवैहै ॥ अथवा तूं धर्मवान्हैं तूं अधर्मवान्हैं याप्रकारके कोईकेवचनतैं इसपुरुषकूं आपणेधर्मअधर्म

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

नहोवैहै ॥ अथवा तूं धर्मवानहैं तूं अधर्मवानहैं याप्रकारके कोईकेवचनतैं इसपुरुषकूं आपणेधर्मअधर्म

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

का शाब्दज्ञान होवैहै ॥ तहां ताधर्मअधर्मरूपविषयकी तथाताअनुमितिशाब्दरूपवृत्तिकी एकअंतःक
रणरूपदेशविषेस्थितिहोणेतैं तत्उपहितचैतन्योंकाभी अभेदहींहोवैहै ॥ और सोधर्मअधर्म संसारदशा
विषे अबाधितभीहै ॥ यातैं ताप्रत्यक्षप्रमाकेलक्षणकी ताधर्माधर्मविषयकअनुमितिशाब्दरूपपरोक्षज्ञानवि
षे अतिव्याप्तिहोवैंगी ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ ताउक्तलक्षणविषे ताविषयका । योग्य । यहविशेषणभी
हमारेकूं विवक्षितहै ॥ तहां सोधर्मअधर्म प्रत्यक्षकेयोग्य नहींहै ॥ किंतु अयोग्यहै ॥ यातैं ताधर्माधर्मविष
यक अनुमितिशाब्दज्ञानविषे ताप्रत्यक्षप्रमाकेलक्षणकी अतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ इसप्रकार यथार्थस्मृतिज्ञान
विषे ताप्रत्यक्षप्रमाकेलक्षणकीअतिव्याप्तिकेनिवृत्तकरणेवासतै तालक्षणविषे ताविषयका । वर्त्तमान । यह
विशेषणभी कथनकरणा ॥ तास्मृतिज्ञानकाविषय वर्त्तमानहोतानहीं ॥ यातैं तास्मृतिविषे ताउक्तलक्ष
णकी अतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ इतनैंकहणेकरिकै ताप्रत्यक्षप्रमाका यहलक्षणसिद्धभया ॥ (अबाधितवर्त्त
मानयोग्यविषयचैतन्याभिन्नंप्रमाणचैतन्यं प्रत्यक्षप्रमा) अर्थयह ॥ संसारदशाविषेअबाधित तथावर्त्तमा
न तथाप्रत्यक्षकेयोग्य ऐसाजोविषयहै ॥ ताविषयावच्छिन्नचैतन्यसेंअभिन्न जोप्रमाणचैतन्यहै ताकाना
म प्रत्यक्षप्रमाहै ॥ अथवा ताप्रत्यक्षप्रमाका यहदूसरालक्षण करणा ॥ (अबाधितापरोक्षार्थविषयज्ञानं प्र
त्यक्षप्रमा) अर्थयह ॥ अबाधित तथाअपरोक्ष ऐसाजोअर्थहै ॥ ताअर्थकूंविषयकरणेहाराज्ञान प्रत्यक्षप्र
मा कह्याजावैहै ॥ तहां इसलक्षणविषेभी भ्रमज्ञानविषेअतिव्याप्तिकेनिवृत्तकरणेवासतै । अबाधित । यह
अर्थकाविशेषण कथनकऱ्याहै ॥ और अनुमितिआदिकपरोक्षज्ञानोंविषे अतिव्याप्तिकेनिवृत्तकरणेवास
तै । अपरोक्ष । यह अर्थकाविशेषण कथनकऱ्याहै ॥ तहां साक्षीचैतन्यकेसाथि घटादिकअर्थका जोता
दात्म्यहै ॥ यहहीं ताघटादिकअर्थविषे अपरोक्षपणाहै ॥ यद्यपि घटका स्वावच्छिन्नब्रह्मचैतन्यविषेहीं ता

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दात्म्यहै ॥ अंतःकरणउपहितसाक्षीचैतन्यविषे तादात्म्यनहींहै ॥ तथापि पूर्वउक्तरीतिसैं अंतःकरणकीवृत्तिकेबहिरनिर्गमनकालविषे ताघटावच्छिन्नचैतन्यका तासाक्षीचैतन्यसेंअभेदहींहोवैहै ॥ यातैं तिनघटादिकोंका तासाक्षीचैतन्यविषे तादात्म्य संभवैहै इति ॥ अब इसउक्तप्रत्यक्षप्रमाकाफल वर्णनकरेहैं ॥ तहां ताउक्तप्रत्यक्षप्रमाविषे दोअंशहैं ॥ एकतौं अंतःकरणकीवृत्तिरूपअंशहै ॥ और दूसरा चैतन्यरूपअंशहै ॥ तहां वृत्तिअंशकरिकैतौं घटादिकविषयोंके आवरणकीनिवृत्ति होवैहै ॥ और चैतन्यअंशकरिकै अज्ञानकीनिवृत्तिहोवैहै ॥ यह स्वामीनृसिंहाश्रमकामतहै ॥ और आचार्यतौं ऐसामानेहैं ॥ ताउक्तप्रत्यक्षप्रमाकरिकैहीं ताआवरणशक्तिसहितअज्ञानकीनिवृत्तिहोवैहै ॥ तिसतैंअनंतर अंतःकरणउपहितचैतन्यरूपसाक्षीकरिकै घटादिकविषयोंका स्फुरणहोवैहै ॥ अब प्रसंगतैं तासाक्षीकास्वरूप वर्णनकरेहैं ॥ (उदासीनत्वेसतिबोद्धा साक्षी) अर्थयह ॥ जोचैतन्य निर्विकारउदासीनहूआ बुद्धिआदिकोंकूं प्रकाशकरेहै ॥ अर्थात् प्रमाता प्रमाण प्रमेय इत्यादिकसर्वोंकूं प्रकाशकरेहै ॥ सोचैतन्य साक्षी कह्याजावैहै ॥ तहां लोकविषेभी जोपुरुष परस्परविवादकरतेहूएदोपुरुषोंतैंभिन्नहोवैहै ॥ तथातिनदोनोंकेविवादकूं अपरोक्षरूपकरिकैजानेहै ॥ तथा उदासीनहोवैहै अर्थात् पक्षपाततैंरहितहोवैहै ॥ तिसपुरुषकूं साक्षीकहेहैं ॥ तैसे जोचैतन्य उदासीनहूआ बुद्धिआदिकसर्वोंकूं प्रकाशकरेहै ॥ सोचैतन्य साक्षी कह्याजावैहै ॥ तहां । बोद्धा साक्षी । इतनामात्रहीं जो तासाक्षीकालक्षणकरते ॥ तालक्षणविषे । उदासीनत्वेसति । यहपद नहीं कथनकरते ॥ तौं परस्परविवादकरणेहारेपुरुषोंविषेभी सोसाक्षीपणा होणाचाहिये ॥ जिसकारणतैं स्वपरव्यवहारकाबोद्धापणा तिनपुरुषोंविषेभीहै ॥ परंतु तिनपुरुषोंकूं कोईसाक्षीकहतानहीं ॥ यातैं तासाक्षीका उदासीन यहविशेषण कथनकऱ्याहै ॥ तिनविवादकर्त्तापुरुषोंविषे सोउदासीनपणाहैनहीं ॥ यातैं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तिनोंविषे तासाक्षीकेलक्षणकीअतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ किंवा । उदासीनःसाक्षी । इतनामात्रहीं जो ता साक्षीकालक्षण करते ॥ तालक्षणविषे । बोद्धा । यहपद नहींकथनकरते ॥ तौं ताविवादस्थलविषे स्तंभादिकोंकूंभीउदासीनपणाहै ॥ यातैं तेस्तंभादिकभी साक्षीहोणेचाहिये ॥ और तिनस्तंभादिकोंकूं कोईसाक्षीकहतानहीं ॥ यातैं तालक्षणविषे । बोद्धा । यहपद कथनकऱ्याहै ॥ तिनजडस्तंभादिकोंविषे सो बोद्धापणाहैनहीं ॥ यातैं तिनोंविषे तासाक्षीकेलक्षणकी अतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ तैसे ईहांप्रसंगविषे केवलबोद्धापणातौं भोक्ताजीवविषेभीहै ॥ परंतु ताजीवविषे उदासीनपणा नहींहै ॥ और केवलउदासीनपणातौं देहइंद्रियादिकजडपदार्थोंविषेभीहै ॥ परंतु तिनोंविषे बोद्धापणा नहींहै ॥ यातैं ताभोक्ताजीवविषे तथादेहइंद्रियादिकोंविषे तासाक्षीकेलक्षणकी अतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ यहहींसाक्षीकालक्षण (साक्षीचेताकेवलोनिर्गुणश्च) इसश्रुतिनैं कथनकऱ्याहै ॥ तहां इसश्रुतिविषे । चेता । इसपदकरिकै बोद्धा कह्याहै ॥ और । केवल । इसपदकरिकै उदासीन कह्याहै ॥ यातैं । चेताकेवलःसाक्षी । यहसाक्षीकालक्षण ताश्रुतितैंसिद्धहोवैहै ॥ और नैयायिक आत्माकूं ज्ञानादिकगुणोंवाला मानेहैं ॥ तिनोंकेमतकेखंडनकरणेवासतै ताश्रुतिनैं आत्माकूं निर्गुण कह्याहै ॥ और ताश्रुतिविषेस्थित चकारकरिकै आत्माकूं निष्क्रिय कह्याहै ॥ ताकरिकै आत्माकूं मध्यमपरिमाणवाला तथासक्रिय मानणेहारे दिगंबरोंकामतभी खंडनहूआजानणा ॥ किंवा यहउक्तसाक्षीकास्वरूपहीं पंचदशीकेनाटकदीपविषे श्रीविद्यारण्यस्वामीनैं नृत्यशालाविषेस्थितदीपककेदृष्टांतकरिकै निरूपणकऱ्याहै ॥ यातैं तासाक्षीकरिकै घटादिकविषयोंका स्फुरण संभवैहै इति ॥ तहां पूर्व प्रत्यक्षप्रमाका फलसहित निरूपणकऱ्या ॥ अब ताप्रत्यक्षप्रमाकाविभाग वर्णनकरेहैं ॥ तहां साउक्तप्रत्यक्षप्रमा बाह्यप्रत्यक्षप्रमा १ अंतरप्रत्यक्षप्रमा २ इसभेदकरिकै दोप्र

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कारकीहोवैहै ॥ तहां बाह्यअर्थकूंविषयकरणेहारी प्रत्यक्षप्रमाकूं बाह्यप्रत्यक्षप्रमा कहेहैं ॥ और अंतरअर्थकूंविषयकरणेहारी प्रत्यक्षप्रमाकूं अंतरप्रत्यक्षप्रमा कहेहैं ॥ तिनदोनोंप्रमाविषे प्रथम बाह्यप्रत्यक्षप्रमा शब्द १ स्पर्श २ रूप ३ रस ४ गंध ५ इनपंचविषयोंकेभेदतैं पंचप्रकारकीहोवैहै ॥ अर्थात् शब्दप्रमा १ स्पर्शप्रमा २ रूपप्रमा ३ रसप्रमा ४ गंधप्रमा ५ यहपंचप्रकारकी बाह्यप्रत्यक्षप्रमाहोवैहै ॥ और तापंच प्रकारकी बाह्यप्रत्यक्षप्रमाके यथाक्रमतैं करणरूप श्रोत्र १ त्वक् २ चक्षु ३ रसन ४ घ्राण ५ यहपंच ज्ञानइंद्रियहैं ॥ यातैं तेपंचज्ञानइंद्रिय बाह्यप्रत्यक्षप्रमाण कह्येजावैहैं ॥ और दूसरी अंतरप्रत्यक्षप्रमाभी आत्मगोचरा १ सुखादिगोचरा २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकीहोवैहै ॥ तहां आत्माकूंविषयकरणेहारी जाप्रमाहै ताकानाम आत्मगोचराहै ॥ और सुखदुःखादिकोंकूंविषयकरणेहारी जाप्रमाहै ताकानाम सुखादिगोचराहै ॥ और साआत्मगोचरप्रमाभी विशिष्टात्मविषया १ शुद्धात्मविषया २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकीहोवैहै ॥ तहां अहंजीवः यहप्रमातौं विशिष्टआत्माविषयक होवैहै ॥ और अहंब्रह्मास्मि यहप्रमा शुद्धआत्माविषयक होवैहै ॥ और अहंसुखी अहंदुःखी इत्यादिकप्रमा सुखदुःखादिविषयक होवैहै ॥ अब ताअंतरप्रत्यक्षप्रमाके करणकानिरूपणकरेहैं ॥ तहां वाचस्पतिमिश्रकातौं यहमतहै ॥ अंतरइंद्रिय रूपजोमनहै ॥ सोमनहीं ताउक्तअंतरप्रत्यक्षप्रमाका करणहै ॥ काहेतैं जैसे बाह्य रूपादिकोंकेसाक्षात्कारकाकरणरूपकरिकै चक्षुआदिकइंद्रियोंकीसिद्धिहोवैहै ॥ तैसे अंतर सुखदुःखादिकोंकेसाक्षात्कारकाकरणरूपकरिकै मनरूपअंतरइंद्रियकीभी सिद्धिसंभवैहै ॥ और सुखदुःखादिकोंकूंव्यावहारिकपणाहोणेतैं तिनसुखदुःखादिकोंकेज्ञानकूंभी व्यावहारिकपणाहीं संभवैहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ तामनकूं विशिष्टआत्माकेसाक्षात्कारकीकरणताकेहूएभी शुद्धआत्माकेसाक्षात्कारकीकरणता संभवतीनहीं ॥ जोकदाचित्

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

तामनकूं शुद्धआत्माकेसाक्षात्कार

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तामनकूं शुद्धआत्माकेसाक्षात्कारका करणमानोंगे ॥ तौं आत्मसाक्षात्कारविषे मनकीकरणताकूंनिषेधकरणेहारी (यतोवाचोनिवर्त्तंतेअप्राप्यमनसासह । यन्मनसानमनुते) इत्यादिकश्रुतियोंका विरोध प्राप्तहोवैंगा ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ (मनसैवानुद्रष्टव्यं । दृश्यतेत्वग्र्ययाबुद्ध्या) इत्यादिकश्रुतियोंनैं तामनकूंहीं शुद्धआत्माकेसाक्षात्कारविषे करणपणा कथनकऱ्याहै॥ यातैं आत्मसाक्षात्कारविषे मनकी करणताकूंनिषेधकरणेहारी साउक्तश्रुति अशुद्धमनविषयकहै ॥ अर्थात् अशुद्धमनकरिकै आत्माकासाक्षात्कारहोतानहीं ॥ यातैं मनसैवानुद्रष्टव्यं इसउक्तश्रुतिकरिकै शुद्धमनकूंहीं आत्मसाक्षात्कारकीकरणता सिद्धहोवैहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ (तंत्वौपनिषदंपुरुषंपृच्छामि) इसश्रुतिविषे औपनिषद इसवचनकरिकै आत्माकूं उपनिषदरूपशब्दप्रमाणजन्यज्ञानकाविषय कह्याहै ॥ और ताआत्माकूं जोमानसप्रत्यक्षकाविषय मानोंगे ॥ तौं इसउक्तश्रुतिकाविरोध प्राप्तहोवैंगा ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ शास्त्रआचार्यकरिकैसंस्कृतशुद्धमनकूंहीं हम ब्रह्मात्मसाक्षात्कारविषे करणमानेहैं॥ यातैं तामनकूं उपनिषदरूपशास्त्रकीअपेक्षाहोणेतैं ताऔपनिषदश्रुतिका विरोधहोवैनहीं ॥ परंतु ताउपनिषदरूपशब्दकूं आत्मसाक्षात्कारविषे करणतानहींहै ॥ किंतु ताशुद्धमनकूंहींकरणताहै ॥ किंवा विशिष्टआत्माकेसाक्षात्कारविषे तामनकूं करणपणा सिद्धहींहै ॥ यातैं शुद्धआत्माकेसाक्षात्कारविषेभी तामनकूंहीं करणमान्याचाहिये ॥ तामनतैं भिन्न कोईकरणमानणेविषे एकतौं कल्पनागौरवदोष प्राप्तहोवैहै ॥ और दूसरा ताअर्थकासाधक कोईप्रमाणभीनहींहै ॥ यातैं अंतरप्रत्यक्षप्रमाका सोमनहीं करणहै इति ॥ अब इसउक्तमतकेखंडनपूर्वक आचार्योंकामत वर्णनकरेहैं ॥ तहां मनकूं जोइंद्रियरूपतासिद्धहोवै ॥ तौं तामनकूं अंतरप्रत्यक्षप्रमाकेप्रति करणपणासिद्धहोवै ॥ परंतु तामनविषे इंद्रियरूपताहीं संभवतीनहीं ॥ जिसकारणतैं (इंद्रियेभ्यःपराह्यर्थाअर्थेभ्य

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्चपरंमनः। इंद्रियेभ्यःपरंमनः) इत्यादिकश्रुतिस्मृतियोंविषे तामनकूं इंद्रियोंतैंपृथक्करिकै कथनकऱ्याहै॥ जोकदाचित् सोमनभी इंद्रियहोता॥ तौं यहउक्तश्रुतिस्मृति तामनकूं इंद्रियोंतैंपृथक् नहींकहती॥ यातैं सोमन इंद्रियनहींहै यहनिश्चयहोवैहै॥ किंवा सुखदुःखादिकोंकेसाक्षात्कारविषे जोमनकूं करणपणा सिद्ध होवै॥ तौं तामनकूं इंद्रियरूपतासंभवै॥ परंतु तामनकूं करणरूपताहींसंभवतीनहीं॥ काहेतैं सर्ववृत्तियोंके प्रति तामनकूंहीं उपादानकारणताहै यहवार्त्ता पूर्वकथनकरिआयेहैं॥ और जोपदार्थ जिसकार्यका उपादानकारणहोवैहै॥ सोपदार्थ तिसकार्यका करणहोतानहीं॥ जैसे घटरूपकार्यकेउपादानकारणरूप मृत्तिकाकूं ताघटकेप्रति करणरूपतानहींहै॥ किंतु दंडादिकोंकूंहीं करणरूपताहै॥ तैसे सर्ववृत्तियोंकेउपादानकारणरूपमनकूंभी तिनवृत्तियोंकेप्रति करणरूपता संभवतीनहीं॥ ताकरणताकेअसंभवहूए तामनकूं इंद्रियमानणा व्यर्थहै॥ ॥ शंका॥ ॥ मनकूं जोइंद्रियरूप नहींमानोंगे॥ तौं अंतरसुखदुःखादिकोंकेसाक्षात्कारविषे अप्रमात्वहीं प्राप्तहोवैंगा॥ ॥ समाधान॥ ॥ सुखदुःखादिकोंकासाक्षात्कारकोईप्रमाणकरिकैजन्यहैनहीं॥ यातैं तासाक्षात्कारविषे अप्रमापणा हमारेकूं अंगीकारहींहै॥ ॥ शंका॥ ॥ सुखादिकोंकेसाक्षात्कारकूं जोअप्रमारूपमानोंगे॥ तौं ताअप्रमाज्ञानकेविषयहूए तेसुखदुःखादिक शुक्तिरजतादिकोंकीन्यांई प्रातीतिकहींहोवैंगे॥ अर्थात् तास्वविषयकप्रतीतिके समकालवृत्तिहींहोवैंगे॥ ताकरिकै तिनसुखदुःखादिकोंविषे व्यावहारिकपणा नहींसिद्धहोवैंगा॥ ॥ समाधान॥ ॥ सुखदुःखादिकोंकासाक्षात्कार अप्रमारूपहींहोवैहै॥ याकारणतैं अंतःकरण तथाताकेधर्मसुखदुःखादिक शुक्तिरजतकीन्यांई प्रातीतिकहींहोवैहैं॥ व्यावहारिकहोवैनहीं॥ ॥ शंका॥ ॥ सुखदुःखादिकोंकूं जोप्रातीतिकमानोंगे॥ तौं तिनोंकूं हर्षशोकादिरूपअर्थक्रियाकाजनकपणा नहींहोवैंगा॥ व्या

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

तारिकपदार्थहीं ताअर्थक्रियाकाजनकहोवैहै॥ ॥ समाधान॥ ॥ व्यावहारिकपदार्थकीन्यांई कहां

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वहारिकपदार्थहीं ताअर्थक्रियाकाजनकहोवैहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ व्यावहारिकपदार्थकीन्यांई कहां प्रातीतिकपदार्थभी ताअर्थक्रियाका जनकहोवैहै ॥ जैसे प्रातीतिक शुक्तिरजत इसपुरुषके प्रवृत्तिरूपअर्थक्रियाका जनकहोवैहै ॥ तथा प्रातीतिकरज्जुसर्प इसपुरुषके भयपलायनादिरूपअर्थक्रियाका जनकहोवैहै ॥ तैसे तिनप्रातीतिकसुखदुःखादिकोंकूंभी हर्षशोकादिरूपअर्थक्रियाकाजनकपणा संभवैहै ॥ ॥ ॥ शंका ॥ ॥ जैसे अंतर सुखदुःखादिकोंकासाक्षात्कार प्रमाणकरिकैअजन्यहोणेतैं अप्रमारूप है ॥ तैसे अंतर आत्माकेसाक्षात्कारकूंभी प्रमाणकरिकैअजन्यहोणेतैं अप्रमारूपताहीं प्राप्तहोवैंगी ॥ जो कदाचित् ताआत्मसाक्षात्कारविषेभी तुंम अप्रमापणाहीं अंगीकारकरोंगे ॥ तौं ताअप्रमाज्ञानकाविषयहोणेतैं सोआत्माभी सुखदुःखादिकोंकीन्यांई प्रातीतिकहींहोवैंगा ॥ और आत्माकाप्रातीतिकपणा कोईभीआस्तिकवादीकूं इष्टनहींहै ॥ यातैं ताआत्मसाक्षात्कारविषे मनकूं अवश्यकरण मान्याचाहिये ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ सुखदुःखादिकोंकेसाक्षात्कारकीन्यांई आत्मसाक्षात्कारविषे जोअप्रमापणा कहतेहो ॥ सोक्या विशिष्टआत्माकेसाक्षात्कारकूं अप्रमापणाकहतेहो ॥ अथवा शुद्धआत्माकेसाक्षात्कारकूं अप्रमापणा कहतेहो ॥ तहां प्रथमपक्ष जोअंगीकारकरो ॥ सोतौं हमारेकूंभी इष्टहै ॥ अर्थात् विशिष्ट आत्माकेसाक्षात्कारकूं हमभी अप्रमारूपहींमानेहैं ॥ और जोद्वितीयपक्षअंगीकारकरो ॥ सो संभवता नहीं ॥ काहेतैं अहंब्रह्मास्मि याप्रकारका शुद्धआत्माकासाक्षात्कार तत्त्वमसिआदिकवेदांतवाक्यकरिकैजन्यहोणेतैं प्रत्यक्षप्रमारूपहींहै ॥ यातैं ताशुद्धआत्माकेसाक्षात्कारविषे अप्रमापणा संभवतानहीं ॥ ॥ शंका ॥ ॥ वाक्यकूं नियमतैं परोक्षज्ञानकाहींजनकपणाहोवैहै ॥ अपरोक्षज्ञानकाजनकपणाहोतानहीं ॥ यातैं तावेदांतवाक्यतैं आत्माकाअपरोक्षज्ञान संभवतानहीं ॥ ॥ समाधान ॥ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कहां शब्दतैंभी अपरोक्षहींज्ञानहोवैहै ॥ जैसे दशमस्त्वमसि इसवाक्यतैं तादशमपुरुषकूं आपणाअपरोक्षज्ञानहींहोवैहै ॥ तैसे तत्त्वमसिआदिकवाक्यतैंभी इसअधिकारीपुरुषकूं आत्माकाअपरोक्षज्ञानहींहोवैहै ॥ यहवार्त्ता आगे शाब्दप्रमाकेनिरूपणविषे कहेंगे ॥ ॥ इतिप्रत्यक्षप्रमानिरूपणं ॥ १ ॥ अब दूसरी अनुमितिप्रमाकानिरूपणकरेहैं ॥ तहां (लिंगज्ञानजन्यज्ञानं अनुमितिः) अर्थयह ॥ लिंगकेज्ञानकरिकैजन्य जोज्ञानहै सो अनुमिति कह्याजावैहै ॥ जैसे (अयंपर्वतः वन्हिमान् धूमवत्त्वात् योयोधूमवान्सवन्हिमान् यथामहानसः) अर्थयह ॥ यहपर्वत वन्हिवालाहै धूमवालाहोणेतैं ॥ जोजो धूमवालाहोवैहै ॥ सोसो वन्हिवालाहींहोवैहै ॥ जैसे महानसहै ॥ अन्नपकावणेकेस्थानकानाम महानसहै इति ॥ तहां इसप्रसिद्धअनुमानविषे पर्वततौं पक्षहै ॥ और वन्हि साध्यहै ॥ और धूम लिंगहै ॥ और महानस दृष्टांतहै ॥ तहां यहपर्वत धूमवालाहै इसप्रकारकेलिंगज्ञानतैं इसपुरुषकूं यहपर्वत वन्हिवालाहै याप्रकारकाअनुमितिज्ञान होवैहै ॥ यातैं सोउक्तअनुमितिकालक्षण संभवैहै ॥ अब सिद्धांतविषे ताअनुमितिकेलक्षणकूंघटावेहैं ॥ (जीवः ब्रह्माभिन्नः सच्चिदानंदलक्षणत्वात् ब्रह्मवत्) अर्थयह ॥ यहजीवात्मा ब्रह्मसेंअभिन्नहै सत्चित्आनंदरूपहोणेतैं ॥ जोजो सच्चिदानंदरूपहोवैहै ॥ सो ब्रह्मतैंअभिन्नहींहोवैहै ॥ जैसे ब्रह्म सच्चिदानंदरूपहोणेतैं ब्रह्मतैंअभिन्नहींहै ॥ तैसे यहजीवभी सच्चिदानंदरूपहोणेतैं ब्रह्मसेंअभिन्नहींहोवैंगा इति ॥ तहां इसअनुमानविषेभी जीवतौं पक्षहै ॥ और ब्रह्मकाअभेद साध्यहै ॥ और सच्चिदानंदरूपत्व लिंगहै ॥ और ब्रह्म दृष्टांतहै ॥ तहां यहजीव सच्चिदानंदरूपहै याप्रकारकेलिंगज्ञानतैंअनंतर इसअधिकारीपुरुषकूं यहजीव ब्रह्मसेंअभिन्नहै याप्रकारकाअनुमितिज्ञान होवैहै ॥ यातैं सोउक्तअनुमितिकालक्षण ईहांभी संभवैहै इति ॥ अब प्रसंगतैं पक्षादिकोंकेस्वरूपका वर्णनकरेहैं ॥ तहां अ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

क्तअनुमितिकालक्षण ईहांभी संभवैहै इति ॥ अब प्रसंगतैं पक्षादिकोंकेस्वरूपका वर्णनकरेहैं ॥ तहां अ

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नुमितिज्ञानतैंपूर्व इसपुरुषकूं जिसपदार्थविषे साध्यकासंशयहोवैहै ॥ सोपदार्थ पक्ष कह्याजावैहै ॥ जैसे प्रसिद्धअनुमानविषे पर्वतोवन्हिमान् इसअनुमितितैंपूर्व इसपुरुषकूं तापर्वतविषे वन्हिकासंशयरहेहै ॥ यातैं सोपर्वत ताउक्तअनुमानविषे पक्ष कह्याजावैहै ॥ और इसपुरुषकूं तापक्षविषे लिंगज्ञानकरिकै जिस पदार्थकाज्ञान होवैहै ॥ सोपदार्थ साध्य कह्याजावैहै ॥ जैसे ताप्रसिद्धअनुमानविषे इसपुरुषकूं पर्वतरूपपक्षविषे धूमरूपलिंगकेज्ञानतैं वन्हिकाज्ञानहोवैहै ॥ यातैं सोवन्हि ताअनुमानविषे साध्य कह्याजावैहै ॥ और इसपुरुषकूं साध्य लिंग दोनोंका जिसपदार्थविषे निश्चयहोवैहै ॥ सोपदार्थ दृष्टांत कह्याजावैहै ॥ जैसे ताप्रसिद्धअनुमानविषे इसपुरुषकूं महानसविषे वन्हिरूपसाध्यका तथाधूमरूपलिंगका निश्चयहींहै ॥ यातैं सोमहानस ताउक्तअनुमानविषे दृष्टांत कह्याजावैहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ जिसलिंगकेज्ञानकरिकै साअनुमिति जन्यहोवैहै ॥ तालिंगका क्यास्वरूपहै ॥ ऐसीशंकाकेप्राप्तहूए ॥ अब तालिंगकालक्षणकहेहैं ॥ (व्याप्त्याश्रयः लिंगं) अर्थयह ॥ साध्यकेव्याप्तिका जोआश्रयहोवैहै ॥ सो लिंग कह्याजावैहै ॥ जैसे ताप्रसिद्धअनुमानविषे वन्हिरूपसाध्यकेव्याप्तिकाआश्रय धूमहै ॥ यातैं सोधूम लिंग कह्याजावैहै इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ जिसव्याप्तिकाआश्रयहूए धूमादिक लिंगकह्येजावैहैं ॥ तिसव्याप्तिका क्यास्वरूपहै ॥ ऐसीशंकाकेप्राप्तहूए ॥ अब ताव्याप्तिकास्वरूप वर्णनकरेहैं ॥ तहां (साधनसाध्ययोर्नियतसामानाधिकरण्यं व्याप्तिः) अर्थयह ॥ साधन साध्य दोनोंका जोअव्यभिचरित सामानाधिकरण्यहै ताकानाम व्याप्तिहै ॥ जैसे प्रसिद्धअनुमानविषे धूमरूपसाधनका तथावन्हिरूपसाध्यका अव्यभिचरितसामानाधिकरण्यहै ॥ अर्थात् तावन्हिरूपसाध्यकूंछोडिकै सोधूमरूपसाधन कदाचित्भी स्वतंत्ररहतानहीं ॥ यहहीं ताधूमविषे तावन्हिकीव्याप्तिहै ॥ और वन्हितों ताधूमकूंछोडिकै त

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सलोहपिंडविषेरहेहै ॥ यातैं तावन्हिविषे ताधूमकी साउक्तव्याप्तिहैनहीं ॥ तहां इसउक्तव्याप्तिकाआश्र यहोणेतैं धूमादिकसाधनतौं व्याप्य कह्येजावैहैं ॥ और ताव्याप्तिकेनिरूपकहोणेतैं वन्हिआदिकसाध्य व्यापक कह्येजावैहैं ॥ लिंग साधन हेतु यहतीनोंशब्द एकहींअर्थकेवाचकहोवैहैं इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ ॥ इसउक्तव्याप्तिका इसपुरुषकूं किसउपायतैंज्ञानहोवैहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ जहांजहां धूमर हेहै तहांतहां वन्हिअवश्यरहेहै ॥ याप्रकारकाजो महानसादिकोंविषे वारंवार धूमवन्हिकेसहचारका दर्शनहै ॥ तासहचारदर्शनतैंहीं इसपुरुषकूं धूम वन्हिकाव्याप्यहै याप्रकारका व्याप्तिज्ञानहोवैहै ॥ परंतु जिससाधनविषे यहसाधन साध्यकेअभाववालेमेंवृत्तिहै याप्रकारका व्यभिचारज्ञानहोवैहै ॥ तिससाध नविषे तासहचारदर्शनकेहूएभी तासाध्यकेव्याप्तिका ज्ञानहोतानहीं ॥ जैसे जहांजहां पार्थिवत्वहोवै है तहांतहां लोहलेख्यत्वहोवैहै ॥ याप्रकारकेसहचारदर्शनकेहूएभी हीरकादिकोंविषे तालोहलेख्यत्वके अभावहूएभी सोपार्थिवत्व देखणेमेंआवैहै ॥ यातैं तासहचारदर्शनतैं तापार्थिवत्वविषे तालोहलेख्यत्वके व्याप्तिका ज्ञानहोतानहीं ॥ यातैं सोव्यभिचारज्ञान ताव्याप्तिज्ञानका प्रतिबंधकहोवैहै ॥ ताप्रतिबंधक केअभावसहित सोसहचारज्ञानहीं ताव्याप्तिज्ञानकाकारणहोवैहै ॥ तहां काष्ठादिकपार्थिवपदार्थोंविषे जोलोहकेशस्त्रतैं अक्षरादिकोंकालिखनाहै ताकानाम लोहलेख्यत्वहै इति ॥ इतनेंकहणेकरिकै ताअनु मानकीयहरीति सिद्धहोवैहै ॥ महानसादिकोंविषे धूमवन्हिकेसहचारदर्शनतैं इसपुरुषकूं धूम वन्हिके व्याप्तिवालाहै याप्रकारका व्याप्तिज्ञानहोवैहै ॥ तिसतैंअनंतर कोईकालविषे पर्वतकेसमीपगएहूए तापुरु षकूं तापर्वतविषे यहपर्वत धूमवालाहै याप्रकारका ताधूमरूपलिंगकाज्ञानहोवैहै ॥ तिसतैंअनंतर ताधू वैअनुभवकरीहूईव्याप्तिकेसंस्कार उद्बुद्धहोवैहैं ॥ तिसतैंअनंतर तापुरुषकूं यहपर्वत वन्हिवालाहै याप्रका

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

वैअनुभवकरीहुईव्याप्तिकेसंस्कार उद्बुद्धहोवैहैं ॥ तिसतैंअनंतर तापुरुषकूं यहपर्वत वन्हिवालाहै याप्रका

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रकाअनुमितिज्ञान होवैहै ॥ तहां सोव्याप्तिज्ञानतौं ताअनुमितिप्रमाकाकरणहोणेतैं अनुमानप्रमाणहै ॥ और ताव्याप्तिकेउद्बुद्धसंस्कार ताकरणका अवांतरव्यापारहै ॥ और साअनुमितिप्रमा फलहै ॥ और सोलिंगज्ञान संस्कारोंकाउद्बोधकहोणेतैं सहकारीकारणहै इति ॥ अब ताउक्तअनुमितिप्रमाका विभागवर्णनकरेहैं ॥ तहां साउक्तअनुमितिप्रमा स्वार्थानुमिति १ परार्थानुमिति २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकीहोवैहै ॥ तहां इसपुरुषकूं दूसरेकेउपदेशतैंविनाहीं व्याप्तिलिंगज्ञानादिकोंकरिकै जाअनुमितिहोवैहै ॥ सा स्वार्थानुमिति कहीजावैहै ॥ सास्वार्थानुमितिकीरीति पूर्वनिरूपणकरीहै ॥ अब दूसरी परार्थानुमितिकाप्रकार वर्णनकरेहैं ॥ तहां पूर्वउक्तरीतिसैं आप पर्वतविषेवन्हिकानिश्चयकरिकै दूसरेपुरुषकेप्रति जोतावन्हिकानिश्चयकरावणाहै ताकानाम परार्थानुमितिहै ॥ सापरार्थानुमिति न्यायकरिकैसिद्धहोवैहै ॥ तहां अवयवोंकेसमुदायकानाम न्यायहै ॥ और ताअनुमानवाक्यविषेस्थित जेप्रतिज्ञादिकवाक्यहैं तिनोंकानाम अवयवहै ॥ तहां नैयायिकतौं प्रतिज्ञा १ हेतु २ उदाहरण ३ उपनय ४ निगमन ५ इनपंचअवयवोंकेसमुदायकूं न्यायकहेहैं ॥ जैसे प्रसिद्धअनुमानविषे । पर्वतोवन्हिमान् । यह प्रतिज्ञावाक्यहै ॥ १ ॥ और । धूमवत्त्वात् । यह हेतुवाक्यहै ॥ २ ॥ और । योयोधूमवान्सवन्हिमान्यथामहानसः । यह उदाहरणवाक्यहै ॥ ३ ॥ और । तथाचायं । अर्थयह यहपर्वत तामहानसकीन्यांई धूमवालाहै यह उपनयवाक्यहै ॥ ४ ॥ और । तस्मात्तथा । अर्थयह धूमवालाहोणेतैं यहपर्वत तामहानसकीन्यांई वन्हिवालाहींहै ॥ यह निगमनवाक्यहै ॥ ५ ॥ इनप्रतिज्ञादिकपंचअवयवोंकेलक्षण न्यायप्रकाशकेषष्ठेपरिच्छेदविषे अनुमाननिरूपणविषे कथनकऱ्येहैं ॥ तेतहांसैंजानिलेणे ॥ इसप्रकारकेप्रतिज्ञादिकपंचअवयवोंकेसमुदायरूपन्यायतैं ताअन्यपुरुषकूंभी व्याप्तिलिंगादिकोंकाज्ञानहोइकै तावन्हिकीअ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नुमितिहोवैहै ॥ इसीकानाम परार्थानुमितिहै इति ॥ और वेदांतसिद्धांतविषेतौं प्रतिज्ञा १ हेतु २ उदा
हरण ३ इनतीनअवयवोंकेसमुदायकानाम न्यायहै ॥ अथवा उदाहरण १ उपनय २ निगमन ३ इन
तीनअवयवोंकेसमुदायकानाम न्यायहै ॥ इसीन्यायतैं ताअन्यपुरुषकूं अनुमितिज्ञानविषेउपयोगीव्या
प्तिआदिकोंकाज्ञानहोवैहै ॥ यातैं पंचअवयवमानणेनिष्फलहींहैं इति ॥ तहांपूर्व पर्वतोवन्हिमान् इसलौ
किकअनुमानवाक्यविषे तेप्रतिज्ञादिकअवयव दिखाए ॥ अब जीवब्रह्मकेअभेदसाधक वैदिकअनुमान
वाक्यविषेभी तेप्रतिज्ञादिकअवयव निरूपणकरेहैं ॥ तहां (जीवः परस्मान्नभिद्यते १ सच्चिदानंदलक्षण
त्वात् २ यःसच्चिदानंदलक्षणःसपरस्मान्नभिद्यतेयथापरमात्मा ३ तथाचायं ४ तस्मात्तथा ५) अर्थयह ॥
यहजीव परमात्मातैंभिन्ननहींहै ॥ यहतौं प्रतिज्ञावाक्यहै ॥ १ ॥ और सत्चित्आनंदरूपहोणेतैं ॥ यह
हेतुवाक्यहै ॥ २ ॥ और जोजो सच्चिदानंदरूपहोवैहै सोपरमात्मातैंभिन्नहोतानहीं जैसेपरमात्माहै ॥ यह
उदाहरणवाक्यहै ॥ ३ ॥ और यहजीव तापरमात्माकीन्यांई सच्चिदानंदरूपहै ॥ यह उपनयवाक्यहै ॥
॥ ४ ॥ और सच्चिदानंदरूपहोणेतैं यहजीव तापरमात्मातैंअभिन्नहींहै ॥ यह निगमनवाक्यहै ॥ ५ ॥ इस
प्रकारके प्रतिज्ञादिकतीनअवयवोंके वा उदाहरणादिकतीनअवयवोंके समुदायरूपन्यायतैं इसअधिका
रीपुरुषकूं व्याप्तिलिंगादिकोंकाज्ञानहोइकै जीवब्रह्मकेअभेदविषयकअनुमितिप्रमा होवैहै इति ॥ ॥
शंका ॥ ॥ ताजीवात्माविषे जबी किसीप्रमाणकरिकै सच्चिदानंदरूपता सिद्धहोवै ॥ तबी तासच्चिदा
नंदरूपत्वहेतुतैं ताजीवविषे ब्रह्मकाअभेद सिद्धहोवै ॥ परंतु ताजीवकीसच्चिदानंदरूपताविषे कोईभीप्रमा
णनहींहै ॥ यातैं सोसच्चिदानंदरूपत्वहेतु ताजीवरूपपक्षविषेअवृत्तिहोणेतैं स्वरूपासिद्धनामाहेत्वाभासहै ॥
ऐसीशंकाकेप्राप्तहूए ॥ अब श्रुति स्मृति युक्ति अनुभव इनचारोंकरिकै ताजीवात्माविषे सत्चित्आनं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दरूपतासिद्धकरेहैं ॥ तहां (अविनाशीवाअरेऽयमात्मा । सन्मात्रोनित्यःशुद्धोबुद्धः) अर्थयह ॥ हेमैत्रेयी यहआत्मा विनाशतैंरहितहै ॥ और यहआत्मा सत्तामात्रहै तथानित्यहै तथाशुद्धहै तथाज्ञानस्वरूपहै ॥ इत्यादिकश्रुतियोंकरिकै इसजीवात्माकी सत्यरूपता सिद्धहोवैहै ॥ और (नित्यःसर्वगतःस्थाणुरचलोयं सनातनः) अर्थयह ॥ यहआत्मा नित्यहै तथासर्वत्रव्यापकहै तथाकूटस्थहै तथाअचलहै तथासनातन है ॥ इत्यादिक गीतास्मृतिकेवचनोंकरिकैभी ताजीवात्माकी सत्यरूपता सिद्धहोवैहै ॥ और यहजी वात्मा जोसत्यनहींहोवै ॥ तौं कृतनाश तथाअकृताभ्यागम इनदोनोंदोषोंकीप्राप्तिहोवैंगी ॥ तहां क न्येहूएपुण्यपापकर्मका जोफलभोगतैंविना विनाशहै ताकानाम कृतनाशहै ॥ और पूर्वनहींकन्येहूए कर्मका जोफलभोगहै ताकानाम अकृताभ्यागमहै ॥ इत्यादिकयुक्तिकरिकैभी ताजीवात्माकी सत्यरू पता सिद्धहोवैहै ॥ और (अहंअस्मि) याप्रकारकेअनुभवतैंभी ताआत्माकी सत्यरूपता सिद्धहोवैहै ॥ यातैं सोजीवात्मा सत्यरूपहींहै ॥ और (अत्रायंपुरुषःस्वयंज्योतिर्भवति । आत्मैवास्यज्योतिर्भवति । योऽयंविज्ञानमयः । त्रिषुधामसुयद्भोग्यंभोक्ताभोगश्चयद्भवेत् तेभ्योविलक्षणःसाक्षीचिन्मात्रोऽहंसदाशिवः) अर्थयह ॥ इसस्वप्नअवस्थाविषे यहआत्माहीं स्वयंज्योतिहै ॥ अर्थात् तास्वप्नअवस्थाविषे सूर्यचंद्रादिक बाह्यज्योतियोंकेअभावहूएभी ताआत्मारूपज्योतिकरिकैहीं सर्वव्यवहारहोवैहै ॥ और इससंघातका आ त्माहींज्योतिहोवैहै ॥ और यहआत्मा विज्ञानरूपहै ॥ और जाग्रत् स्वप्न सुषुप्ति इनतीनअवस्थावोंवि षे यथाक्रमतैंविद्यमान जे विश्व तैजस प्राज्ञ यहतीनभोक्ताहैं ॥ तथा तिनोंके जेस्थूलसूक्ष्मादिकभोग्य पदार्थहैं ॥ तथा अंतःकरणकी वा अज्ञानकी वृत्तिरूपजोभोगहै ॥ तिनसर्वोंतैंविलक्षण जोचैतन्यमात्रसा क्षीहै सोमैंहूं ॥ इत्यादिकश्रुतियोंकरिकै ताजीवात्माकी चैतन्यरूपता सिद्धहोवैहै ॥ और (यथाप्रका

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शयत्येकःकृत्स्नंलोकमिमंरविः क्षेत्रंक्षेत्रीतथाकृत्स्नंप्रकाशयतिभारत) अर्थयह ॥ हेअर्जुन ॥ जैसे एकहीं सूर्यभगवान् संपूर्णलोकोंकूं प्रकाशकरेहै ॥ तैसे यहआत्मा संपूर्णसंघातकूं प्रकाशकरेहै ॥ इत्यादिकस्मृतियोंकरिकैभी ताजीवात्माकी चैतन्यरूपता सिद्धहोवैहै ॥ और जोकदाचित् यहआत्मा चैतन्यरूप नहींहोवै ॥ तौं प्रकाशककेअभावतैं इसजगत्विषे अंधताप्राप्तहोवैंगी ॥ इत्यादिकयुक्तियोंकरिकैभी ताजीवात्माकी चैतन्यरूपता सिद्धहोवैहै ॥ और (अहंअनुभवामि) याप्रकारकेअनुभवतैंभी ताआत्माकी चैतन्यरूपता सिद्धहोवैहै ॥ यातैं सोजीवात्मा चैतन्यरूपहींहै ॥ और (योवैभूमातत्सुखं । कोह्येवान्यात्कःप्राण्यात्यदेषआकाशआनंदोनस्यात् । एषह्येवानंदयाति) अर्थयह ॥ देशकालवस्तुपरिच्छेदतैंरहित जोआत्माहै सोई सुखरूपहै ॥ और जोकदाचित् यहआत्मा आनंदरूप नहींहोवै ॥ तौं अपानकेव्यापारकूं तथाप्राणकेव्यापारकूं तथादेहइंद्रियादिकोंकेव्यापारकूं कौंनकरेंगा ॥ किंतु कोईभीनहींकरेंगा ॥ जिसकारणतैं लोकोंकाजीवन आनंदपूर्वकहींहोवैहै ॥ अतिदुःखकेप्राप्तहूए प्राणोंकावियोगहीं देखणेमें आवेहै ॥ इत्यादिकश्रुतियोंकरिकै ताजीवात्माकी आनंदरूपता सिद्धहोवैहै ॥ और (योंऽतःसुखोंऽतरारामस्तथांऽतर्ज्योतिरेवयः) इत्यादिक गीतास्मृतिवचनकरिकैभी ताजीवात्माकी आनंदरूपता सिद्धहोवैहै ॥ और जोकदाचित् यहआत्मा आनंदरूपनहींहोवै ॥ तौं सर्वलोकोंकी आपणेआत्माविषे परमप्रीति नहींहोणीचाहिये ॥ और सर्वलोकोंकी आपणेआत्माविषेतौं परमप्रीतिहीं देखणेमेंआवैहै ॥ और सुषुप्तितैंउठ्येहूएपुरुषकूं मैंसुखीसोताभया याप्रकारकास्मरणहोवैहै ॥ सोस्मरण अनुभवतैंविनाहोतानहीं ॥ यातैं सुषुप्तिविषे सुखकेअनुभवकीकल्पनाकरावैहै ॥ तहां सुषुप्तिविषे कोईविषयजन्यआनंदतौंहै नहीं ॥ किंतु आपणेस्वरूपकाहींआनंदहै ॥ इत्यादिकयुक्तियोंतैंभी ताजीवात्माकी आनंदरूपता सि

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

नहीं ॥ किंतु आपणेस्वरूपकाहींआनंदहै ॥ इत्यादिकयुक्तियोंतैंभी ताजीवात्माकी आनंदरूपता सि

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

द्धहोवैहै ॥ और मैं कदाचित्भीअप्रियनहींहोवों याप्रकारकेअनुभवतैंभी ताजीवात्माकी आनंदरूपता सिद्धहोवैहै ॥ यातैं यहजीवात्मा आनंदरूपहींहै ॥ इसप्रकार श्रुति स्मृति युक्ति अनुभव इनचारोंक रिकै इसजीवात्माकी सत्चित्आनंदरूपतासिद्धहोणेतैं सोसच्चिदानंदरूपत्वहेतु ताजीवात्मारूपपक्षविषे वृत्तिहोणेतैं स्वरूपासिद्धनामाहेत्वाभासनहींहै इति ॥ किंवा ताउक्तअनुमानविषे पक्षरूपजीवात्माकी सच्चिदानंदरूपता जैसे श्रुतिआदिकप्रमाणोंकरिकैसिद्धहै ॥ तैसे तादृष्टांतरूपपरमात्माकी सच्चिदानंदरूपताभी श्रुतिप्रमाणतैंहींसिद्धहै ॥ तहांश्रुति ॥ (सत्यंज्ञानमनंतंब्रह्म आनंदोब्रह्म) अर्थयह ॥ ब्रह्म सत्य रूपहै तथाज्ञानरूपहै तथाअनंतरूपहै तथाआनंदरूपहै इति ॥ यातैं सोसच्चिदानंदरूपत्वहेतु तापरमात्मारूपदृष्टांतविषेभी विद्यमानहींहै ॥ यद्यपि ताउक्तअनुमानविषे जीवात्मातैंअभिन्नब्रह्मकूं दृष्टांतरूपता संभवतीनहीं ॥ जिसकारणतैं सर्वत्र पक्षतैंभिन्नहींदृष्टांतहोवैहै ॥ तथापि जीवब्रह्मकाकल्पितभेदमानिकै ताब्रह्मकूं दृष्टांतरूपता संभवैहै ॥ और वास्तवतैंतौं ताजीवब्रह्मकाअभेदहींहै ॥ सोजीवब्रह्मकाअभेद प्रथमपरिच्छेदविषे भेदवादकेखंडनपूर्वक विस्तारतैंकथनकरिआयेहैं इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ मैंब्रह्मरूपहूं याप्रकारकीउक्तअनुमिति सर्वपुरुषोंकूं उत्पन्नहोवैहै ॥ अथवा कोईकपुरुषकूंहोवैहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ जिसपुरुषनैं ब्रह्मवेत्तागुरुकेमुखतैं श्रद्धाभक्तिपूर्वक वेदांतशास्त्रकाश्रवणकऱ्याहै ॥ तथा प्रथमपरिच्छेदविषेकथनकरीरीतिसैं तत्त्वंपदार्थकाशोधनकऱ्याहै ॥ तिसपुरुषकूंहीं आपणेआत्माविषे सच्चिदानंदरूपत्वहेतुकेज्ञानतैं अहंब्रह्मास्मि याप्रकारकी जीवब्रह्मकेअभेदविषयकअनुमिति उत्पन्नहोवैहै ॥ वेदांतश्रवणादिकोंतैंरहितपुरुषकूं साअभेदविषयकअनुमिति उत्पन्नहोतीनहीं ॥ ॥ शंका ॥ ॥ (तं त्वौपनिषदंपुरुषंपृच्छामि) इसश्रुतिनैं ताब्रह्मकूं केवलउपनिषदरूपशब्दप्रमाणकाविषयकह्याहै ॥ जोक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दाचित् ताब्रह्मविषे अनुमानप्रमाणकीविषयतामानोंगे ॥ तौं ताउक्तश्रुतिकाविरोधहोवैंगा ॥ यातैं ता ब्रह्मविषे उक्तअनुमानकीविषयता संभवतीनहीं ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ ताब्रह्मविषे अनुमानकूं स्वतं त्रप्रमाणतानहींहै ॥ अथवा वेदांतकासहकारीत्वरूपकरिकैभी प्रमाणतानहींहै ॥ तहां जोप्रथमपक्ष अं गीकारकरो ॥ सोतौं हमारेकूंभीइष्टहै ॥ अर्थात् पुरुषकीकल्पनारूपअनुमानप्रमाणकूं अतिइंद्रियब्रह्मवि षे स्वतःप्रमाणरूप हमभी मानतेनहीं ॥ और जोद्वितीयपक्ष अंगीकारकरो ॥ सो संभवतानहीं ॥ का हेतैं (आत्मावाऽरेद्रष्टव्यःश्रोतव्योमंतव्यः) इसश्रुतिनैं तथा (श्रोतव्यःश्रुतिवाक्येभ्योमंतव्यउपपत्ति भिः) इसस्मृतिनैं आत्माकेसाक्षात्कारवासतै मननकाविधानकऱ्याहै ॥ और अनुमानादिरूपयुक्तियों करिकै जोआत्माकाविचारहै ताकानाम मननहै ॥ इसप्रकार मननविषेउपयोगीपणेकरिकै ताअनुमा नकूं वेदांतशास्त्रकीसहकारिताकरिकै प्रमाणरूपता हमारेकूं अंगीकारहींहै ॥ जोकदाचित् सर्वप्रकारतैं ताअनुमानकूं अप्रमाणरूपहीं मानिये ॥ तौं श्रुतिस्मृतियोंविषे जोमननकाविधानकऱ्याहै सो व्यर्थहीं होवैंगा ॥ यातैं वेदांतशास्त्रकीसहकारितारूपकरिकै ताअनुमानकीप्रमाणता अवश्यमानीचाहिये ॥ याकारणतैंहीं (अहंब्रह्मास्मि अयमात्माब्रह्म) इत्यादिकश्रुतियोंकरिकैसिद्ध जीवब्रह्मकेअभेदकूं ताउ क्तअनुमानकरिकैसिद्धकऱ्याहै ॥ तहां जिसअर्थकूं वेदांतशास्त्र प्रतिपादनकरेहै ॥ तिसीअर्थकूं जोअनु मान सिद्धकरेहै ॥ सोअनुमान तावेदांतशास्त्रका सहकारी कह्याजावैहै इति ॥ किंवा (नेहनानास्ति किंचन । वाचारंभणंविकारोनामधेयं । मायामात्रमिदंद्वैतं) इत्यादिकश्रुतियोंकरिकै जैसे प्रपंचकामि थ्यापणा सिद्धहै ॥ तैसे अनुमानकरिकैभी सोमिथ्यापणा सिद्धहोवैहै ॥ सोदिखावैहैं ॥ (व्यावहारिकप्र पंचः मिथ्या दृश्यत्वात् शुक्तिरूप्यवत्) अर्थयह ॥ यहआकाशादिक व्यावहारिकप्रपंच मिथ्याहोणेकूंयो

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

ग्यतै ॥ दृश्यरूपहोणेतैं ॥ जोजोपदार्थ दृश्यरूपहोवैहै ॥ सोसोपदार्थ मिथ्याहींहोवैहै ॥ जैसे शुक्तिरजत

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ग्यहै ॥ दृश्यरूपहोणेतैं ॥ जोजोपदार्थ दृश्यरूपहोवैहै ॥ सोसोपदार्थ मिथ्याहींहोवैहै ॥ जैसे शुक्तिरजत दृश्यरूपहोणेतैं मिथ्याहींहै इति ॥ इसअनुमानकरिकै इसअधिकारीपुरुषकूं ब्रह्मतैंभिन्नसर्वप्रपंचविषे मिथ्यात्वअनुमिति उत्पन्नहोवैहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ इसप्रपंचविषे मिथ्यापणाक्याहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ सत्असत्तैंविलक्षणतारूप जोअनिर्वचनीयपणाहै यहहीं ताप्रपंचविषेमिथ्यापणाहै ॥ तहां प्रपंचकूं जोसत्यमानिये ॥ तौं ब्रह्मकीन्यांई ताप्रपंचका बाधनहींहोवैंगा ॥ और ब्रह्मसाक्षात्कारकरिकै ताप्रपंचकाबाधहोवैहै ॥ यातैं सोप्रपंच सत्यतैंभीविलक्षणहै ॥ और ताप्रपंचकूं जोअसत्यमानिये ॥ तौं नरशृंगवंध्यापुत्रकीन्यांई ताप्रपंचका प्रत्यक्षनहींहोवैंगा ॥ और ताप्रपंचकाप्रत्यक्ष सर्वकूंहोवैहै ॥ यातैं सोप्रपंच असत्यतैंभीविलक्षणहै ॥ और सत् असत् दोनोंका परस्परविरोधहोणेतैं सत्असत्उभयरूपताभी ताप्रपंचविषे संभवतीनहीं ॥ इसप्रकारका अनिर्वचनीयपणाहीं ताप्रपंचविषे तथाशुक्तिरजतविषे मिथ्यापणाहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ जिसदृश्यत्वरूपहेतुतैं प्रपंचविषे मिथ्यापणा सिद्धकरतेहो ॥ सोदृश्यत्वहेतु व्यभिचारीहोणेतैं असत्हेतुहींहै ॥ काहेतैं दर्शनकेविषयत्वकानाम दृश्यत्वहै ॥ और वृत्तिज्ञानकानाम दर्शनहै ॥ तावृत्तिज्ञानकाविषयत्वरूपदृश्यत्व ब्रह्मविषेभीरहेहै ॥ और ताब्रह्मविषे सोउक्तमिथ्यात्वरूपसाध्य हैनहीं ॥ यातैं तामिथ्यात्वरूपसाध्यकेअभाववालेब्रह्मविषेवृत्तिहोणेतैं सोदृश्यत्वहेतु व्यभिचारीहीं है ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ ताउक्तअनुमानविषे दृश्यत्वशब्दकरिकै वृत्तिज्ञानकाविषयत्वरूपदृश्यत्व विवक्षितनहींहै ॥ किंतु तावृत्तिविषेआरूढजोफलचैतन्यहै ताकाविषयत्वरूपदृश्यत्वहीं विवक्षितहै ॥ तहां ताब्रह्मविषे आवरणकीनिवृत्तिवासतै वृत्तिकीविषयताहूएभी स्वप्रकाशरूपहोणेतैं ताफलचैतन्यकीविषयताहैनहीं ॥ यातैं ताब्रह्मविषेप्रवृत्तिहोणेतैं सोदृश्यत्वहेतु व्यभिचारीनहींहै ॥ किंतु सत्हेतुहै ॥ ईहां

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यहतात्पर्यहै ॥ एक सत्हेतुहोवैहै ॥ दूसरा असत्हेतुहोवैहै ॥ तहां सत्हेतुतैंतौं तिसतिससाध्यकीसिद्धि होवैहै ॥ और असत्हेतुतैं तासाध्यकीसिद्धिहोतीनहीं ॥ तिसीअसत्हेतुकूं दुष्टहेतु कहेहैं तथाहेत्वाभास कहेहैं ॥ सोहेत्वाभासभी सव्यभिचार १ विरुद्ध २ असिद्ध ३ सत्प्रतिपक्ष ४ बाधित ५ इसभेदकरिकै पंचप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां प्रथम सव्यभिचारभी साधारण १ असाधारण २ अनुपसंहारी ३ इसभेदकरिकै तीनप्रकारकाहोवैहै ॥ और तीसरा असिद्धभी आश्रयासिद्ध १ स्वरूपासिद्ध २ व्याप्यत्वासिद्ध ३ इसभेदकरिकै तीनप्रकारकाहोवैहै ॥ इनपंचहेत्वाभासोंकेलक्षण तथाउदाहरण न्यायप्रकाशकेषष्ठेपरिच्छेदविषे अनुमाननिरूपणविषे हमनैं विस्तारतैंनिरूपणकऱ्येहैं ॥ ग्रंथविस्तारकेभयतैं ईहां निरूपणकऱ्येनहीं ॥ जिसकूं जिज्ञासाहोवै ॥ तिसनैं तहांसेजानिलेणे इति ॥ ईहां नैयायिक ताअनुमानकूं केवलान्वयि १ केवलव्यतिरेकि २ अन्वयव्यतिरेकि ३ इसभेदकरिकै तीनप्रकारकामानेहैं ॥ तहां जिसअनुमानकेसाध्यका कहांभी अत्यंताभाव नहींहोवै ॥ सोअनुमान केवलान्वयि कह्याजावैहै ॥ जैसे (घटोऽभिधेयःप्रमेयत्वात्) इत्यादिकअनुमानहैं ॥ ईहां अभिधेयत्वरूपसाध्यका कहांभी अत्यंताभावनहींहै ॥ किंतु पदकावाच्यत्वरूपअभिधेयत्व सर्वपदार्थोंविषेरहेहै ॥ तथा प्रमाज्ञानकाविषयत्वरूपप्रमेयत्वभी सर्वपदार्थोंविषेरहेहै ॥ यातैं यहउक्तअनुमान केवलान्वयि कह्याजावैहै ॥ और जिसअनुमानके साध्यका तथाहेतुका कहांभी सहचारदर्शन नहींहोवै ॥ किंतु तासाध्यहेतुकेअभावोंकाहीं सहचारदर्शनहोवै ॥ सोअनुमान केवलव्यतिरेकि कह्याजावैहै ॥ जैसे (पृथिवी इतरेभ्योभिद्यते गंधवत्त्वात् यन्नैवंतन्नैवं यथाजलादिः) इत्यादिक अनुमानहैं ॥ ईहां पृथिवीतैंइतरजलादिकपदार्थोंकेभेदरूपसाध्यका तथागंधरूपहेतुका तापृथिवीरूपपक्षकूंछोडिकै अन्यत्रकहांभी सहचारहैनहीं ॥ किंतु तासाध्यहेतु

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

का तथागंधरूपहेतुका तापृथिवीरूपपक्षकंसोहिके अन्यत्रकहांभी सहचारहैनहीं ॥ किंतु तासाध्यहेतु

केअभावोंकाहीं जलादिकोंविषे सहचारहै ॥ यातैं यहउक्तअनुमान केवलव्यतिरेकि कह्याजावैहै ॥ और जिसअनुमानके साध्यहेतुदोनोंका तथातिनदोनोंकेअभावोंका अन्यत्र सहचारदर्शनहोवैहै॥ सो अनुमान अन्वयव्यतिरेकि कह्याजावैहै ॥ जैसे (पर्वतो वन्हिमान् धूमवत्त्वात्) यह प्रसिद्धअनुमान है ॥ ईहां वन्हिरूपसाध्यका तथाधूमरूपहेतुका महानसविषे सहचार देखणेमेंआवैहै ॥ और तिनदोनों केअभावोंका जलहृदविषे सहचार देखणेमेंआवैहै ॥ यातैं यहउक्तअनुमान अन्वयव्यतिरेकि कह्याजा वैहै ॥ इनतीनप्रकारकेअनुमानोंका विस्तारतैंनिरूपण न्यायप्रकाशकेषष्ठेपरिच्छेदविषेकऱ्याहै ॥ सो त हांसेंजानिलेणा इति ॥ सोयहनैयायिकोंकामत असंगतहै ॥ काहेतैं (नेहनानास्तिकिंचन) इत्यादि कश्रुतियां ब्रह्मविषे सर्वप्रपंचकाअत्यंताभाव कथनकरेहैं ॥ यातैं ब्रह्मतैंभिन्न किसीभीपदार्थविषे अत्यं ताभावकाअप्रतियोगीपणानहींहै ॥ किंतु सर्वअनात्मपदार्थ ताअत्यंताभावकेप्रतियोगीहींहैं ॥ यातैं ताअनुमानविषे केवलअन्वयिरूपता संभवतीनहीं ॥ इसप्रकार सोकेवलव्यतिरेकिअनुमानभी संभवता नहीं॥ काहेतैं जिनपदार्थोंका परस्पर व्याप्यव्यापकभावहोवैहै ॥ तिनपदार्थोंकाहीं परस्पर साधनसा ध्यभावहोवैहै यहनियमहै ॥ इसनियमका ताकेवलव्यतिरेकिअनुमानविषे भंगहोवैहै ॥ जिसकारणतैं ताउक्तकेवलव्यतिरेकिअनुमानविषे गंध इतरभेद इनदोनोंकातौं साधनसाध्यभाव मान्याहै॥ और इत रभेदाभाव तथागंधाभाव इनदोनोंका व्याप्यव्यापकभाव मान्याहै ॥ जोकदाचित् अन्यपदार्थोंकेव्या प्तिज्ञानतैं अन्यपदार्थकीअनुमितिहोतीहोवै ॥ तौं पर्वतविषे वन्हिव्याप्यधूमकेज्ञानतैं जलकीभी अनु मितिहोणीचाहिये ॥ यातैं ताअनुमानविषे केवलव्यतिरेकिरूपताभी संभवतीनहीं ॥ ताकेवलअन्वयि के तथाकेवलव्यतिरेकिके असंभवहूए ताअनुमानविषे अन्वयव्यतिरेकिरूपताभी संभवतीनहीं ॥ यातैं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तिरेककरिकै तादोषसंस्कारकूं अर्थाध्यास ज्ञानाध्यास दोनोंकेप्रति कारणतासिद्धहोवैहै ॥ यातैं ताज्ञानाध्यासकीन्यांई ताअर्थाध्यासकूंभी दोषसंस्कारकरिकैजन्यता संभवैहै इति ॥ इसउक्तअभिप्रायकरिकैहीं श्रीभगवान्भाष्यकारनैं (स्मृतिरूपःपरत्रपूर्वदृष्टावभासः) यह अध्यासकालक्षण कऱ्याहै ॥ यहअध्यासकालक्षण ज्ञानाध्यासका तथाअर्थाध्यासका साधारणहै ॥ तहां ज्ञानाध्यासपक्षविषेतौं ताभाष्यउक्तलक्षणका यहअर्थकरणा ॥ स्मृतिरूप कहिये संस्कारजन्यहोणेतैंस्मृतिकेसदृश ऐसाजो परत्र पूर्वदृष्टावभास कहिये पूर्वदृष्टअर्थकेसजातीयअर्थकाज्ञानहै ताकानाम ज्ञानाध्यासहै ॥ जैसे शुक्तिविषे इदंरजतं यहज्ञानहै ॥ और अर्थाध्यासपक्षविषे ताभाष्यउक्तलक्षणका यहअर्थकरणा ॥ स्मृतिरूप कहिये प्रमाणअजन्यज्ञानकाविषय ऐसाजो पूर्वदृष्टअर्थकेसजातीयअर्थहै ताकानाम अर्थाध्यासहै ॥ जैसे शुक्तिआदिकोंविषे रजतादिकहैं इति ॥ इसप्रकार अध्यासकेसिद्धहूए प्रमातृत्व कर्तृत्व भोक्तृत्व आदिकबंधकूं अध्यस्तहोणेतैं मिथ्यापणा बनिसकेहै ॥ यातैं (तरतिशोकमात्मवित्) इसउक्तश्रुतिवचनतैं श्रवणकऱ्याजोबंधविषेज्ञाननिवर्त्यत्व सो ताबंधकेमिथ्यापणेतैंविना अनुपपन्नहूआ ताबंधकेमिथ्यापणेकूंकल्पनाकरावैहै ॥ यहपूर्वउक्त श्रुतार्थापत्ति सिद्धभई ॥ ॥ इतिअर्थापत्तिप्रमानिरूपणं ॥ ५ ॥ ॥ अब षष्ठी अभावप्रमाकानिरूपणकरेहैं ॥ तहां (योग्यानुपलब्धिकरणिकाप्रमा अभावप्रमा) अर्थयह ॥ योग्यएसीजाअनुपलब्धिहै साअनुपलब्धिहैकरण जिसप्रमाका साप्रमा अभावप्रमा कहीजावैहै ॥ तहां जिसअधिकरणविषे जिसअभावकाज्ञानहोवैहै ॥ तिसअधिकरणविषे जो तिसअभावकेप्रतियोगीकाज्ञानहै ताकानाम उपलब्धिहै ॥ तिसउपलब्धिकूं उपलंभभी कहेहैं ॥ ताउपलब्धिकेअभावकानाम अनुपलब्धिहै तथाअनुपलंभहै ॥ साअनुपलब्धिहीं अभावप्रमाकाकरणहोवैहै ॥ जैसे जिसभूतलविषे घटोऽस्ति

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

याप्रकारका घटकाज्ञान होवैहै ॥ तिसभूतलविषे घटोनास्ति याप्रकारका घटाभावकाज्ञान होतानहीं ॥ किंतु घटोऽस्ति इसज्ञानका जहां अभावहोवैहै ॥ तहांहीं घटोनास्ति याप्रकारका घटाभावकाज्ञान होवैहै ॥ यातैं ताघटज्ञानकेअभावरूपअनुपलब्धिविषे ताघटाभावविषयकप्रमाकीकरणता अन्वयव्यतिरेककरिकैसिद्धहै ॥ परंतु ताअनुपलब्धिविषे योग्यताभी अपेक्षितहै ॥ जोकदाचित् केवल ताअनुपलब्धिमात्रतैंहीं साअभावप्रमा उत्पन्नहोतीहोवै ॥ तौं अंधकारविषे विद्यमानहूएघटकीभी उपलब्धिहोतीनहीं ॥ यातैं घटकेउपलब्धिकाअभावरूपअनुपलब्धि तहां विद्यमानहींहै ॥ तथा आत्माविषे विद्यमानहूएधर्मअधर्मकीभी उपलब्धिहोतीनहीं ॥ यातैं ताधर्माधर्मकेउपलब्धिकाअभावरूपअनुपलब्धि तहां विद्यमानहींहै ॥ यातैं ताअनुपलब्धिकरिकै ताअंधकारविषेभी घटाभावकीप्रमा उत्पन्नहोणीचाहिये ॥ तथा आत्माविषे धर्माधर्मकेअभावकीप्रमा उत्पन्नहोणीचाहिये ॥ और उक्तस्थलविषे साअभावविषयकप्रमा उत्पन्नहोतीनहीं ॥ यातैं अभावप्रमाकीउत्पत्तिकरणेविषे ताअनुपलब्धिकूं योग्यताकी अपेक्षा अवश्यहोवैहै ॥ तहां ताअनुपलब्धिकरिकै जिसअभावकाज्ञानहोवैहै ॥ ताअभावकेप्रतियोगीकाआरोपकरिकै जहां ताप्रतियोगीकेउपलब्धिका आपादनकऱ्याजावैहै ॥ ताउपलब्धिकाअभावरूपजाअनुपलब्धिहै सा योग्यानुपलब्धि कहीजावैहै ॥ जैसे प्रकाशवालेभूतलविषे (यदिअत्रघटःस्यात् तर्हिउपलभ्येत) अर्थयह ॥ इसभूतलविषे जोकदाचित् घटहोवै ॥ तौं इसभूतलकीन्यांई सोघटभी प्रतीतहोवै ॥ परंतु प्रतीतहोतानहीं ॥ यातैं इसभूतलविषे घट नहींहै ॥ इसप्रकार घटरूपप्रतियोगीकेसत्त्वकाआरोपणकरिकै ताघटकेउपलब्धिका आपादन कऱ्याजावैहै ॥ यातैं ताघटकेउपलब्धिकाअभावरूप साघटकीअनुपलब्धि योग्यकहीजावैहै ॥ तायोग्यानुपलब्धितैं ताप्रकाशवालेभूतलविषे घटोनास्ति

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प साघटकीअनुपलब्धि योग्यकहीजावैहै ॥ तायोग्यानुपलब्धितैं ताप्रकाशवालेभूतलविषे घटोनास्ति

याप्रकारकी अभावप्रमा उत्पन्नहोवैहै ॥ और अंधकारविषे विद्यमानहूआभी घट प्रतीतहोतानहीं ॥ और आत्माविषे विद्यमानहूआभीधर्माधर्म प्रतीतहोतानहीं ॥ यातैं इसअंधकारविषे जोघटहोवै तौं प्रतीतहोवै तथाआत्माविषे जोधर्माधर्महोवै तौंप्रतीतहोवै याप्रकारतैं घटादिरूपप्रतियोगीकेसत्त्वकाआरोपणकरिकै ताकेउपलब्धिका आपादनकऱ्याजातानहीं ॥ यातैं ताअंधकारविषे घटकीअनुपलब्धि तथाआत्माविषे धर्माधर्मकीअनुपलब्धि योग्यनहींहै ॥ याकारणतैं अंधकारविषे घटकेअभावका तथा आत्माविषे धर्माधर्मकेअभावका अनुपलब्धितैंज्ञानहोतानहीं ॥ किंतु अनुमानादिकोंतैं ताअभावका ज्ञानहोवैहै ॥ तहां साउक्तयोग्यानुपलब्धितौं करणहै ॥ और अभावप्रमा फलहै इति ॥ ईहां नैयायिकतौं यहकहेहैं ॥ पूर्वउक्तयोग्यानुपलब्धिकरिकैसहकृत इंद्रियरूपप्रत्यक्षप्रमाणकरिकैहीं भूतलादिकोंविषे घटादिकोंकेअभावकाज्ञान होइसकेहै ॥ ताअभावकेज्ञानवासतै तायोग्यानुपलब्धिकूं पृथक्प्रमाणतामानणेविषे गौरवदोषकीहीं प्राप्तिहोवैहै ॥ और जोकोईऐसाकहै ॥ ताघटाभावकाअधिकरण जोभूतलहै ॥ तिसकेसाथितौं चक्षुइंद्रियका संयोगसंबंधहै ॥ परंतु ताघटाभावकेसाथि ताचक्षुइंद्रियका कोई संबंधहैनहीं ॥ यातैं ताअभावकेज्ञानविषे इंद्रियकूं करणतासंभवतीनहीं ॥ सोयहकहणाभी असंगतहै ॥ काहेतैं ताअभावकेसाथि इंद्रियका संयोगादिरूपसंबंधकेअभावहूएभी विशेषणविशेष्यभावरूपसंबंध विद्यमानहै ॥ तासंबंधकरिकै ताअभावका इंद्रियकरिकैप्रत्यक्षज्ञान संभवैहै इति ॥ सोयहनैयायिकोंकामत समीचीननहींहै ॥ काहेतैं चक्षुआदिकइंद्रियका भूतलादिकअधिकरणकेसाथिहीं संयोगादिरूपसंबंधहै ॥ ताअभावकेसाथि कोईभीसंबंध हैनहीं ॥ यातैं तेचक्षुआदिकइंद्रिय ताभूतलादिरूपअधिकरणकेज्ञानविषेहीं चरितार्थहैं ॥ अभावज्ञानविषे ताइंद्रियकूं करणतानहींहै ॥ और नैयायिकोंनैं जो इंद्रि

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यका अभावकेसाथि विशेषणविशेष्यभावसंबंध मान्याहै ॥ सोभी असंगतहै ॥ काहेतैं दोपदार्थोंका प
रस्परसंबंध होवैहै ॥ सोसंबंध तिनदोसंबंधियोंतैंभिन्नहोवैहै ॥ तथा तिनदोनोंसंबंधीयोंकेआश्रितहोवै
है ॥ तथा एकहोवैहै ॥ जैसे चक्षुभूतलकासंयोगसंबंध ताचक्षुभूतलरूपदोनोंसंबंधीयोंतैं भिन्नभीहै ॥
तथा तिनदोनोंसंबंधीयोंकेआश्रितभीहै ॥ तथा एकभीहै ॥ इसप्रकारका संबंधकालक्षण ताविशेषणवि
शेष्यभावविषे घटतानहीं ॥ काहेतैं । घटाभाववत्भूतलं । इसप्रतीतिविषे घटाभाव विशेषणहै और भू
तल विशेष्यहै ॥ और । भूतलेघटाभावः । इसप्रतीतिविषे भूतल विशेषणहै और घटाभाव विशेष्यहै ॥
तहां ताअभावविषेरहीजाविशेषणताहै ताकानाम विशेषणभावहै ॥ और ताअभावविषेरहीजाविशेष्यता
है ताकानाम विशेष्यभावहै ॥ तहां सोविशेषणभावतौं ताविशेषणरूपहींहै ॥ और सोविशेष्यभावभी
ताविशेष्यरूपहींहै ॥ ताविशेषणविशेष्यतैं सोविशेषणविशेष्यभाव भिन्ननहींहै ॥ और अभेदविषे आधा
रआधेयभाव होतानहीं ॥ यातैं सोविशेषणविशेष्यभाव ताअभावरूपसंबंधीतैं भिन्ननहींहै ॥ तथा ता
संबंधीकेआश्रितभीनहींहै ॥ तथाविशेषणताविशेष्यतारूपतैं दोप्रकारकाहोणेतैं एकभीनहींहै ॥ यातैं ता
विशेषणविशेष्यभावकूं इंद्रियसंबंधरूपता संभवतीनहीं ॥ किंवा अभावकेप्रत्यक्षविषे जोविशेषणतास
न्निकर्षकूं कारणमानिये ॥ तौं व्यवहितभूतलविषेस्थितअभावकाभीचक्षुइंद्रियकरिकैप्रत्यक्षहोणाचाहि
ये ॥ जिसकारणतैं ताभूतलविषे सोअभाव विशेषणरूपतैं विद्यमानहींहै ॥ तथा चक्षुइंद्रियकाभी ताभू
तलकेसाथि संयुक्तसंयोगादिरूप परंपरासंबंध विद्यमानहींहै ॥ किंवा विशेषणताकूंभी जोइंद्रियकासन्नि
कर्षमानिये ॥ तौं भूतलविषेस्थितघटका तथाताघटविषेस्थितरूपादिकोंकाभी ताविशेषणतासन्निकर्षक
रिकैहीं प्रत्यक्षसंभवैहै ॥ यातैं नैयायिकोंनैं अंगीकारकऱ्ये जे समवायादिकसन्निकर्षहैं ॥ तिनसर्वोंका

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

रिकैहीं प्रत्यक्षसंभवैहै ॥ यातैं नैयायिकोंनैं अंगीकारकऱ्ये जे समवायादिकसन्निकर्षहैं ॥ तिनसर्वोंका

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लोपहोवैंगा ॥ यातैं ताविशेषणविशेष्यभावविषे सन्निकर्षरूपता संभवतीनहीं ॥ और चक्षुआदिकइंद्रिय स्वअसंबद्धअर्थकेप्रत्यक्षकूं उत्पन्नकरतेनहीं ॥ यातैं ताअभावकेज्ञानविषे इंद्रिय करणनहींहैं ॥ किंतु सा उक्तयोग्यानुपलब्धिहीं करणहै इति ॥ अब प्रसंगतैं करणकालक्षणकहेहैं ॥ (असाधारणकारणं करणं) अर्थयह ॥ जिसकार्यका जो असाधारणकारणहोवैहै ॥ सोअसाधारणकारण तिसकार्यका करण कह्याजावैहै ॥ जैसे प्रत्यक्षप्रमाके चक्षुआदिकइंद्रिय असाधारणकारणहोणेतैं करणहैं ॥ तथा उक्तअभावप्रमाका योग्यानुपलब्धि असाधारणकारणहोणेतैं करणहै ॥ इसप्रकार अनुमानादिकोंविषेभी करणकालक्षण जानिलेणा ॥ तहां कार्यमात्रकेप्रति साधारणकारणरूप जे अदृष्ट देश काल आदिकहैं तिनोंविषे तालक्षणकीअतिव्याप्तिकेनिवृत्तकरणेवासतै तालक्षणविषे । असाधारण । यहपद कथनकऱ्याहै इति ॥ तहां यहउक्तकरणकालक्षण कारणकरिकैघटितहै ॥ यातैं ताकरणकेलक्षणकीसिद्धिवासतै कारण कालक्षण कहेहैं ॥ (नियतपूर्ववृत्ति कारणं) अर्थयह ॥ जोपदार्थ जिसकार्यकीउत्पत्तितैंपूर्व नियमकरिकै वर्त्तैहै ॥ सोपदार्थ तिसकार्यकेप्रति कारण कह्याजावैहै ॥ जैसे घटरूपकार्यकीउत्पत्तितैंपूर्वकालविषे मृत्तिका कुलाल दंड चक्र आदिक नियमकरिकैरहेहैं ॥ यातैं तेमृत्तिकादिक ताघटरूपकार्यकेप्रति कारण कह्येजावैहैं इति ॥ अब ताउक्तकारणका विभाग वर्णनकरेहैं ॥ सोउक्तकारण उपादानकारण १ निमित्तकारण २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां (कार्यान्वितंकारणं उपादानकारणं) अर्थयह ॥ कार्यविषे अन्वित कहिये तादात्म्यभावकूंप्राप्तभया जोकारणहै सो उपादानकारण कह्याजावैहै ॥ जैसे घटरूपकार्यविषेअन्वित मृत्तिका ताघटका उपादानकारणहै ॥ और पटरूपकार्यविषेअन्वित तंतु तापटका उपादानकारणहैं ॥ तहां घटादिककार्यके निमित्तकारणरूप जेकुलालादिकहैं ॥ तिनोंविषे इसउपादा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नकारणकेलक्षणकीअतिव्याप्तिकेनिवृत्तकरणेवासतै तालक्षणविषे । कार्यान्वितं । यहपद कथनकऱ्याहै ॥ तेकुलालादिकनिमित्तकारण घटादिरूपकार्यविषे अन्वितहोतेनहीं ॥ यातैं तिनोंविषे अतिव्याप्तिहोवै नहीं ॥ और घटादिककार्यविषेअन्वित जेरूपादिकहैं तिनोंविषे इसलक्षणकीअतिव्याप्तिकेनिवृत्तकरणे वासतै । कारणं । यहपद कथनकऱ्याहै ॥ तेरूपादिक ताघटकेकारणहैंनहीं ॥ यातैं तिनोंविषे तालक्ष णकीअतिव्याप्तिहोवैनहीं इति ॥ और (कार्यानुकूलव्यापारवत्कारणं निमित्तकारणं) अर्थयह ॥ का र्यकीउत्पत्तिकेअनुकूल जोव्यापारहै ताव्यापारवालाकारण निमित्तकारण कह्याजावैहै ॥ जैसे घटादि ककार्यकीउत्पत्तिकेअनुकूलव्यापारवालेकुलालादिक ताघटादिरूपकार्यके निमित्तकारणहैं ॥ और ब्र ह्मतौं इसजगत्‌रूपकार्यका उपादानकारण तथानिमित्तकारण दोनोंहै ॥ यातैं ताब्रह्मविषे इसनिमित्त कारणकेलक्षणकी तथाउक्तउपादानकारणकेलक्षणकी अतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ ॥ शंका ॥ ॥ ब्रह्म कूं प्रपंचका उपादानकारणपणा संभवतानहीं ॥ काहेतैं लोकविषे समानस्वभाववाले मृत्तिकाघटादि कोंकाहीं परस्पर उपादानउपादेयभाव देख्याहै ॥ विलक्षणस्वभाववालेपदार्थोंका सोउपादानउपादेय भाव कहांभीदेखीतानहीं ॥ और ब्रह्मतौं चेतनरूपहै ॥ और कार्यप्रपंच जडरूपहै ॥ यातैं ब्रह्मप्रपंच दोनों परस्परविलक्षणहै ॥ यातैं ताविलक्षणब्रह्मकूं ताविलक्षणप्रपंचका उपादानकारणपणा संभवतान हीं ॥ और जोऐसाकहो ॥ जैसे इंद्रियोंकेअगोचर धर्मअधर्मविषे श्रुतिहीं प्रमाणहै ॥ तैसे इंद्रियोंके अगोचरब्रह्मविषेभी श्रुतिहीं प्रमाणहै ॥ और (यतोवाइमानिभूतानिजायंते) इत्यादिकश्रुति ब्रह्मतैं जगत्‌कीउत्पत्तिस्थितिलयकूंकथनकरतीहूई ताब्रह्मकूंहीं जगत्‌का उपादानकारण कहेहै ॥ यातैं ताश्रु तिकेबलतैंहीं ब्रह्मकूं जगत्‌कीउपादानकारणता सिद्धहै ॥ और श्रुतिसिद्धअर्थविषे युक्तिकीअपेक्षा हो

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तिकेवलतैंहीं ब्रह्मकूं जगत्कीउपादानकारणता सिद्धहै ॥ और श्रुतिसिद्धअर्थविषे युक्तिकीअपेक्षा हो

तीनहीं ॥ सोयहकहणाभी संभवतानहीं ॥ काहेतैं युक्तिकेविरोधहूए ताश्रुतिअर्थका निर्णय होइसक तानहीं ॥ जोकदाचित् युक्तिकेविरोधहूएभी श्रुतिअर्थकानिर्णय होताहोवै ॥ तौं ताविरोधकेनिवृत्त करणेवासतै जोउत्तरमीमांसाकाआरंभकऱ्याहै सोआरंभहीं व्यर्थहोवैंगा ॥ यातैं उक्तयुक्तितैंविरुद्धहो णेतैं चेतनब्रह्मकूं जडजगत्कीउपादानकारणता संभवतीनहीं ॥ किंवा ताब्रह्मकूं जगत्कीनिमित्तका रणताभी संभवतीनहीं ॥ काहेतैं लोकविषे घटादिककार्योंकेनिमित्तकारणरूप जेकुलालादिकहैं ॥ ते कुलालादिक संगवान् तथाकर्त्ताहीं देखणेमेंआवैहैं ॥ और ब्रह्मकूंतौं श्रुति असंग तथाअकर्त्ता कहेहै ॥ यातैं ताअसंगअकर्त्ताब्रह्मकूं जगत्कीनिमित्तकारणताभी संभवतीनहीं ॥ यातैं ताजडप्रपंचका जड प्रधानहीं उपादानकारण मान्याचाहिये ॥ और कपिलस्मृतिभी ताजडप्रधानकूंहीं जगत्काउपादान कारण कहेहै ॥ और पूर्वउक्तयुक्तिके तथाकपिलस्मृतिके विरोधहूए साउक्तश्रुतिभी ताप्रधानकूंहीं ज गत्काउपादानकारण कहेहै ॥ यातैं सोजडप्रधानहीं जडप्रपंचका उपादानकारणहै इति ॥ ॥ समाधा न ॥ ॥ मायाउपहितब्रह्महीं इसप्रपंचका उपादानकारणहै तथानिमित्तकारणहै ॥ और विलक्षणपदा र्थोंका कार्यकारणभाव नहींहोता ॥ यहजोपूर्वसांख्यीनैं कह्याथा ॥ सोभीअसंगतहै ॥ काहेतैं लोक विषे चेतनपुरुषतैं अचेतनकेशनखादिकोंकीउत्पत्ति देखणेविषेआवैहै ॥ तथा अचेतनगोमयतैं चेतनवृश्चि कादिकोंकीउत्पत्ति देखणेविषेआवैहै ॥ यातैं विलक्षणपदार्थोंकाभी कार्यकारणभाव लोकविषेप्रसिद्ध है ॥ यातैं चेतनब्रह्मतैं अचेतनप्रपंचकीउत्पत्ति संभवैहै ॥ और (सोऽकामयतबहुस्यां) इत्यादिकश्रु तिनैं ब्रह्मकूंहीं जगत्काउपादानकारण कह्याहै ॥ ताश्रुतिकेविरोधहूए केवलयुक्तिकूंअप्रमाणरूपताहो णेतैं सोउत्तरमीमांसाकाआरंभभी संभवैहै ॥ जिसकारणतैं श्रुतिअनुकूलयुक्तिहीं प्रमाणरूपहोवैहै ॥ श्रु

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तितैंविरुद्ध केवलयुक्ति प्रमाणरूपहोतीनहीं ॥ यातैं उक्तश्रुतितैं सोब्रह्महीं जगत्काउपादानकारण सिद्धहोवैहै ॥ और सांख्यीयोंनैं कल्पनाकऱ्याजोप्रधानहै सो जगत्काउपादानकारण होइसकतानहीं ॥ जिसकारणतैं सोप्रधान अचेतनहै ॥ और अचेतनवस्तुकी स्वतःप्रवृत्ति संभवतीनहीं ॥ किंतु अचेतन रथादिकोंकी चेतनपुरुषकेअधीनहीं प्रवृत्तिदेखणेविषेआवैहै ॥ और दृष्टअर्थकेअनुसारहीं अदृष्टअर्थकी कल्पनाहोवैहै ॥ यातैं ताप्रधानकूं जगत्कीउपादानकारणता संभवतीनहीं ॥ और जैसे मनुआदिक स्मृति श्रुतिमूलकहैं ॥ तैसे साकपिलस्मृति श्रुतिमूलकनहींहै ॥ याकारणतैं अप्रमाणरूपहै ॥ श्रुतिमूलकस्मृतिहीं प्रमाणरूपहोवैहै ॥ यातैं ताकपिलस्मृतितैंभी ताप्रधानकूं जगत्कीकारणता सिद्धहोवैनहीं ॥ ॥ शंका ॥ ॥ तुमारेमतविषेभी असंगब्रह्मकूं जगत्कीकारणता कैसेसंभवैंगी ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ हमारेमतविषे असंगनिर्विकारशुद्धब्रह्म जगत्काकारण नहींहै ॥ किंतु अनिर्वचनीयमायाउपहितब्रह्महीं जगत्का उपादानकारण तथानिमित्तकारणहै ॥ तहां आवरणशक्तिविशिष्टमायारूप उपाधिकीप्रधानताकरिकैतौं सोब्रह्म जगत्का उपादानकारणहै ॥ और ज्ञानशक्तिविशिष्टमायाउपहित आपणेस्वरूपकीप्रधानताकरिकै सोब्रह्म जगत्का निमित्तकारणहै ॥ तहांश्रुति ॥ (तदैक्षतबहुस्यांप्रजायेय) अर्थयह ॥ सोमायाउपहितब्रह्म सृष्टितैंपूर्व भावीप्रपंचविषयक ज्ञानरूपईक्षणकूं करताभया ॥ जोमैंपरमेश्वर बहुतरूपहोइकैउत्पन्नहोवों इति ॥ तहां इसश्रुतिविषे तदैक्षत इसवचनकरिकै ब्रह्मकूं जगत्कीउत्पत्तितैंपूर्व ईक्षणकर्तृत्व कथनकऱ्या ॥ ताकरिकै ब्रह्मकूं जगत्कानिमित्तकारणपणा सिद्धहोवैहै ॥ जैसे घटकीउत्पत्तितैंपूर्व ताघटकीउत्पत्तिकेअनुकूलज्ञानवाले कुलालादिकोंकूं ताघटकेप्रति निमित्तकारणताहींहोवैहै ॥ और । बहुस्यांप्रजायेय । इसवचनकरिकै ब्रह्मका बहुतरूपहोणा कथनकऱ्या ॥ ताक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

णताहींहोवैहै ॥ और । बहुस्यांप्रजायेय । इसवचनकरिकै ब्रह्मका बहुतरूपहोणा कथनकऱ्या ॥ ताक

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रिकै ब्रह्मकूं जगत्काउपादानकारणपणा सिद्धहोवैहै ॥ जैसे घटशरावादिकबहुतरूपहोणेहारीमृत्तिका कूं तिनघटशरावादिककार्योंका उपादानकारणपणा प्रसिद्धहींहै इति ॥ किंवा श्रीव्यासभगवान्नैंभी ब्रह्मसूत्रोंविषे तामायाउपहितब्रह्मकूंहीं जगत्काउपादानकारण तथानिमित्तकारण कह्याहै ॥ तहांसूत्र ॥ (प्रकृतिश्चप्रतिज्ञादृष्टांतानुपरोधात्) अर्थयह ॥ सोमायाउपहितब्रह्महीं जगत्का उपादानकारण तथा निमित्तकारण है ॥ ऐसामानणेविषेहीं श्रुतिउक्त प्रतिज्ञा तथादृष्टांत संभवैहै ॥ तहां श्रुतिविषे एकब्र ह्मकेज्ञानतैं जो सर्वजगत्काज्ञान कथनकऱ्याहै ताकानाम प्रतिज्ञाहै ॥ और एकमृत्तिकाकेज्ञानतैं जो तामृत्तिकाकेघटशरावादिकसर्वकार्योंकाज्ञान कथनकऱ्याहै ताकानाम दृष्टांतहै ॥ साप्रतिज्ञा तथादृ ष्टांत तबीसंभवै ॥ जबी ताब्रह्मकूं सर्वजगत्का उपादानकारण मानिये ॥ उपादानकारणकेज्ञानतैंहीं कार्यकाज्ञानहोवैहै ॥ यातैं तासूत्रतैंभी ब्रह्मकूं जगत्का अभिन्ननिमित्तउपादानकारणपणाहीं सिद्धहो वैहै ॥ इसअर्थकूं प्रथमपरिच्छेदविषे ऊर्णनाभिकेदृष्टांततैं विस्तारतैंकथनकरिआयेहैं इति ॥ अब ताका रणका अन्यप्रकारतैं विभाग वर्णनकरेहैं ॥ सोउक्तकारण साधारण १ असाधारण २ इसभेदकरिकै पु नःदोप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां कार्यमात्रकाउत्पादकजोकारणहै सो साधारणकारण कह्याजावैहै ॥ जैसे कार्यमात्रकेजनक अदृष्ट देश काल आदिकहैं ॥ और कार्यविशेषकाउत्पादकजोकारणहै सो असाधार णकारण कह्याजावैहै ॥ जैसे चाक्षुषादिकप्रमाविषे चक्षुआदिक असाधारणकारणहैं ॥ इसप्रकार घटा भावविषयकप्रमाविषे उक्तघटानुपलब्धिकूं असाधारणकारणताहोणेतैं करणरूपता संभवैहै इति ॥ अब ताअभावप्रमाकेविषयभूतअभावकास्वरूप वर्णनकरेहैं ॥ तहां (नञर्थोल्लिखितधीविषयः अभावः) अ र्थयह ॥ नञ्शब्दकेअर्थकूंविषयकरणेहारी जा नास्ति याप्रकारकीप्रतीतिहै ॥ ताप्रतीतिकाविषय अ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भाव कह्याजावैहै ॥ जैसे भूतलेघटोनास्ति याप्रकारकीप्रतीतिकाविषय भूतलविषे घटकाअभावहै इति ॥ और सोउक्तअभाव एकअत्यंताभावहींहै ॥ प्रागभावादिकभेदकरिकै ताअभावकीचारिप्रकार ताविषे कोईभीप्रमाणनहींहै ॥ ईहां नैयायिकतौं ऐसाकहेहैं ॥ सोअभाव प्रागभाव १ प्रध्वंसाभाव २ अत्यंताभाव ३ अन्योन्याभाव ४ इसभेदकरिकै चारिप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां घटकीउत्पत्तितैंपूर्व ताघटकेअवयवरूपकपालोंविषे । घटोभविष्यति । याप्रकारकीप्रतीतिहोवैहै ॥ ताप्रतीतितैं तिनकपालोंविषे ताघटकाप्रागभाव सिद्धहोवैहै ॥ और मुद्गरप्रहारादिकोंकरिकै ताघटकेभग्नहूएतैंअनंतर तिनकपालोंविषे । घटोध्वस्तः । याप्रकारकीप्रतीति होवैहै ॥ ताप्रतीतितैं तिनकपालोंविषे ताघटकाप्रध्वंसाभाव सिद्धहोवैहै ॥ और घटकेअविद्यमानकालविषे । भूतलेघटोनास्ति । याप्रकारकीप्रतीति होवैहै ॥ ताप्रतीतितैं ताभूतलविषे ताघटकाअत्यंताभाव सिद्धहोवैहै ॥ और भूतलविषेघटकेविद्यमानहूएभी । भूतलंनघटः । याप्रकारकीप्रतीतिहोवैहै ॥ ताप्रतीतितैं ताभूतलविषे ताघटकाभेदरूपअन्योन्याभाव सिद्धहोवैहै ॥ इसप्रकारकीविलक्षणप्रतीतियोंकेबलतैं ताएकहींघटका चारिप्रकारकाअभाव सिद्धहोवैहै ॥ तहां प्रागभावतौं अनादिहोवैहै तथानाशवान्होवैहै ॥ और प्रध्वंसाभावतौं उत्पत्तिवालाहोवैहै तथानाशतैंरहितहोवैहै ॥ और अत्यंताभाव तथाअन्योन्याभाव यहदोनोंअभाव उत्पत्तिविनाशतैंरहितहोणेतैं नित्यहोवैहैं ॥ इन चारिअभावोंका विस्तारतैंनिरूपण न्यायप्रकाशकेचतुर्थपरिच्छेदविषेकऱ्याहै ॥ सो तहांसेंजानिलेणा इति ॥ सोयहनैयायिकोंकामत समीचीननहींहै ॥ काहेतैं । घटोभविष्यति । यहउक्तप्रतीति अभाववाचक नशब्दतैंरहितहोणेतैं ताप्रागभावकूंविषयकरतीनहीं ॥ किंतु आगेभविष्यत्कालविषेहोणेहारा जो घटका सत्ताकेसाथि संबंधहै ॥ तासत्तासंबंधकूंहीं साप्रतीति विषयकरेहै ॥ यातैं ताप्रतीतितैं घटकाप्रा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गभाव सिद्धहोइसकैनहीं ॥ किंवा ताघटका जोउत्पत्तितैंपूर्व प्रागभाव मानिये ॥ तौं उत्पत्तितैंपूर्व अ सत्होणेतैं ताघटकीउत्पत्तिहींनहींहोवैंगी ॥ जोकदाचित् असत्कीभी उत्पत्तिहोतीहोवै ॥ तौं असत् शशविषाणवंध्यापुत्रादिकोंकीभी उत्पत्तिहोणीचाहिये ॥ ॥ शंका ॥ ॥ जैसे असत्कीउत्पत्ति न हींसंभवती ॥ तैसे सत्कीभी उत्पत्तिनहींसंभवती ॥ काहेतैं जिसघटकीउत्पत्तिवासतै कुलालदंडचक्रा दिककारकोंका व्यापारहोवैहै ॥ सोघटतौं तुमारेमतविषे आपणीउत्पत्तितैंपूर्वहींसिद्धहै ॥ यातैं सोका रकव्यापार व्यर्थहींहोवैंगा ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ यद्यपि सोघट आपणीउत्पत्तितैंपूर्व मृत्तिकादिका रणरूपकरिकै विद्यमानहींहै ॥ तथापि ताकारकव्यापारतैंपूर्व ताघटकीअभिव्यक्ति होतीनहीं ॥ और ताकारकव्यापारतैंअनंतर ताघटकीअभिव्यक्तिहोवैहै ॥ यातैं ताघटरूपकार्यकीअभिव्यंजकतामात्रकरि कै ताकारकव्यापारकूंभी अर्थवत्ता बनिसकेहै ॥ किंवा उत्पत्तितैंपूर्व कार्यकी कारणरूपकरिकैसत्ता केव लउक्तयुक्तिकरिकैहींसिद्धनहींहै ॥ किंतु श्रुतिसूत्रकरिकैभीसिद्धहै ॥ तहांश्रुति ॥ (सदेवसोम्येदमग्रआ सीत्) अर्थयह ॥ हेप्रियदर्शन श्वेतकेतु यहदृश्यमानकार्यजगत् आपणीउत्पत्तितैंपूर्व सत्होताभया ॥ अर्थात् परमकारणपरमात्मरूपकरिकै सत्होताभया इति ॥ तहांसूत्र ॥ (सत्त्वाच्चापरस्य) अर्थयह ॥ इसप्रपंचरूपकार्यका आपणीउत्पत्तितैंपूर्व कारणरूपकरिकैसत्त्वहोणेतैं इसवर्त्तमानकालविषेभी तापरम कारणतैं अनन्यत्वहींहै ॥ अर्थात् तापरमकारणरूपपरमात्मातैं भिन्नरूपकरिकैअभावहींहै इति ॥ जो कदाचित् ताप्रागभावकूंअंगीकारकरीये ॥ तौं इसउक्तश्रुतिसूत्रका विरोधप्राप्तहोवैंगा ॥ यातैं श्रुतिसू त्रतैंविरुद्धहोणेतैं सोप्रागभाव अंगीकारकरणेयोग्यनहींहै इति ॥ किंवा ताप्रागभावकीन्यांई ताप्रध्वंसा भावविषेभी कोईप्रमाणनहींहै ॥ काहेतैं ब्रह्मसाक्षात्कारतैंपूर्व इसकार्यप्रपंचका अत्यंतनाशहोतानहीं ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किंतु बीजांकुरकीन्यांई सृष्टिप्रलयकूं प्रवाहरूपकरिकै अनादिपणाहींहोवैहै ॥ अर्थात् जैसे बीजतैंअंकुर होवैहै ताअंकुरतैंपुनःबीजहोवैहै ताबीजतैंपुनःअंकुरहोवैहै ॥ तैसे सृष्टितैंअनंतरप्रलयहोवैहै ताप्रलयतैं अनंतर पुनःसृष्टिहोवैहै तासृष्टितैंअनंतर पुनःप्रलयहोवैहै ॥ इसप्रकारतैं तेसृष्टिप्रलय प्रवाहरूपकरिकै अनादिहोवैहैं ॥ और प्रलयकालविषेभी सोकार्यप्रपंच अत्यंतनाश होतानहीं ॥ किंतु आपणेकारण विषे तिरोभूतहूआ रहेहै ॥ इसप्रकार इदानींकालविषेभी भग्नहूएघटादिककार्य आपणेकपालादिरूपका रणोंविषे तिरोभूतहूए रहेहैं ॥ तिसीतिरोभावअवस्थाकूं । घटोध्वस्तः । यहउक्तप्रतीति विषयकरेहै ॥ यातैं ताउक्तप्रतीतितैं ताघटकेप्रध्वंसाभावकीसिद्धि होइसकैनहीं ॥ किंवा प्रलयादिकोंविषे जोकदाचित् कार्यकाअत्यंतनाश मानिये ॥ तौं (सदेवसोम्येदमग्रआसीत् । आत्मावाइदमेकएवाग्रआसीत् । ना सतोविद्यतेभावोनाभावोविद्यतेसतः) इत्यादिकश्रुतिस्मृतिवचनोंनैं जो सृष्टितैंपूर्व लीनहूएकार्यका का रणरूपकरिकैसत्त्व कथनकऱ्याहै सोअसंगतहोवैंगा ॥ यातैं ताश्रुतिस्मृतितैंविरुद्धहोणेतैं सोप्रध्वंसाभा वभी अंगीकारकरणेयोग्यनहींहै इति ॥ किंवा नैयायिकोंनैं अत्यंताभावकूं तथाअन्योन्याभावकूं जो उत्पत्तिविनाशतैंरहित नित्यमान्याहै ॥ सोतिनोंकाकहणाभी असंगतहै ॥ काहेतैं (एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म) यहश्रुतितौं ब्रह्मकूं सर्वद्वैतप्रपंचतैंरहितकहेहै ॥ और (नेहनानास्तिकिंचन) यहश्रुति ताब्रह्म विषे सर्वद्वैतप्रपंचका निषेधकरेहै ॥ और (अतोऽन्यदार्त्तं) यहश्रुति ताब्रह्मतैंभिन्नसर्वप्रपंचकूं मिथ्या कहेहै ॥ जोकदाचित् ताअत्यंताभावकूं तथाअन्योन्याभावकूं नित्यमानिये ॥ तौं इनसर्वश्रुतियोंका विरोधहोवैंगा ॥ यातैं तिनदोनोंअभावोंकूंभी अनित्यहींमान्याचाहिये ॥ किंवा ताअभावकेसाथि च क्षुआदिकइंद्रियका कोईप्रकारकाभीसंबंध बनिसकतानहीं ॥ यहवार्त्ता पूर्वकथनकरिआयेहैं ॥ यातैं ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भूतलेघटोनास्ति । इसउक्तप्रत्यक्षप्रतीतिकरिकै तानित्यअत्यंताभावकीसिद्धि संभवतीनहीं ॥ और । घटःपटोन । इत्यादिकप्रतीति ताअन्योन्याभावकूं विषयकरतीनहीं ॥ किंतु घट पट दोनोंकेअभेदकाजो अत्यंताभावहै तिसकूंहीं साप्रतीति विषयकरेहै ॥ यातैं ताउक्तप्रतीतितैं अन्योन्याभावकीसिद्धिहोवैनहीं ॥ और इसभेदरूपअन्योन्याभावका प्रथमपरिच्छेदविषेभी विस्तारतैंखंडनकरिआयेहैं ॥ इसप्रकार प्रागभाव प्रध्वंसाभाव अन्योन्याभाव इनतीनअभावोंकेअनिरूपणहूए एकअत्यंताभावहीं मान्याचाहिये ॥ और सोअत्यंताभावभी पारमार्थिक १ व्यावहारिक २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां (नेहनानास्तिकिंचन) इसश्रुतिनैं प्रत्यक्अभिन्नब्रह्मविषे बोधनकऱ्याजो जीवईश्वरजगत्रूपद्वैतप्रपंचकाअत्यंताभावहै ॥ सोअत्यंताभाव पारमार्थिक कह्याजावैहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ ताउक्तअत्यंताभावविषेपारमार्थिकपणा संभवतानहीं ॥ काहेतैं प्रतियोगीकीसत्ताकेअधीनहीं अभावकीसत्ताहोवैहै ॥ और प्रपंचरूपप्रतियोगी कल्पितहै ॥ यातैं ताप्रपंचकाअत्यंताभावभी कल्पितहींहोवैंगा ॥ किंवा ताप्रपंचकेअत्यंताभावकूं जोपारमार्थिक मानोंगे ॥ तौं ब्रह्मकूंअद्वितीयरूपकहणेहारी (एकमेवाद्वितीयंब्रह्म) इसश्रुतिकाभी विरोधहोवैंगा ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ कल्पितवस्तुकाअभाव अधिष्ठानरूपहींहोवैहै ॥ अधिष्ठानतैंभिन्नहोतानहीं ॥ यातैं कल्पितप्रपंचकाअत्यंताभावभी अधिष्ठानब्रह्मरूपहींहै ॥ ताअधिष्ठानतैंभिन्ननहींहै ॥ और ताअधिष्ठानब्रह्मका पारमार्थिकपणा श्रुतिस्मृतियोंकरिकैसिद्धहींहै ॥ यातैं ताअधिष्ठानरूपताकरिकै ताअत्यंताभावविषेभी सोपारमार्थिकपणा संभवैहै ॥ और सोअत्यंताभाव ताअधिष्ठानब्रह्मतैंभिन्ननहींहै ॥ यातैं ताअद्वैतबोधकश्रुतिकाभी विरोधहोवैनहीं ॥ ॥ शंका ॥ ॥ ताअत्यंताभावकूं जोअधिष्ठानरूप मानोंगे ॥ तौं ताअधिष्ठानका अनुपलब्धिप्रमाणकरिकैज्ञान संभवतानहीं ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यातैं तुमारेमतविषे ताअनुपलब्धिप्रमाणकाअंगीकारहीं व्यर्थहोवैंगा ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ भूतला
दिकोंविषे जोघटादिकोंकाअत्यंताभावहै ॥ ताअत्यंताभावकूं हम अधिष्ठानरूपमानतेनहीं ॥ किंतु
व्यावहारिकघटादिकोंका सोव्यावहारिकअत्यंताभाव अधिष्ठानतैंभिन्नहींहोवैहै ॥ तिसव्यावहारिकअ
त्यंताभावकेज्ञानवासतैहीं पूर्व अनुपलब्धिप्रमाण हमनैं अंगीकारकऱ्याहै ॥ यातैं ताअनुपलब्धिप्रमा
णकाअंगीकार व्यर्थनहींहै इति ॥ ईहां केईकग्रंथकारतौं यहकहेहैं ॥ (नेहनानास्तिकिंचन) इसश्रु
तिनैं कथनकऱ्याजो ब्रह्मविषे प्रपंचका पारमार्थिकअत्यंताभावहै ॥ सोअत्यंताभाव ताअधिष्ठानब्रह्मतैं
भिन्नहींहै ॥ अधिष्ठानस्वरूप नहींहै ॥ जिसकारणतैं भावअभावकीएकता संभवतीनहीं ॥ और (एकमेवा
द्वितीयंब्रह्म) इसश्रुतिकातौं भावाद्वैतविषे तात्पर्यहै ॥ अर्थात् ब्रह्मतैंभिन्न दूसराकोईभावपदार्थ नहींहै ॥
यातैं ब्रह्मतैंभिन्न ताअत्यंताभावकेविद्यमानहूएभी ताअद्वैतश्रुतिका विरोधहोवैनहीं इति ॥ सोयहमत स
मीचीननहींहै ॥ काहेतैं (एकमेवाद्वितीयंब्रह्म) यहश्रुति ब्रह्मकूं भावअभावरूपसर्वद्वैतप्रपंचतैंरहितकहेहै ॥
ताश्रुतिकासंकोचकरिकै केवलभावाद्वैतपरता मानणेविषे कोईभीप्रमाणनहींहै ॥ और प्रपंचकेअत्यंता
भावकूं जोअधिष्ठानब्रह्मतैंभिन्नमानिये ॥ तौं ताअत्यंताभावविषे पारमार्थिकपणाभी नहींसंभवैंगा ॥ जि
सकारणतैं अधिष्ठानतैंभिन्नअभाव प्रतियोगीकीसत्ताकेसमानसत्तावालाहीं नियमतैंहोवैहै ॥ और प्रपंच
रूपप्रतियोगी कल्पितहै ॥ यातैं ताकल्पितप्रपंचकाअत्यंताभावभी कल्पितहींहोवैंगा ॥ यातैं सोउक्तपक्ष
समीचीननहींहै इति ॥ अब दूसरेव्यावहारिकअत्यंताभावका निरूपणकरेहैं ॥ तहां भूतलादिकोंविषे जो
घटादिकोंकाअत्यंताभावहै ॥ जिसकूं । भूतलेघटोनास्ति । इत्यादिकप्रतीति विषयकरेहै ॥ सोअत्यंता
भाव व्यावहारिकअत्यंताभाव कह्याजावैहै ॥ यहव्यावहारिकअत्यंताभावहीं पूर्वउक्तयोग्यानुपलब्धिक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

रिकैग्रहणहोवैहै ॥ और ताभूतलविषे जोघटकेअभेदका अत्यंताभावहै ॥ ताअत्यंताभावकूंहीं नैयायिकों

भाव व्यावहारिकअत्यंताभाव कह्याजावैहै ॥ यहव्यावहारिकअत्यंताभावहीं पूर्वउक्तयोग्यानुपलब्धिक

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रिकैग्रहणहोवैहै ॥ और ताभूतलविषे जोघटकेअभेदका अत्यंताभावहै ॥ ताअत्यंताभावकूंहीं नैयायिकों नैं। भूतलंघटोन। इसप्रतीतिकाविषय भेद कहीताहै तथाअन्योन्याभाव कहीताहै ॥ यातैं सोभेदरूपअन्यो न्याभाव ताअत्यंताभावतैंभिन्ननहींहै ॥ किंवा श्रुतिकेयथार्थतात्पर्यज्ञानतैंरहितनैयायिकोंनैं जोजीवईश्वरा दिकोंकाभेद अंगीकारकरीताहै ॥ तथा भूतलादिकोंविषे घटादिकोंकाअत्यंताभाव अंगीकारकरीताहै ॥ तेसर्वअभाव अनित्यहींहोवैहैं ॥ कोईभीअभाव नित्यहोतानहीं ॥ काहेतैं ब्रह्मतैंभिन्न जितनाकी भावअ भावरूपजगत्है ॥ सोसर्वजगत् अविद्याकाकार्यहै ॥ और तत्त्वमसिआदिकमहावाक्यजन्य ब्रह्मात्मसाक्षा त्कारकरिकै ताअविद्याकानाशहोइजावैहै ॥ ताअविद्याकेनाशहूए ताअविद्याकेकार्यरूपप्रपंचकाभी ना शहोइजावैहै ॥ इसप्रकार सर्वअनात्मप्रपंचकूं आत्मज्ञानकरिकैनिवृत्तहोणेतैं ताअभावका अनित्यपणाहीं सिद्धहोवैहै इति ॥ ईहां केईकग्रंथकारतौं न्यायशास्त्रकारोंकेबुद्धिकूं अनुसरणकरतेहूए ताउक्तअभावकूं प्रा गभाव १ प्रध्वंसाभाव २ अत्यंताभाव ३ अन्योन्याभाव ४ इसभेदकरिकै चारिप्रकारकामानेहैं ॥ अब ति नचारोंअभावोंकेलक्षणकहेहैं ॥ तहां आपणीउत्पत्तितैंपूर्व कार्यका जोआपणेउपादानकारणविषेअभावहै ताकानाम प्रागभावहै ॥ जैसे घटादिककार्योंका आपणीउत्पत्तितैंपूर्व मृत्तिकादिककारणोंविषे प्रागभाव है ॥ अर्थात् जोअभाव अनादिहोवैहै तथाआपणेप्रतियोगीका जनकहोवैहै ॥ सोअभाव प्रागभाव कह्या जावैहै ॥ अथवा जोअभाव अनादिहोवैहै तथानाशवान्होवैहै ॥ सोअभाव प्रागभाव कह्याजावैहै इति ॥ और उत्पन्नहूएकार्यका जोआपणेउपादानकारणविषे अभावहै ॥ सोअभाव प्रध्वंसाभाव कह्याजावैहै ॥ जैसे मुद्गरादिकोंकेप्रहारतैंअनंतर कपालादिककारणविषे घटादिककार्यका प्रध्वंसाभावहै इति ॥ और आ पणेप्रतियोगीके असमानाधिकरण जोअभावहै ॥ सोअभाव अत्यंताभाव कह्याजावैहै ॥ जैसे भूतलादि

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कोंविषे घटादिकोंकाअत्यंताभावहै ॥ सोअत्यंताभाव आपणेप्रतियोगीकेअधिकरणतैंभिन्नअधिकरणविषे हींरहेहै इति ॥ और जोअभाव आपणेप्रतियोगीकेसमानाधिकरणहोवैहै ॥ अथवा जिसअभावका तादात्म्यहीं प्रतियोगीहोवैहै ॥ सोअभाव अन्योन्याभाव कह्याजावैहै ॥ इसीअन्योन्याभावकूं भेदभी कहेहैं ॥ जैसे भूतलादिकोंविषे घटकाअन्योन्याभावरूपभेदहै ॥ सोअन्योन्याभाव ताभूतलविषे घटकेविद्यमानकाल विषेभीरहेहै ॥ यातैं सोअन्योन्याभाव प्रतियोगीसमानाधिकरण कह्याजावैहै इति ॥ तेप्रागभावादिकसर्व अभाव मायाकाकार्यहोणेतैं अनित्यहींहै ॥ यातैं अत्यंताभाव अन्योन्याभाव यहदोनोंअभावतौं नित्यहैं ॥ और प्रागभाव प्रध्वंसाभाव यहदोनोंअभाव अनित्यहैं ॥ यहनैयायिकोंकाकहणा सर्वप्रपंचकानिषेधकर णेहारीश्रुतितैंविरुद्धहोणेतैं असंगतहै ॥ ॥ इतिअभावप्रमानिरूपणं ॥ ६ ॥ ॥ इसप्रकार पूर्वनिरूपणकरी जा प्रत्यक्ष १ अनुमिति २ उपमिति ३ शाब्द ४ अर्थापत्ति ५ अभावप्रमा ६ यहषट्प्रकारकीप्रमाहै ॥ तासर्व प्रमाकरिकै आवरणशक्तिसहितअज्ञानकीहीं निवृत्तिहोवैहै ॥ ताकेविषेभी अनुमितिआदिकपरोक्षप्रमाकरि कैतौं असत्वापादकआवरणशक्तिविशिष्टअज्ञानकीनिवृत्तिहोवैहै ॥ और अपरोक्षप्रमाकरिकैतौं अभानापा दकआवरणशक्तिविशिष्टअज्ञानकीनिवृत्तिहोवैहै ॥ ताआवरणशक्तिविशिष्टअज्ञानकीनिवृत्तितैंअनंतर घटा दिकविषयोंकाभानहोवैहै ॥ इसप्रकार तत्त्वमसिआदिकमहावाक्यजन्य अहंब्रह्मास्मि याप्रकारकी अपरो क्षप्रमाकरिकै ब्रह्मकेआवरकमूलाज्ञानकीनिवृत्तिहूए इसअधिकारीपुरुषकूं ताब्रह्मकासाक्षात्कार संभवैहै ॥ यातैं इसपरिच्छेदविषे प्रमाकानिरूपण सार्थकहै इति ॥ ॥ इतिश्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीस्वा मिउद्धवानंदगिरिपूज्यपाद शिष्येण स्वामिचिद्घनानंदगिरिणा विरचिते प्राकृततत्त्वानुसंधाने द्वितीयः परिच्छेदःसमाप्तः ॥ २ ॥ ॥ श्रीगुरुभ्योनमः ॥ श्रीकाशीविश्वेश्वराभ्यांनमः ॥ श्रीशंकराचार्येभ्योनमः ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अथ श्रीस्वामिचिद्घनानंदगिरिकृतप्राकृत तत्त्वानुसंधानेतृतीयपरिच्छेदप्रारंभः॥ ३ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ॐ श्रीगणेशायनमः ॥ श्रीगुरुभ्योनमः ॥ श्रीकाशीविश्वेश्वराभ्यांनमः ॥ श्रीशंकराचार्येभ्योनमः ॥
अथ तृतीयपरिच्छेदप्रारंभः ॥ तहां पूर्व द्वितीयपरिच्छेदकेआदिविषे प्रमा १ अप्रमा २ इसभेदकरिकै
दोप्रकारकीवृत्ति कथनकरीथी ॥ ताकेविषे प्रथम प्रमावृत्तिकातौं प्रमाणसहित तथाफलसहित ताद्वितीयपरिच्छेदविषे विस्तारतैंनिरूपणकऱ्या ॥ अब इसतृतीयपरिच्छेदविषे दूसरीअप्रमावृत्तिका विस्तारतैंनिरूपणकरेहैं ॥ ॥ शंका ॥ ॥ अहंब्रह्मास्मि यहप्रमावृत्तितौं अज्ञानकीनिवृत्तिकरिकै इसअधिकारीपुरुषकूं ब्रह्मभावकीप्राप्तिकरेहै ॥ यातैं ताप्रमावृत्तिकातौं ग्रंथविषेनिरूपणकरणा उचितहै ॥ और अप्रमावृत्तितैं इसअधिकारीपुरुषका कोईप्रयोजनसिद्धहोतानहीं ॥ यातैं ग्रंथविषे ताअप्रमावृत्तिकानिरूपणकरणा निष्फलहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ प्रतिबंधतैंरहितहूईप्रमाकूंहीं अज्ञानकानिवर्त्तकपणा होवैहै ॥ यातैं सोप्रतिबंध तथाताप्रतिबंधकेनिवृत्तिकाउपाय दोनों इसअधिकारीपुरुषनैं अवश्यजान्येचाहिये ॥ तहां असंभावना विपरीतभावना यहदोनों प्रतिबंध कह्येजावैहैं ॥ और श्रवण मनन निदिध्यासन यहतीनों ताप्रतिबंधकेनिवृत्तिकेउपायहैं ॥ तहां असंभावनाविपरीतभावनाकूं आत्मज्ञानकीप्रतिबंधकता पराशरमुनिनैंभी कहीहै ॥ तहांश्लोक ॥ (भावनाविपरीताया याचासंभावनाशुक कुरुतेप्रतिबंधंसा तत्त्वज्ञानस्यनापरं) अर्थयह ॥ हेशुक विपरीतभावना तथाअसंभावना यहदोनोंहीं आत्मज्ञानकाप्रतिबंधकरेहैं ॥ दूसराकोई प्रतिबंधकरतानहीं ॥ यातैं अधिकारीपुरुषनैं श्रवणादिकोंकरिकै ताप्रतिबंधकीनिवृत्ति अवश्यकरीचाहिये इति ॥ किंवा श्रवणादिकोंकूं जोआत्मज्ञानकीसाधनताहै ॥ सोभी ताप्रतिबंधकीनिवृत्तिद्वाराहींहै साक्षात्नहीं ॥ और साप्रतिबंधरूप असंभावना तथाविपरीतभावना वक्ष्यमाणरीतिसें अप्रमाज्ञानकेअंतर्भूतहींहै ॥ यातैं साअप्रमावृत्ति अवश्यनिरूपणकरणेयोग्यहै ॥ इसअभिप्रायक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रिकै इसतृतीयपरिच्छेदविषे ताअप्रमावृत्तिका विस्तारतैंनिरूपणकरेहैं ॥ तहां (प्रमाभिन्नंज्ञानं अप्रमा) अर्थयह ॥ पूर्वद्वितीयपरिच्छेदविषे कथनकरीजाप्रमाहै ॥ ताप्रमातैंभिन्नजोज्ञानहै सो अप्रमा कह्याजावैहै ॥ जैसे शुक्तिविषे इदंरजतं इत्यादिकज्ञान ताप्रमाज्ञानतैंभिन्नहोणेतैं अप्रमा कह्याजावैहै ॥ तहां । ज्ञानंअप्रमा । इतनामात्रहीं जो ताअप्रमाकालक्षणकरते ॥ तालक्षणविषे । प्रमाभिन्नं । यहपद नहींकथनकरते ॥ तौं प्रमाज्ञानविषे तालक्षणकीअतिव्याप्तिहोती ॥ ताअतिव्याप्तिदोषकेनिवृत्तकरणेवासतै तालक्षणविषे । प्रमाभिन्नं । यहपद कथनकऱ्याहै ॥ ताप्रमाज्ञानविषे प्रमातैंभिन्नपणाहैनहीं ॥ यातैं ताप्रमाज्ञानविषे ताउक्तलक्षणकीअतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ किंवा । प्रमाभिन्नंअप्रमा । इतनामात्रहीं जो ताअप्रमाकालक्षणकरते ॥ तालक्षणविषे । ज्ञानं । यहपद नहींकथनकरते ॥ तौं प्रमाज्ञानतैंभिन्नजे घटादिकहैं तिनोंविषे तालक्षणकीअतिव्याप्तिहोती ॥ ताअतिव्याप्तिदोषकेनिवृत्तकरणेवासतै तालक्षणविषे । ज्ञानं । यहपद कथनकऱ्याहै ॥ तिनघटादिकोंविषे ज्ञानरूपताहैनहीं ॥ यातैं तिनघटादिकोंविषे ताअप्रमाकेलक्षणकीअतिव्याप्तिहोवैनहीं इति ॥ अब ताअप्रमावृत्तिकाविभाग वर्णनकरेहैं ॥ साउक्त अप्रमावृत्ति स्मृति १ अनुभूति २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकीहोवैहै ॥ तहां (संस्कारमात्रजन्यंज्ञानं स्मृतिः) अर्थयह ॥ संस्कारमात्रकरिकैजन्यजोज्ञानहै सो स्मृति कह्याजावैहै ॥ जैसे । सामेमाता सोमे पिता । इत्यादिकज्ञान संस्कारमात्रजन्यहोणेतैं स्मृति कह्याजावैहै ॥ तहां इसलक्षणविषे । मात्र । यहपद जोनहींकथनकरते ॥ तौं । सोऽयंदेवदत्तः । इसप्रत्यभिज्ञाप्रत्यक्षविषे तास्मृतिकेलक्षणकी अतिव्याप्तिहोती ॥ जिसकारणतैं सोप्रत्यभिज्ञाप्रत्यक्षभी संस्कारकरिकैजन्यहींहोवैहै ॥ ताअतिव्याप्तिदोषकेनिवृत्तकरणेवासतै तालक्षणविषे । मात्र । यहपद कथनकऱ्याहै ॥ तहां सोप्रत्यभिज्ञाप्रत्यक्ष केवल संस्कारकरिकैज

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

न्यहोतानहीं ॥ किंतु तासंस्कारसहकृतइंद्रियकरिकैजन्यहोवैहै ॥ यातैं तामात्रपदकेकहणेतैं ताप्रत्यभिज्ञाप्रत्यक्षविषे तालक्षणकीअतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ किंवा तालक्षणविषे । ज्ञानं । यहपद जोनहींकथनकरते ॥ तौं तासंस्काररूपप्रतियोगीकरिकैजन्य जो तासंस्कारकाध्वंसहै ताकेविषे तालक्षणकीअतिव्याप्तिहोती ॥ ताअतिव्याप्तिदोषकेनिवृत्तकरणेवासतै तालक्षणविषे । ज्ञानं । यहपद कथनकऱ्याहै ॥ तहां ताध्वंसविषे ज्ञानरूपताहैनहीं ॥ यातैं ताध्वंसविषे तास्मृतिकेलक्षणकीअतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ ईहांयह अभिप्रायहै ॥ सोसंस्कार वेग १ भावना २ स्थितिस्थापक ३ इसभेदकरिकै तीनप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां जोसंस्कार क्रियाकरिकैजन्यहोवैहै तथाअन्यक्रियाकाजनकहोवैहै ॥ सोसंस्कार वेग कह्याजावैहै ॥ सोवेगनामासंस्कार बाणादिकोंविषेरहेहै ॥ और जोसंस्कार अनुभवज्ञानकरिकैजन्यहोवैहै और स्मृतिज्ञानकाजनकहोवैहै ॥ सोसंस्कार भावना कह्याजावैहै ॥ सोभावनाख्यसंस्कार वेदांतसिद्धांतविषेतौं अंतःकरणमेंहींरहेहै ॥ और नैयायिकोंकेमतविषे आत्मामेंरहेहै ॥ जिसकारणतैं वेदांतीयोंकूंअभिमतजोअहंकारहै तिसकूंहीं तेनैयायिक आत्मामानेहैं ॥ और अन्यथाकऱ्येहूएवस्तुकी पूर्वकीन्यांई स्थितिकरावणेहारा जोसंस्कारहै सो स्थितिस्थापक कह्याजावैहै ॥ सोस्थितिस्थापकनामासंस्कार धनुषशाखादिकोंविषेरहेहै ॥ इनतीनप्रकारकेसंस्कारोंका न्यायप्रकाशकेतृतीयपरिच्छेदविषे विस्तारतैंनिरूपण कऱ्याहै ॥ सो तहांसेजानिलेणा ॥ तहां वेग स्थितिस्थापक इनदोनोंसंस्कारोंकूं यद्यपि क्रियाकाहींजनकपणाहोवैहै ॥ तथापि ताभावनाख्यसंस्कारकूं ज्ञानकाजनकपणाहोवैहै ॥ यातैं तास्मृतिकेलक्षणविषे संस्कारशब्दकरिकै सोभावनाख्यसंस्कारहीं विवक्षितहै ॥ यातैं सोउक्तस्मृतिकालक्षण संभवैहै इति ॥ अब तास्मृतिकेविभागका निरूपणकरेहै ॥ साउक्तस्मृति यथार्थ १ अयथार्थ २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकीहो

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्मृतिकेविभागका निरूपणकरेहै ॥ सा स्मृति यथार्थ १ अयथार्थ २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकीहो

वेहै ॥ तहां यथार्थअनुभवजन्यसंस्कारतैं उत्पन्नभईजास्मृतिहै सा यथार्थस्मृति कहीजावैहै ॥ और अ
यथार्थअनुभवजन्यसंस्कारतैं उत्पन्नभईजास्मृतिहैं सा अयथार्थस्मृति कहीजावैहै ॥ तहां सायथार्थस्मृ
तिभी अनात्मस्मृति १ आत्मस्मृति २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकीहोवैहै ॥ तहां (व्यावहारिकःप्रपंचः
मिथ्या दृश्यत्वात् शुक्तिरूप्यवत्) इसअनुमानकरिकैजन्य जोप्रपंचकेमिथ्यात्वकाअनुभवहै ॥ ताअनु
भवजन्यसंस्कारतैं इसअधिकारीपुरुषकूं उत्पन्नभईजा प्रपंचकेमिथ्यात्वकीस्मृतिहै ॥ सास्मृति यथार्थअ
नात्मस्मृति कहीजावैहै ॥ और तत्त्वमसि इत्यादिकमहावाक्यतैंजन्य जो अहंब्रह्मास्मि याप्रकारकाअ
नुभवहै ॥ ताअनुभवजन्यसंस्कारतैं इसअधिकारीपुरुषकूं उत्पन्नभईजा प्रत्यक्अभिन्नब्रह्मकीस्मृतिहै ॥
सास्मृति यथार्थआत्मस्मृति कहीजावैहै इति ॥ इसप्रकार दूसरी अयथार्थस्मृतिभी अनात्मस्मृति १ आ
त्मस्मृति २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकीहोवैहै ॥ तहां (वाचारंभणंविकारोनामधेयं । अतोऽन्यदार्त्तं । मा
यामात्रमिदंद्वैतं) इत्यादिकश्रुतियोंकरिकै तथापूर्वउक्तअनुमानकरिकै इसप्रपंचका मिथ्यापणाहींसिद्ध
है ॥ ऐसेमिथ्याप्रपंचविषे जोसत्यपणेकाअनुभवहै सो भ्रमरूपहींहै ॥ ताअयथार्थअनुभवजन्यसंस्कारतैं
उत्पन्नभईजा ताप्रपंचकेसत्यपणेकीस्मृतिहै ॥ सास्मृति अयथार्थअनात्मस्मृति कहीजावैहै ॥ और अहं
कारतैंआदिलैके स्थूलदेहपर्यंत सर्वअनात्मपदार्थ आत्मभावतैंरहितहैं ॥ यातैं तिनअहंकारादिकोंविषे जा
आत्मत्वबुद्धिहै सोअयथार्थअनुभवहींहै ॥ ताअयथार्थअनुभवजन्यसंस्कारतैं उत्पन्नभईजा तिनअहंका
रादिकोंविषे आत्मभावकीस्मृतिहै ॥ सास्मृति अयथार्थआत्मस्मृति कहीजावैहै ॥ अथवा वास्तवतैंक
र्त्तापणेतैंरहितआत्माविषे कर्तृत्वबुद्धिरूपअयथार्थअनुभवजन्यसंस्कारतैं उत्पन्नभईजा कर्त्तापणेकीस्मृति
है ॥ सास्मृति अयथार्थआत्मस्मृति कहीजावैहै इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ स्वप्नविषे जोपदार्थोंकाज्ञा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नहोवैहै ॥ सोभी अयथार्थस्मृतिरूपहींहै ॥ यातैं तास्वप्नकेज्ञानका ईहां ग्रहण क्युंनहींकऱ्या ॥ ॥ स
माधान ॥ ॥ सोस्वप्नकाज्ञान स्मृतिरूपनहींहै ॥ किंतु अनुभवरूपहींहै ॥ काहेतैं सोस्वप्नकाज्ञान जो
कदाचित् स्मृतिरूपहोता ॥ तौं तास्वप्नविषे लोकोंकूं सरथः याप्रकारकाहीं रथादिकपदार्थोंकाज्ञानहो
ता ॥ परंतु ऐसाज्ञानहोतानहीं ॥ किंतु मैं रथकूंदेखताहूं याप्रकारकाअनुभवहीं तास्वप्नविषेहोवैहै ॥ या
तैं सोस्वप्नकाज्ञान अनुभवरूपहींहै स्मृतिरूपनहीं ॥ इसअर्थकूं आगेभीनिरूपणकरेंगे इति ॥ तहां इत
नेंपर्यंत स्मृतिकानिरूपणकऱ्या ॥ अब अनुभूतिकानिरूपणकरेहैं ॥ तहां (स्मृतिभिन्नंज्ञानं अनुभूतिः)
अर्थयह ॥ पूर्वउक्तस्मृतिज्ञानतैंभिन्नजोज्ञानहै सो अनुभूति कह्याजावैहै ॥ इसीअनुभूतिकूं अनुभवभी
कहेहैं ॥ जैसे अयंघटः इदंरजतं इत्यादिकज्ञान तास्मृतिज्ञानतैंभिन्नहोणेतैं अनुभवरूपहैं ॥ तहां । ज्ञानं
अनुभूतिः । इतनामात्रहीं जो ताअनुभवकालक्षणकरते ॥ तौं स्मृतिज्ञानविषे ताअनुभवकेलक्षणकीअ
तिव्याप्तिहोती ॥ ताअतिव्याप्तिदोषकेनिवृत्तकरणेवासतै तालक्षणविषे । स्मृतिभिन्नं । यहपद कथनक
ऱ्याहै ॥ और । स्मृतिभिन्नंअनुभूतिः । इतनामात्रहीं जो ताअनुभवकालक्षणकरते ॥ तौं तास्मृतिज्ञान
तैंभिन्न जेघटादिकहैं तिनोंविषे तालक्षणकीअतिव्याप्तिहोती ॥ ताअतिव्याप्तिदोषकेनिवृत्तकरणेवासतै
तालक्षणविषे । ज्ञानं । यहपद कथनकऱ्याहै इति ॥ अब ताअनुभूतिकाविभाग वर्णनकरेहैं ॥ साउक्त
अनुभूतिभी यथार्थ १ अयथार्थ २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकीहोवैहै ॥ तहां अबाधितअर्थकूंविषयकर
णेहारीजाप्रमाहै ताकानाम यथार्थअनुभूतिहै ॥ साप्रमारूपयथार्थअनुभूति द्वितीयपरिच्छेदविषे विस्ता
रतैंनिरूपणकरिआयेहैं ॥ यातैं ईहां पुनःनिरूपणकरतेनहीं ॥ अब अयथार्थअनुभूतिकानिरूपणकरेहैं ॥
तहां (बाधितार्थविषयानुभूतिः अयथार्थानुभूतिः) अर्थयह ॥ विषयकेअभावकीजाप्रमाहै *ताकानाम*

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

तहां (बाधितार्थविषयानुभूतिः अयथार्थानुभूतिः) अर्थयह ॥ विषयकेअभावकीजाप्रमाहै ताकानाम

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बाधहै ॥ ताबाधका जोविषयहोवै ताकानाम बाधितहै ॥ सोबाधितअर्थहैविषयजिसका ऐसीजाअनुभूतिहै ॥ साअनुभूति अयथार्थअनुभूति कहीजावैहै ॥ जैसे नेदंरजतं इसबाधज्ञानकेविषयहोणेतैं बाधितजेशुक्तिरजतादिकहैं ॥ तिनोंकूं विषयकरणेहारी इदंरजतं इत्यादिकअनुभूति अयथार्थअनुभूति कहीजावैहै ॥ तहां प्रमाज्ञानविषे इसअयथार्थानुभूतिकेलक्षणकीअतिव्याप्तिकेनिवृत्तकरणेवासतै इसलक्षणविषे । बाधितार्थविषय । यहपद कथनकऱ्याहै ॥ और बाधितअर्थकूंविषयकरणेहारी अयथार्थस्मृतिविषे इसलक्षणकीअतिव्याप्तिकेनिवृत्तकरणेवासतै इसलक्षणविषे । अनुभूतिः । यहपद कथनकऱ्याहै इति ॥ और साअयथार्थअनुभूतिभी संशय १ निश्चय २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकीहोवैहै ॥ तहां (एकस्मिन्धर्मिणिभासमानविरुद्धनानाकोटिकज्ञानं संशयः) अर्थयह ॥ एकहींधर्मीविषे भासमान जे परस्परविरुद्ध नानाकोटिहैं ॥ तिनोंकूंविषयकरणेहाराज्ञान संशय कह्याजावैहै ॥ जैसे । स्थाणुर्वापुरुषो वा । यहज्ञान एकहीं स्थाणुरूपधर्मीविषे वा पुरुषरूपधर्मीविषे स्थाणुत्वपुरुषत्वरूपविरुद्धनानाकोटियोंकूं विषयकरेहै ॥ यातैं सोज्ञान संशय कह्याजावैहै इति ॥ और सोउक्तसंशयभी प्रमाणसंशय १ प्रमेयसंशय २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां प्रमाणविषे जा असंभावनाहै ताकानाम प्रमाणसंशयहै ॥ और प्रमेयविषे जा असंभावनाहै ताकानाम प्रमेयसंशयहै ॥ तहां सोप्रमाणसंशयभी प्रमासंशय १ करणसंशय २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां प्रमाणकरिकैजन्यप्रमाज्ञानविषे जोसंशयहै ताकानाम प्रमासंशयहै ॥ और ताप्रमाणकेस्वरूपविषे जोसंशयहै ताकानाम करणसंशयहै ॥ तहां पूर्वअदृष्टस्थलविषेस्थितजलकेसाथि चक्षुइंद्रियकेसंबंधहूएतैंअनंतर इसपुरुषकूं इदंजलं याप्रकारका प्रमाज्ञानहोवैहै ॥ परंतु इसपुरुषनैं तास्थलविषे पूर्वकबी जलदेख्यानहीं ॥ यातैं तापुरुषकूं तिसजलज्ञा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नविषे यहज्ञान प्रमाहै वानहीं याप्रकारका ताजलज्ञानके प्रमात्वकूं तथाताप्रमात्वकेअभावकूं विष यकरणेहारा संशय उत्पन्नहोवैहै ॥ सोसंशय प्रमासंशय कह्याजावैहै ॥ सोप्रमासंशय ताप्रमाज्ञानके प्रमात्वकेनिश्चयतैंहीं निवृत्तहोवैहै ॥ तहां (तद्वतितत्प्रकारकत्वं प्रमात्वं) अर्थयह ॥ ज्ञाननिष्ठ जो ति सधर्मवालेवस्तुविषे तत्धर्मविषयकत्वहै यहहीं प्रमात्वहै ॥ जैसे । अयंघटः । इसज्ञानविषे जो घटत्व धर्मवालेघटविषे ताघटत्वधर्मविषयकत्वहै यहहीं प्रमात्वहै ॥ इसीप्रमात्वकूं प्रामाण्यभी कहेहैं ॥ तहां सोप्रमाज्ञाननिष्ठप्रमात्व नैयायिकोंकेमतविषेतौं परतःग्राह्य होवैहै ॥ और मीमांसकोंकेमतविषे तथा वेदांतसिद्धांतविषे सोप्रमात्व स्वतःग्राह्य होवैहै ॥ और ताप्रमात्वकीस्वतःग्राह्यताविषेभी मीमांसकोंके नानामतहैं ॥ तेमीमांसकोंकेमत तथासोनैयायिकोंकामत ईहां ग्रंथकेविस्तारभयतैं लिख्येनहीं ॥ और न्यायप्रकाशकेषष्ठेपरिच्छेदविषे तेसर्वमत स्पष्टकरिकैलिख्येहैं॥ जिसकूं जिज्ञासाहोवै तिसनैं तहांसेंजानि लेणे ॥ अब वेदांतसिद्धांतसंमत प्रमात्वकेस्वतःग्राह्यताका निरूपणकरेहैं ॥ तहां (यावत्स्वाश्रयग्राह कग्राह्यत्वं स्वतोग्राह्यत्वं) अर्थयह ॥ ताप्रमात्वधर्मकाआश्रयभूत जोप्रमाज्ञानहै ॥ ताप्रमाज्ञानके जि तनेंकीग्राहकहैं तिनोंकरिकै जो ताप्रमात्वविषेग्राह्यपणाहै यहहीं ताप्रमात्वविषे स्वतःग्राह्यताहै ॥ जैसे ताप्रमात्वधर्मकाआश्रयरूप अयंघटः यहवृत्तिज्ञानहै ॥ तावृत्तिज्ञानकूंग्रहणकरणेहारा साक्षीचैतन्यहै ॥ तासाक्षीचैतन्यनैं तावृत्तिज्ञानकीन्यांई ताकाप्रमात्वभी ग्रहणकरीताहै ॥ यहहीं ताप्रमात्वविषे स्वतःग्रा ह्यताहै इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ जैसे प्रमाज्ञानकाप्रमात्व स्वतःग्राह्य होवैहै ॥ तैसे इदंरजतं इत्यादि कअप्रमाज्ञानकाअप्रमात्वभी स्वतःग्राह्यहींहोवैंगा ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ सोअप्रमात्वधर्मतौं परतः ग्राह्यहींहोवैहै ॥ स्वतःग्राह्यहोतानहीं ॥ तहां (तदभाववतितत्प्रकारकत्वं अप्रमात्वं) अर्थयह ॥ ज्ञा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ग्राह्यहींहोवैहै ॥ स्वतःग्राह्यहोतानहीं ॥ तहां (तद्भावनवित्प्रकारकत्वं अप्रमात्वं) अर्थयह ॥ ज्ञा

नविषे जो तिसधर्मकेअभाववालेवस्तुमें तत्धर्मविषयकत्वहै यहहीं अप्रमात्वहै ॥ जैसे इदंरजतं इसज्ञा नविषे वास्तवतैंरजतकेअभाववालीशुक्तिमें जोरजतविषयकत्वहै यहहीं अप्रमात्वहै ॥ तहां ताअप्रमा त्वकाघटक जो शुक्तिविषेरजतकाअभावहै ॥ ताअभावकूं सोवृत्तिज्ञान विषयकरतानहीं ॥ यातैं तार जताभावघटितअप्रमात्वकूं सोसाक्षीचैतन्यभी ग्रहणकरिसकतानहीं ॥ किंतु सोसाक्षीचैतन्य केवल ता अप्रमात्वधर्मकेआश्रयभूतज्ञानमात्रकूंहीं ग्रहणकरेहै ॥ जोकदाचित् वृत्तिज्ञानकेअविषयभूतअर्थकूंभी सोसाक्षी प्रकाशकरताहोवै ॥ तौं घटादिआकारवृत्तिकालविषे पटादिकोंकाभी तासाक्षीचैतन्यकरिकै प्रकाशहोणाचाहिये ॥ यातैं प्रमात्वकीन्यांई सोअप्रमात्व स्वतःग्राह्य नहींहै ॥ किंतु परतःग्राह्यहै ॥ त हां (स्वाश्रयग्राहकातिरिक्तसामग्रीग्राह्यत्वं परतोग्राह्यत्वं) अर्थयह ॥ ताअप्रमात्वधर्मकाआश्रयभूत जो अप्रमाज्ञानहै ॥ तिसकाग्राहक जासामग्रीहै ॥ तासामग्रीतैंभिन्नसामग्रीकरिकै जोग्राह्यत्वहै ॥ यहहीं ताअप्रमात्वविषे परतःग्राह्यताहै ॥ जैसे उक्तअप्रमात्वधर्मका आश्रयभूत इदंरजतं यहअप्रमाज्ञानहै ॥ ताअप्रमाज्ञानकाग्राहकतौं साक्षीचैतन्यहै ॥ सोसाक्षीचैतन्य ताअप्रमात्वधर्मकूं ग्रहणकरतानहीं ॥ किं तु तासाक्षीचैतन्यतैंभिन्न जाअनुमानरूपसामग्रीहै ॥ ताकरिकैहीं सोअप्रमात्वधर्म ग्रहणहोवैहै ॥ यह हीं ताअप्रमात्वविषे परतःग्राह्यत्वहै ॥ अब ताअनुमानकाप्रकार दिखावैहैं ॥ तहां इसपुरुषकी इष्टसा धनताज्ञानतैंअनंतरहीं प्रवृत्तिहोवैहै ॥ साप्रवृत्तिभी संवादिप्रवृत्ति १ विसंवादिप्रवृत्ति २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकीहोवैहै ॥ तहां सफलप्रवृत्तिकानाम संवादिप्रवृत्तिहै ॥ और निष्फलप्रवृत्तिकानाम विसंव. दिप्रवृत्तिहै ॥ ताविसंवादीप्रवृत्तिकरिकैहीं ताअप्रमात्वकाअनुमानहोवैहै ॥ सोअनुमान यहहै ॥ (शु क्तौरजतज्ञानं अप्रमा विसंवादीप्रवृत्तिजनकत्वात् यन्नैवंतन्नैवंयथाप्रमा) अर्थयह ॥ शुक्तिविषे जो

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इदंरजतं यहज्ञानहै ॥ सोज्ञान अप्रमारूपहै ॥ निष्फलप्रवृत्तिकाजनकहोणेतैं ॥ जोजोज्ञान अप्रमारूपन हींहोवैहै ॥ सोसोज्ञान निष्फलप्रवृत्तिकाजनकभीनहींहोवैहै ॥ जैसे प्रमाज्ञानहै इति ॥ इसप्रकारकेअनुमानकरिकै यहपुरुष तारजतज्ञानविषे अप्रमात्वकूं निश्चयकरेहै ॥ यहहीं ताअप्रमात्वविषे परतःग्राह्यताहै ॥ किंवा जैसे ताप्रमात्वकेज्ञानविषे स्वतःपणाहै ॥ तैसे ताप्रमात्वकीउत्पत्तिविषेभी स्वतःपणाहीं है ॥ तहां ज्ञानकेउत्पत्तिकी जा सामान्यसामग्रीहै ॥ तासामग्रीमात्रकरिकै जोजन्यताहै यहहीं ताप्रमात्वकीउत्पत्तिविषे स्वतःपणाहै ॥ इसप्रकार ताअप्रमात्वकेज्ञानविषे जैसे परतःपणाहै ॥ तैसे ताअप्रमात्वकीउत्पत्तिविषेभी परतःपणाहींहै ॥ तहां ज्ञानकेउत्पत्तिकीसामान्यसामग्रीतैंभिन्नजोदोषहै तादोषकरिकै जोजन्यपणाहै ॥ यहहीं ताअप्रमात्वकीउत्पत्तिविषे परतःपणाहै इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ पूर्व उक्तरीतिसें ताप्रमात्वकी उत्पत्तिविषे तथाज्ञानविषे जोस्वतःपणा मानोंगे ॥ तौं पूर्वअदृष्टस्थलविषे इदं जलं इसप्रकारकेज्ञानतैंअनंतर इसपुरुषकूं यहजलकाज्ञान प्रमाहै वानहीं याप्रकारका जोसंशयहोवैहै सो नहींहोणाचाहिये ॥ काहेतैं तुमारेमतविषे ताज्ञानकाप्रमात्व साक्षीचैतन्यकरिकै निश्चितहींहै ॥ और निश्चितअर्थविषे संशयहोतानहीं ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ तिसस्थलविषे तासंशयकाउत्पादकजोदोषहै ॥ तादोषघटितसंशयकीसामग्री ताप्रमात्वग्राहकसामग्रीतैं प्रबलहै ॥ यातैं ताजलज्ञानविषे ताप्रमात्वकाअनिश्चयहोणेतैं सोप्रमात्वकासंशय संभवैहै ॥ इसप्रकार तास्वतःग्राह्यप्रमात्वकेनिश्चयकरिकै ताउक्तप्रमासंशयकीनिवृत्ति बनिसकेहै इति ॥ अब करणसंशयका तथाताकेनिवृत्तिकेउपायका वर्णनकरेहैं ॥ तहां तत्त्वमसिआदिकवेदांतवाक्य अद्वितीयब्रह्मविषे प्रमाणहै वानहीं याप्रकारकी जा वेदांतवाक्यरूपप्रमाणविषे असंभावनाहै ताकानाम करणसंशयहै ॥ सोकरणगतसंशय ब्रह्मवेत्तागुरुकेमुखतैं वे

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दांतशास्त्रकेश्रवणतैं निवृत्तहोवैहै ॥ ताश्रवणकास्वरूप द्वितीयपरिच्छेदविषे निरूपणकरिआयेहैं ॥ या तैं पुनः ईहां निरूपणकरतेनहीं ॥ सोउक्तश्रवण शारीरकमीमांसाके प्रथमअध्यायकेपठनकरिकै सिद्धहो वैहै इति ॥ तहां इतनैंपर्यंत प्रमाणगतसंशयकानिरूपणकऱ्या ॥ अब दूसरे प्रमेयगतसंशयका तथाता केनिवृत्तिकेउपायका निरूपणकरेहैं ॥ तहां प्रमाणजन्यज्ञानकाजोविषयहै ताकानाम प्रमेयहै ॥ ताप्र मेयविषे जोसंशयहोवैहै ताकानाम प्रमेयसंशयहै ॥ सोप्रमेयगतसंशयभी अनात्मगतसंशय १ आत्म गतसंशय २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां अनात्मारूपजेस्थाणुआदिकहैं तिनोंविषे जो इ सपुरुषकूं । स्थाणुर्वापुरुषोवा । इत्यादिकसंशयहोवैहै ॥ सोसंशय अनात्मगतसंशय कह्याजावैहै ॥ यह अनात्मगतसंशय साधारणधर्मकेदर्शनतैंजन्यहोवैहै ॥ जैसे स्थाणुका तथापुरुषका साधारणधर्म जो साढेतीनहस्तपरिमाणऊंचापणाहै ताकेदर्शनतैं सोउक्तसंशय उत्पन्नहोवैहै ॥ और तिनस्थाणुआदिकों केअसाधारणधर्मकाज्ञानरूप जो विशेषदर्शनहै तिसतैं ताउक्तसंशयकीनिवृत्तिहोवैहै ॥ तहां स्थाणुपणे कानिश्चयकरावणेहारे जे वक्रकोटरादिकहैं तेतौं स्थाणुकाअसाधारणधर्महैं ॥ और पुरुषपणेकेनिश्चय करावणेहारे जे हस्त पाद शिर आदिकअवयवहैं ते पुरुषकाअसाधारणधर्महैं ॥ ताअसाधारणधर्मके ज्ञानतैं ताउक्तसंशयकीनिवृत्तिहोइजावैहै इति ॥ और इसपुरुषकूं जो आपणेआत्माविषे संशयहोवैहै ॥ सोसंशय आत्मगतसंशय कह्याजावैहै ॥ सोआत्मगतसंशय विप्रतिपत्तिकरिकैजन्यहोणेतैं अनेकप्रका रकाहोवैहै ॥ तहां परस्परविरुद्धअर्थकेप्रतिपादक जे वादीयोंकेअनेकवचनहैं ताकानाम विप्रतिपत्ति है ॥ साविप्रतिपत्ति श्रीभगवान्भाष्यकारनैं वर्णनकरीहै ॥ सोदिखावैहैं ॥ तहां चैतन्यविशिष्ट जोयह स्थूलदेहहै सोईहीं आत्माहै ॥ इसप्रकार प्राकृतजीव तथालोकायतिक मानेहैं ॥ और चक्षुआदिकइं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

द्रियहीं आत्माहैं ॥ इसप्रकार केईकदूसरे मानेहैं ॥ और मनहीं आत्माहै इसप्रकार केईकदूसरे मानेहैं ॥ और क्षणिकविज्ञानहीं आत्माहै इसप्रकार केईकदूसरे मानेहैं ॥ और शून्यहीं आत्माहै इसप्रकार केईकदूसरे मानेहैं ॥ और देहइंद्रियादिकोंतैंभिन्न संसारी कर्त्ता भोक्ता आत्माहै इसप्रकार केईकदूसरे मानेहैं ॥ और आत्मा केवल भोक्ताहींहै कर्त्तानहींहै इसप्रकार केईकदूसरे मानेहैं ॥ और कर्त्ता भोक्तातैंभिन्न सर्वज्ञ सर्वशक्तिमान् ईश्वरहीं आत्माहै इसप्रकार केईकदूसरे मानेहैं ॥ और आत्मा उपाधिकेसंबंधतैंकर्त्ताभोक्ताहूआभी वास्तवतैंशुद्धहींहै इसप्रकार केईकदूसरे मानेहैं ॥ और तेपूर्वउक्तवादी तिसतिसदेहादिरूपआत्माकीसिद्धिवासतै यथायोग्य युक्तिप्रमाणादिकभी कथनकरेहैं ॥ इसप्रकार परस्परविरुद्धअर्थकेप्रतिपादक वादीयोंकेवचनरूपविप्रतिपत्तितैं इसपुरुषकूं सोआत्माकासंशय अनेकप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां सोआत्मा यद्यपि वास्तवतैं एकअद्वितीयरूपहै ॥ तथापि उपाधिकेभेदकरिकै सोआत्मा परमात्मा १ जीवात्मा २ यहदोप्रकारका कह्याजावैहै ॥ तहां तत्त्वमसि इसमहावाक्यविषे स्थित तत्पदकाअर्थरूप जो मायाउपहितब्रह्महै ताकानाम परमात्माहै ॥ और त्वंपदकाअर्थरूप जो तीनशरीरउपहितचैतन्यहै ताकानाम जीवात्माहै ॥ तिनदोनोंविषे प्रथम तत्पदार्थपरमात्माविषे तेअनेकप्रकारकेसंशय दिखावैहैं ॥ तहां सोब्रह्म अद्वितीयहै अथवा सद्वितीयहै ॥ और अद्वितीयरूपहूआभी सोब्रह्म आनंदगुणवालाहै अथवा आनंदस्वरूपहै ॥ और सोब्रह्म ज्ञानगुणवालाहै अथवा ज्ञानस्वरूपहै ॥ और सोब्रह्म सत्ताजातिवालाहै अथवा सत्तास्वरूपहै ॥ और सोब्रह्म सगुणहै अथवा निर्गुणहै ॥ इत्यादिकअनेकप्रकारकेसंशय इसपुरुषकूं तिसतत्पदार्थब्रह्मविषेहोवैहैं ॥ अब त्वंपदार्थजीवात्माविषेभी तेअनेकप्रकारकेसंशय दिखावैहैं ॥ तहां यहआत्मा देहइंद्रियादिकोंतैं भिन्नहै अथवानहीं ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

है ॥ इत्यादिकअनेकप्रकारकेसंशय इसपुरुषकूं तिसतत्पदार्थब्रह्मविषेहोवैहैं ॥ अब त्वंपदार्थजीवा
विषेभी तेअनेकप्रकारकेसंशय दिखावैहैं ॥ तहां यहवार्त्ता देहइंद्रियादिकोंतैं भिन्नहै अथवानहीं ॥

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और देहइंद्रियादिकोंतैंभिन्नहूआभी सोआत्मा कर्त्ताहै अथवा अकर्त्ताहै ॥ और अकर्त्ताहूआभी सो आत्मा चिद्रूपहै अथवा अचिद्रूपहै ॥ और चिद्रूपहूआभी सोआत्मा आनंदरूपहै अथवा नहीं ॥ और आनंदरूपहूआभी सोआत्मा परिणामीहै अथवा कूटस्थहै ॥ और कूटस्थहूआभी सोआत्मा सत्ता जातिवालाहै अथवा सत्तारूपहै ॥ इत्यादिकअनेकप्रकारकेसंशय इसपुरुषकूं तात्वंपदार्थजीवात्माविषे होवैहैं ॥ अब तत्त्वंपदार्थकीएकतारूपवाक्यार्थविषे संशय दिखावैहैं ॥ इसजीवात्माकूं सत्चित्आनंद रूपताहूएभी परमात्माकेसाथि इसजीवात्माकीएकता संभवतीहै अथवानहीं ॥ अब मोक्षकेसाधनवि षे संशय दिखावैहैं ॥ जीवब्रह्मकीएकताकेहूएभी ताएकताकाज्ञान मोक्षकासाधनहै अथवानहीं ॥ और ताज्ञानकूं मोक्षकीसाधनताहूएभी सोज्ञान कर्मसहितहूआ मोक्षकासाधनहै अथवा केवलज्ञान मोक्षका साधनहै ॥ इत्यादिकसर्वसंशय आत्मगतसंशय कह्येजावैहैं ॥ तेसर्वआत्मगतसंशय तर्करूपमननकरि कै निवृत्तहोवैहैं ॥ तहां (अनिष्टप्रसंजकः तर्कः) अर्थयह ॥ जायुक्ति प्रतिवादीकेअनिष्टकीसिद्धि करे है ॥ सायुक्ति तर्क कहीजावैहै ॥ अर्थात् व्याप्यकाआरोपणकरिकै जोव्यापककाआपादनहै ताका नाम तर्कहै ॥ तहां व्याप्तिकेआश्रयकानाम व्याप्यहै ॥ और व्याप्तिकेनिरूपककानाम व्यापकहै ॥ व्याप्तिकास्वरूप पूर्वद्वितीयपरिच्छेदविषे निरूपणकरिआयेहैं ॥ जैसे पर्वतविषे धूमकूंदेखताहूआभी जो प्रतिवादी तापर्वतविषे अग्नि नहींमानेहै ॥ ताप्रतिवादीकेप्रति याप्रकारकातर्क कह्याजावैहै ॥ धूमव न्हिका कार्यकारणभाव सर्वलोकविषेप्रसिद्धहै ॥ और कारणतैंविना कार्यहोतानहीं यहवार्त्ताभी सर्व लोकविषेप्रसिद्धहै ॥ यातैं इसपर्वतविषे जोवन्हिनहींहोवै ॥ तौं तावन्हिकाकार्यधूमभी नहींहोणाचा हिये इति ॥ तहां तापर्वतविषे धूमकाअभाव ताप्रतिवादीकूंअनिष्टहै ॥ ताप्रतिवादीकेअनिष्टकीसिद्धि

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वृत्तिरसकृदुपदेशात् । आप्रायणात्तत्रापिहिदृष्टं) इससूत्रकरिकै अमुख्यअधिकारीयोंकेप्रति अभ्यासकी आवृत्ति कथनकरीहै ॥ यातैंयहसिद्धभया ॥ पूर्वउक्त मुख्यअधिकारीयोंकूं तत्त्वज्ञानतैंअनंतर वासना क्षयमनोनाशकेअभ्यासकी नहींअपेक्षाहूएभी ॥ तिनअमुख्यअधिकारीयोंकूं तत्त्वज्ञानतैंअनंतर चित्तकी विश्रांतिवासतै सोवासनाक्षयमनोनाशकाअभ्यास अवश्य अपेक्षितहै इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ वासना केक्षयकरणेविषे इसपुरुषकी तबी प्रवृत्तिसंभवै ॥ जबी इसपुरुषकूं तावासनाकेस्वरूपकाज्ञानहोवै ॥ तावा सनाकेज्ञानतैंविना तावासनाकेनिवृत्तकरणेविषे इसपुरुषकीप्रवृत्ति संभवतीनहीं ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ तावासनाका साधारणलक्षण तथातावासनाकाविभाग तथातावासनाकाफल तथातिसतिसवासनाका विशेषलक्षण श्रीवसिष्ठभगवान्नैं कथनकऱ्याहै ॥ सोसर्व तावसिष्ठभगवान्केवचनोंकरिकै ईहांदिखावै हैं ॥ ताकेविषे प्रथम तावासनाका साधारणलक्षण कहेहैं ॥ तहांश्लोक ॥ (दृढभावनयात्यक्तपूर्वापर विचारणं यदादानंपदार्थस्य वासनासाप्रकीर्त्तिता) अर्थयह ॥ जिसदृढभावनाकरिकै पूर्वअपरकेविचा रतैंविनाहीं पदार्थोंकाग्रहणहोवैहै ॥ अर्थात् हमारीभाषा सर्वभाषावोंतैं समीचीनहै ॥ तथा हमारादेश सर्वदेशोंतैंसमीचीनहै ॥ तथा हमाराकुल सर्वकुलोंतैंउत्तमहै ॥ तथा हमारेपुत्रादिक सर्वतैंसमीचीनहैं ॥ इत्यादिकअभिनिवेश जिसभावनाकरिकैहोवैहै ॥ साभावना विद्वान्पुरुषोंनैं वासना कहीतीहै इति ॥ अब तावासनाका विभाग तथाफल वर्णनकरेहैं ॥ तहांश्लोक ॥ (वासनाद्विविधाप्रोक्ता शुद्धाचमलि नातथा मलिनाजन्मनोहेतुः शुद्धाजन्मविनाशिनी) अर्थयह ॥ साउक्तवासना दोप्रकारकीहोवैहै ॥ ए कतौं शुद्धवासना होवैहै ॥ और दूसरी मलिनवासना होवैहै ॥ तहां मलिनवासनातौं इसपुरुषके ज न्मकाकारणहोवैहै ॥ और शुद्धवासना जन्मकेनिवृत्तिकाकारणहोवैहै इति ॥ अब तामलिनवासनाका

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

स्वरूपलक्षण कहेहैं ॥ तहांश्लोक ॥ (अज्ञानसुघनाकारघनाहंकारशालिनी पुनर्जन्मकरीप्रोक्ता मलि

न्मकाकारणहोवैहै ॥ और शुद्धवासना जन्मकेनिवृत्तिकाकारणहोवैहै इति ॥ अब तामलिनवासनाका

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्वरूपलक्षण कहेहैं ॥ तहांश्लोक ॥ (अज्ञानसुघनाकारघनाहंकारशालिनी पुनर्जन्मकरीप्रोक्ता मलिनावासनाबुधैः) अर्थयह ॥ ब्रह्मकेस्वरूपकाआवरक जोअज्ञानहै ॥ ताअज्ञानकरिकै घनीभूतहूआहैआकार जिसका ऐसाजो घनअहंकारहै ॥ ताअहंकारसहितजावासनाहै ॥ सावासना विद्वान्पुरुषोंनैं मलिनवासना कहीतीहै ॥ सामलिनवासनाहीं इसपुरुषकूं पुनःजन्मकीप्राप्ति करेहै ॥ तहां भ्रांतिज्ञानकीजा परंपराहै यहहीं ताअहंकारका घनाकारहै ॥ सोअहंकारका घनाकारपणा श्रीभगवान्नैं गीताकेषोडशेअध्यायविषे आसुरसंपत्केनिरूपणप्रसंगविषे (इदमद्यमयालब्धमिमंप्राप्स्येमनोरथं इदमस्तीदमपिमेभविष्यतिपुनर्धनं ॥ १ ॥ असौमयाहतःशत्रुर्हनिष्येचापरानपि ईश्वरोहमहंभोगीसिद्धोहंबलवान्सुखी ॥२॥ आढ्योभिजनवानस्मिकोन्योस्तिसदृशोमया यक्ष्येदास्यामिमोदिष्यइत्यज्ञानविमोहिताः ॥ ३ ॥) इनतीनश्लोकोंकरिकै कथनकऱ्याहै इति ॥ अब शुद्धवासनाका स्वरूपलक्षण वर्णनकरेहैं ॥ तहांश्लोक ॥ (पुनर्जन्मांकुरंत्यक्त्वास्थितंसंभ्रष्टबीजवत् देहार्थंध्रियतेज्ञातज्ञेयाशुद्धेतिचोच्यते) अर्थयह ॥ जावासना पुनःजन्मकेमूलकूंनाशकरिकै दग्धबीजकीन्यांई देहकीस्थितिवासतै स्थितहोवैहै ॥ तथा जिसवासनाकरिकै अखंडएकरसआनंदवस्तु जान्याजावैहै ॥ सावासना शुद्धवासना कहीजावैहै इति ॥ अब पूर्वउक्तमलिनवासनाकाविभाग वर्णनकरेहैं ॥ तहां जन्मकीप्राप्तिकरणेहारी सामलिनवासना यद्यपि अनंतहोवैहै ॥ तथापि स्मृतिविषे सामलिनवासना संक्षेपतैं तीनप्रकारकी कथनकरीहै ॥ तहांश्लोक ॥ (लोकवासनयाजंतोर्देहवासनयापिच शास्त्रवासनयाज्ञानंयथावन्नैवजायते) अर्थयह ॥ सापूर्वउक्तमलिनवासना लोकवासना १ शास्त्रवासना २ देहवासना ३ इसभेदकरिकै तीनप्रकारकीहोवैहै ॥ तिनतीनोंवासनावोंविषे कोईभीवासना जिसपुरुषकूंहोवैहै ॥ तिसपुरुषकूं तावासनारूपप्रतिबंधकेवशतैं आत्माकायथार्थज्ञा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

न उत्पन्नहोतानहीं इति ॥ अब लोकवासनाका निरूपणकरेहैं ॥ तहां जिसआचरणकेधारणकरणेतैं सर्वलोक हमारी स्तुतिकरै कोईभीलोक हमारीनिंदा नहींकरै ॥ ऐसेआचरणकूं मैं धारणकरूं ॥ याप्रकारका जोअभिनिवेशहै ताकानाम लोकवासनाहै ॥ सालोकवासना शतकोटिजन्मोंकरिकैभी संपादनकरणेकूंअशक्यहै ॥ काहेतैं सर्वदूषणोंतैंरहित तथासर्वशुभगुणोंकरिकैसंपन्न तथानमस्कारस्मरणादिकोंकरिकै सर्वपुरुषार्थोंकीप्राप्तिकरणेहारे जेरामकृष्णादिकईश्वरहैं ॥ तिनोंकीभी सर्वलोक स्तुतिकरतेनहीं ॥ किंतु केईकश्रेष्ठपुरुषतौं स्तुतिकरेहैं ॥ और केईकनीचपुरुष निंदाभीकरेहैं ॥ जबी रामकृष्णादिकईश्वरोंकीभी सर्वलोक स्तुति नहींकरेहैं ॥ तबी अस्मदादिकजीवोंकी सर्वलोक स्तुति कैसेकरेंगे किंतुनहींकरैंगे ॥ यातैं सालोकवासना संपादनकरणेकूंअशक्यहै ॥ यातैं इसअधिकारीपुरुषनैं तालोकवासनाकापरित्यागकरिकै आपणेहितकूंहीं संपादनकरणा ॥ यहवार्त्ता अन्यग्रंथविषेभीकहीहै ॥ तहांश्लोक ॥ (विद्यतेनखलुकश्चिदुपायः सर्वलोकपरितोषकरोयः सर्वथास्वहितमाचरणीयं किंकरिष्यतिजनोबहुजल्पः) अर्थयह ॥ जिसउपायकरिकै सर्वलोक स्तुतिकरैं ॥ ऐसाकोईउपाय लोकशास्त्रविषे हैनहीं ॥ यातैं इसअधिकारीपुरुषनैं तालोकवासनाकापरित्यागकरिकै सर्वप्रकारतैं आपणेहितकूंसंपादनकरणा ॥ लोकोंकेनिंदास्तुतिकीतरफ नहींदेखणा ॥ जिसकारणतैं तेलोक निंदास्तुतिकरिकै कोईहानिलाभ करिसकतेनहीं इति ॥ किंवा यहउक्तअर्थ भर्तृहरिनैंभी कह्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ (निंदंतुनीतिनिपुणायदिवास्तुवंतु लक्ष्मीःसमाविशतुगच्छतुवायथेष्टं अद्यैववामरणमस्तुयुगांतरेवा न्याय्यात्पथःप्रविचलंतिपदंनधीराः) अर्थयह ॥ नीतिविषेकुशलपुरुष निंदाकरो अथवा स्तुतिकरो ॥ और लक्ष्मी प्राप्तहोवो अथवा चलीजावो ॥ और आजदिनविषे मरणहोवो अथवा युगांतरविषेहोवो ॥ परंतु धैर्यवान्विवेकीपुरुष शास्त्रविहि

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

तमार्गतैं एकपदमात्रभी चलायमानहोतेनहीं ॥ अर्थात् लोककृतनिंदास्तुतिआदिकोंकीउपेक्षाकरिकै वि

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वो ॥ और आजदिनविषे मरणहोवो अथवा युगांतरविषेहोवो ॥ परंतु धैर्यवान्विवेकीपुरुष शास्त्रविहि

तमार्गतैं एकपदमात्रभी चलायमानहोतेनहीं ॥ अर्थात् लोककृतनिंदास्तुतिआदिकोंकीउपेक्षाकरिकै विवेकीपुरुष आपणेहितकूंहीं संपादनकरेहैं इति ॥ किंवा तालोकवासनाविषेअभिनिवेशवालेपुरुषकूं आत्मज्ञान नहींउत्पन्नहोवैहै यहवार्त्ता अन्यशास्त्रविषेभीकहीहै ॥ तहांश्लोक ॥ (नलोकचित्तग्रहणेरतस्य नभोजनाच्छादनतत्परस्य नशब्दशास्त्राभिरतस्यमोक्षो नचातिरम्यावसथप्रियस्य) अर्थयह ॥ जोपुरुष सर्व प्रकारतैं लोकोंकेचित्तरंजनकरणेविषे प्रीतिवालाहै ॥ तथा जोपुरुष भोजनआच्छादनविषेहीं तत्परहै ॥ तथा जोपुरुष व्याकरणादिकअनात्मशास्त्रविषे अभिनिवेशवालाहै ॥ तथा जोपुरुष अत्यंतरमणीकगृहोंविषे प्रीतिवालाहै ॥ ऐसेपुरुषकूं मोक्ष प्राप्तहोतानहीं ॥ यातैं मोक्षकीइच्छावालेपुरुषनैं सालोकवासना सर्वप्रकारतैं परित्यागकरणी इति ॥ अब शास्त्रवासनाका निरूपणकरेहैं ॥ तहां शास्त्रकेतात्पर्यकूं नग्रहणकरिकै ताशास्त्रकेअध्ययनादिकोंकी जावासनाहै ताकानाम शास्त्रवासनाहै ॥ साशास्त्रवासना भी पाठवासना १ अर्थवासना २ अनुष्ठानवासना ३ इसभेदकरिकै तीनप्रकारकीहोवैहै ॥ तहां समग्रआयुषपर्यंत वेदशास्त्रोंकेपाठकाहीं अध्ययनकरतेरहणा ताशास्त्रकेतात्पर्यकूंनहींजानणा याकानाम पाठवासनाहै ॥ सापाठवासना भरद्वाजकूं होतीभईहै ॥ तहां भरद्वाजऋषि आयुषकेतीनभागपर्यंत अर्थात् ७५ पंचसप्ततिवर्षपर्यंत वेदोंकेपाठकूं अध्ययनकरताभया ॥ तथा अतिजीर्णवृद्धअवस्थाकूंप्राप्तहोताभया ॥ ऐसेभरद्वाजकूंदेखिकै देवराजइंद्र ताभरद्वाजकेसमीपआइकै कहताभया ॥ हेभरद्वाज जो कदाचित् मैं तुमारेतांई आयुषका चतुर्थभाग देवों ॥ तौं तिसचतुर्थभागआयुषकरिकै तूं क्यासंपादनकरैंगा ॥ ऐसेइंद्रकेवचनकूंश्रवणकरिकै सोभरद्वाजऋषि ताचतुर्थआयुषभागविषेभी मैं वेदोंकेपाठकाहींअध्ययनकरोंगा याप्रकारकावचन कहताभया ॥ तिसतैंअनंतर सोइंद्र ताभरद्वाजकी पाठवासना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

केनिवृत्तकरणेवासतै ताभरद्वाजकेप्रति वेदोंकूंपर्वतरूपकरिकै दिखावताभया ॥ तिनवेदरूपपर्वतोंतैं ए कएकमुष्टिलैके ताभरद्वाजकेप्रति कहताभया ॥ हेभरद्वाज अबपर्यंत तुमनैं यहमुष्टिमात्रवेद अध्ययन करेहैं ॥ यहपर्वतरूपवेद बाकी अध्ययनकरणेकूंरहतेहैं ॥ ऐसेइंद्रकेवचनकूंश्रवणकरिकै सोभरद्वाज ता पाठवासनातैं निवृत्तहोताभया ॥ तिसतैंअनंतर सोइंद्र ताभरद्वाजकेप्रति ब्रह्मविद्याकाउपदेश करताभ या ॥ यहगाथा तैत्तिरीयकश्रुतिविषे भरद्वाजोपाख्यानविषे प्रसिद्धहै इति ॥ और वेदशास्त्रोंकेतात्पर्य कूंनजानिकरिकै समग्रआयुषपर्यंत तिनवेदशास्त्रोंकेअर्थका अध्ययनकरीजाणा याकानाम अर्थवास नाहै ॥ साअर्थवासनाभी तापाठवासनाकीन्यांई दुःसंपाद्यहोणेतैं मलिनवासनाहींहै ॥ याकारणतैंहीं विद्वान्पुरुषोंनैं यहकह्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ (अनंतशास्त्रंबहुवेदितव्यमल्पश्चकालोबहवश्चविघ्नाः यत्सा रभूतंतदुपासितव्यं हंसोयथाक्षीरमिवांबुमिश्रं ॥ १ ॥ अधीत्यचतुरोवेदान् धर्मशास्त्राण्यनेकशः यस्तुब्र ह्मनजानाति दर्वीपाकरसंयथा ॥ २ ॥) अर्थयह ॥ शास्त्र अनंतहैं ॥ तथा शास्त्रप्रतिपादितपदार्थभी अनंतहैं ॥ तेपदार्थ अल्पकालकरिकै जान्येजातेनहीं ॥ और इसपुरुषकीआयुष अत्यंतअल्पहै ॥ ताअल्प आयुषविषेभी रोगादिकअनेकविघ्न प्राप्तहोवैहैं ॥ ऐसेविघ्नयुक्तअल्पआयुषकरिकै तिनसर्वशास्त्रोंकाअर्थ जानणेकूंअशक्यहै ॥ यातैं जैसे हंसपक्षी जलमिश्रितक्षीरतैं क्षीरमात्रकूंहीं ग्रहणकरेहै ॥ तैसे इसअधिका रीपुरुषनैंभी सर्वशास्त्रोंकासारभूत जोब्रह्मात्मरूपअर्थहै सोईहीं ग्रहणकरणेयोग्यहै इति ॥ किंवा जोपु रुष चारिवेदोंकेअर्थकूं अध्ययनकरेहै ॥ तथा अनेकधर्मशास्त्रोंकेअर्थकूं अध्ययनकरेहै ॥ परंतु अहंब्रह्मा स्मि याप्रकारतैं ब्रह्मकूंजानतानहीं ॥ सोपुरुष दर्वीकेतुल्यहै ॥ अर्थात् जैसे दर्वी अनेकप्रकारकेव्यंज नोंविषेफिरेहै ॥ परंतु तिनव्यंजनोंकेरसकूंजानतीनहीं ॥ कडछीकानाम दर्वीहै इति ॥ और श्रुतिस्मृति

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

रूपशास्त्रतैं विधानकर्योजेकर्मतैं ॥ तिनकर्मोंकेअनुष्ठानविषेहीं समग्रआयुष व्यतीतकरणी याकानाम अ

नोंविषेफिरेहै ॥ परंतु तिनव्यंजनोंकेरसकूंजानतीनहीं ॥ कडछीकानाम दर्वीहै इति ॥ और श्रुतिस्मृति

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रूपशास्त्रनैं विधानकऱ्येजेकर्महैं ॥ तिनकर्मोंकेअनुष्ठानविषेहीं समग्रआयुष व्यतीतकरणी याकानाम अनुष्ठानवासनाहै ॥ साअनुष्ठानवासना निदाघकूं होतीभईहै ॥ तहां ऋभुनामाऋषिनैं पुनःपुनःउपदेश कऱ्याहूआभी सोनिदाघ ताअनुष्ठानवासनाकरिकै ब्रह्मात्मतत्त्वकूं नहींजानताभया ॥ तीसरेवार ताऋभुकेउपदेशतैं अतिक्लेशतैं सर्वअनुष्ठानकापरित्यागकरिकै ब्रह्मात्मतत्त्वकूं साक्षात्कार करताभया ॥ यह वार्त्ता विष्णुपुराणविषे विस्तारतैंकथनकरीहै ॥ यातैं सापूर्वउक्त तीनोंप्रकारकीशास्त्रवासना आत्मज्ञानका प्रतिबंधकहींहै इति ॥ अब देहवासनाका निरूपणकरेहैं ॥ तहां इसभौतिकस्थूलशरीरविषे जोअभिनिवेशहै ताकानाम देहवासनाहै ॥ सादेहवासनाभी दोप्रकारकीहोवैहै ॥ एकतौं देहविषयक होवैहै ॥ दूसरी देहसंबंधीगुणविषयक होवैहै ॥ तहां मनुष्योऽहं ब्राह्मणोऽहं याप्रकारकीजावासनाहै सा देहविषयकवासना कहीजावैहै ॥ और दूसरी देहसंबंधीवासनाभी शास्त्रीय १ लौकिक २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकीहोवैहै ॥ तहां प्रथम शास्त्रीयवासनाभी दोप्रकारकीहोवैहै ॥ एकतौं गुणाधानप्रयुक्त होवैहै ॥ दूसरी दोषनिवृत्तिप्रयुक्त होवैहै ॥ तहां शास्त्रविहित गंगास्नानादिकोंकरिकै जो देहविषे सद्गुणोंकेधारणकीवासनाहै ॥ सावासना गुणाधानप्रयुक्त कहीजावैहै ॥ और शौचआचमनादिकोंकरिकै जो देहतैं दोषोंकेनिवृत्तकरणेकीवासनाहै ॥ सावासना दोषनिवृत्तिप्रयुक्त कहीजावैहै ॥ इसप्रकार सा लौकिकवासनाभी दोप्रकारकीहोवैहै ॥ तहां तैलपानमरिचभक्षणादिकोंकरिकै जो देहविषे सौंदर्यादिकगुणोंकेधारणकरणेकीवासनाहै सा प्रथमहै ॥ और मलनिवर्त्तकऔषधजलादिकोंकरिकै जो देहतैं मलकेनिवृत्तकरणेकीवासनाहै सा दूसरीहै ॥ यहसर्वदेहवासना ज्ञानकाप्रतिबंधकहोणेतैं तथाजन्मांतरका हेतुहोणेतैं मलिनवासनाहींहैं इति ॥ किंवा लोकवासना शास्त्रवासना देहवासना इनउक्ततीनवासना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वोंतैंअन्यभी ज्ञानकेप्रतिबंधकमलिनवासना गीताकेषोडशेअध्यायविषे श्रीभगवान्नैं (दंभोदर्पोऽभिमानश्चक्रोधःपारुष्यमेवच) इत्यादिकवचनकरिकै दंभदर्पादिआसुरसंपत्‌रूपकरिकै कथनकरीहैं ॥ इसप्रकार स्त्रीपुत्रादिकविषयोंकी जेअभिलाषाहैं तेभी मलिनवासनाहींहैं ॥ तेसर्वमलिनवासना ज्ञानकाप्रतिबंधकहोणेतैं मुमुक्षुजननैं निवृत्तकरणेयोग्यहैं ॥ ॥ शंका ॥ ॥ तिनमलिनवासनावोंकीनिवृत्ति किसउपायतैंहोवैहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ तेमलिनवासना पूर्वउक्तरीतितैं अनेकप्रकारकीयाहैं ॥ यातैं वसिष्ठादिकमुनियोंनैं तिनवासनावोंके निवृत्तिकेउपायभी अनेकप्रकारके कहेहैं ॥ तहां नित्यअनित्यवस्तुकाविवेक तथाविषयोंविषेदोषोंकादर्शन तथामहात्माजनोंकासत्संग तथाविषयीजनोंकेसंगकापरित्याग तथामैत्रीकरुणादिकविरोधीवासनाकीउत्पत्ति इत्यादिकउपायोंकरिकै तिनमलिनवासनावोंकी निवृत्ति होवैहै ॥ यातैं तिनविवेकादिकउपायोंकरिकै आपणेअंतःकरणविषे जो तिनमलिनवासनावोंकीउत्पत्ति नहींहोणेदेणी यहहीं तावासनाक्षयकाअभ्यासहै ॥ तहांश्लोक ॥ (दृश्यासंभवबोधेन रागद्वेषादितानवे रतिर्नवोदितायातु बोधाभ्यासंविदुःपरं) अर्थयह ॥ यहदृश्यमानसर्वप्रपंच अधिष्ठानआत्मातैंभिन्नरूपकरिकै वास्तवतैंनहींहै ॥ याप्रकारका जो दृश्यप्रपंचकेअसंभवकाबोधहै ॥ ताबोधकरिकै प्रपंचरूपविषयकेअभावतैं रागद्वेषादिरूपवासनाकेनिवृत्तहूए इसपुरुषकी आपणेस्वरूपानंदकेअनुभवविषे जादृढप्रीति उत्पन्नहोवैहै ॥ तिसकूं विद्वान्‌पुरुष वासनाक्षयकाअभ्यास कहेहैं इति ॥ अब अन्यप्रकारतैं तिसमलिनवासनाके निवृत्तिकेउपायकूंप्रतिपादनकरणेहारेवाक्यकूंकहेहैं ॥ तहांश्लोक ॥ (असंगव्यवहारित्वाद्भवभावनवर्जनात् शरीरनाशदर्शित्वाद्वासनानप्रवर्त्तते) अर्थयह ॥ मैंअसंगहूं याप्रकारकेवृत्तियोंकाप्रवाहरूप जोव्यवहारहै ॥ ताव्यवहारकेनिरंतरकरणेतैं इसपुरुषविषे दूसरीवासना प्रवृत्त

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

होतीनहीं ॥ तथा प्रपंचकेस्मरणका जोपरित्यागहै तिसतैंभी दूसरीवासना प्रवृत्तहोतीनहीं ॥ तथा

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रकेवृत्तियोंकाप्रवाहरूप जोव्यवहारहै ॥ तत्पश्चात्केनिरंतरकर्मोंनें इसपुरुषविषे दूसरीवासना प्रवृत्त

होतीनहीं ॥ तथा प्रपंचकेस्मरणका जोपरित्यागहै तिसतैंभी दूसरीवासना प्रवृत्तहोतीनहीं ॥ तथा निरंतर आपणेशरीरकेमरणकाजोदर्शनहै तिसतैंभी दूसरीरागादिरूपवासना प्रवृत्तहोतीनहीं इति ॥ तहां आपणेमरणकेदर्शनतैं रागादिरूपवासना नहींहोवैहै यहवार्त्ता अन्यग्रंथविषेभीकहीहै ॥ तहांश्लोक ॥ (मस्तकस्थायिनंमृत्युं यदिपश्येदयंजनः आहारोपिनरोचेत किमुतान्याविभूतयः) अर्थयह ॥ आपणेमस्तकऊपरिस्थितजोमृत्युहै ॥ तिसमृत्युकूं जोकदाचित् यहपुरुष देखे ॥ तौं इसपुरुषकूं भोजनभी प्रियनहींलागेगा ॥ तौं अन्यविभूतियां कैसेप्रियलागेगी किंतु नहींलागेगी इति ॥ अब संसारविषेदोषकाप्रतिपादकवचन कहेहैं ॥ श्लोक ॥ (दुःखंजन्मजरादुःखंदुःखंमृत्युःपुनःपुनः संसारमंडलंदुःखं पच्यंतेयत्रजंतवः) अर्थयह ॥ जन्मभी दुःखरूपहै ॥ तथा जराभी दुःखरूपहै ॥ तथा पुनःपुनःमरणभी दुःखरूपहै ॥ ईहांबहुतक्याकहैं ॥ यहसर्वसंसारमंडल दुःखरूपहींहै ॥ जिससंसारमंडलविषे यहसर्वअज्ञानीजीव पुनःपुनः जन्ममरणादिकोंकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ इसप्रकार आत्मातैंभिन्नसर्वजगत्कूं दुःखरूपकरिकैचिंतनकरणेहारेपुरुषकी रागद्वेषादिरूप सर्वमलिनवासना निवृत्तहोवैहैं इति ॥ किंवा विषयलंपटपुरुषोंकेसंगका जोपरित्यागहै ॥ सोभी मलिनवासनाकीनिवृत्तिद्वारा इसपुरुषके मोक्षकासाधन होवैहै ॥ यहवार्त्ता विष्णुपुराणविषेभी कथनकरीहै ॥ तहांश्लोक ॥ (निःसंगतामुक्तिपदंयतीनां संगादशेषाः प्रभवंतिदोषाः आरूढयोगोपिनिपात्यतेऽधः संगेनयोगीकिमुताल्पसिद्धिः) अर्थयह ॥ विषयासक्तपुरुषोंकेसंगकापरित्यागरूप जा निःसंगताहै ॥ सानिःसंगताहीं संन्यासीयोंकूं मुक्तिकेप्राप्तिका मार्गहै ॥ जिसकारणतैं तिनविषयासक्तपुरुषोंकेसंगतैं इसपुरुषविषे रागद्वेषमोहादिकसर्वदोष प्राप्तहोवैहैं ॥ तिन मलिनवासनारूपदोषोंनें योगारूढपुरुषभी अधःपतनकरीताहै ॥ तौं योगारूढहोणेकीइच्छावालापुरुष

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्युंनहीं अधःपतनकरीयेंगा इति ॥ किंवा इसतत्त्ववेत्तापुरुषनैं सर्वप्रकारतैं विषयलंपटपुरुषोंकेसंगतैंर हितहोणा ॥ यहवार्त्ता अन्यग्रंथविषेभीकहीहै ॥ तहांश्लोक ॥ (तस्माच्चरेतवैयोगी सतांधर्ममगर्हयन् जनायथावमन्येरन् गच्छेयुर्नैवसंगतिं) अर्थयह ॥ यहतत्त्ववेत्तापुरुष श्रेष्ठपुरुषोंकेधर्मकूं नहींदूषितकर ताहूआ इसप्रकारतैं लोकविषेविचरे ॥ जैसे यहविषयासक्तलोक अपमानकरतेहूए संगतिकूंनहींप्राप्तहो वैं इति ॥ किंवा यहवार्त्ता भारतविषेभीकहीहै ॥ तहांश्लोक ॥ (अहेरिवगणाद्भीतः सन्मानान्नरकादि व कुणपादिवचस्त्रीभ्यस्तंदेवाब्राह्मणंविदुः) अर्थयह ॥ जैसे देहाभिमानीपुरुष सर्पतैंभयकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ तैसे जोविद्वान्पुरुष लोकोंकेसमूहतैं भयकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और जैसे लोक नरकतैं भयकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ तैसे जोविद्वान्पुरुष सन्मानतैं भयकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और जैसे लोक मृतकशरीरतैं भयकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ तैसे जोपुरुष स्त्रीजनोंतैं भयकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तिसविद्वान्पुरुषकूं देवता ब्राह्मणकहेहैं ॥ अर्थात् जीवन्मुक्त क हेहैं इति ॥ किंवा यहउक्तअर्थ श्रीभागवतविषेभी कह्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ (संगंत्यजेतमिथुनव्रतिनांमु मुक्षुः सर्वात्मनानविसृजेद्बहिरिंद्रियाणि एकश्चरेद्रहसिचित्तमनंतईशे युंजीततद्व्रतिषुसाधुषुचेत्प्रसंगः ॥१॥ स्त्रीणांतत्संगिनांसंगं त्यक्त्वादूरतआत्मवान् क्षमीविविक्तआसीनश्चिंतयेन्मामतंद्रितः ॥ २ ॥) अर्थयह ॥ मुमुक्षुजन विषयासक्तस्त्रीपुरुषोंकेसंगकूं सर्वप्रकारतैं परित्यागकरै ॥ तथा चक्षुआदिकएकादशइंद्रियों कूं बाह्यरूपादिकविषयोंविषे प्रवृत्तनहींकरै ॥ जिसकारणतैं इंद्रियोंकूंविषयोंविषेप्रवृत्तकरणेतैं मनुभग वान्नैं (अकुर्वन्विहितंकर्म निंदितंचसमाचरन् प्रसज्जन्निंद्रियार्थेषु नरःपतनमृच्छति) इसवचनकरिकै नरककीप्राप्ति कथनकरीहै ॥ किंतु यहमुमुक्षुजन एकांतदेशविषे एकाकीस्थितहोइकै अपरिच्छिन्नईश्वर विषे चित्तकूंजोडे ॥ अर्थात् निरंतर ब्रह्मकाध्यानकरै ॥ और जोकदाचित् सोचित्त- आपणेचंचलस्व

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

भावतैं तापरब्रह्मविषेस्थितनहींहोवै ॥ ता तापरब्रह्मविषप्रीतिवालेजमहात्माहै तिनोंका संगकरै ॥ १ ॥

नरककीप्राप्ति कथनकरीहै ॥ किंतु यहमुमुक्षुजन एकांतदेशविषे एकाकीस्थितहोइके अपरीच्छिन्नईश्वर
विषे चित्तकूंजोडे ॥ अर्थात् निरंतर ब्रह्मकाध्यानकरे ॥ और जोकदाचित् सोचित्त- आपणेचंचलस्व

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भावतैं तापरब्रह्मविषेस्थितनहींहोवै ॥ तौं तापरब्रह्मविषेप्रीतिवालेजेमहात्माहै तिनोंका संगकरे ॥ १ ॥
किंवा यहमुमुक्षुजन स्त्रीयोंके तथास्त्रीआसक्तपुरुषोंके संगकूं दूरतैंपरित्यागकरिके एकांतदेशविषेस्थित
होइकै मैंपरमेश्वरकूं अहंब्रह्मास्मि याप्रकारतैंध्यानकरै इति ॥२॥ ताध्यानकाफल स्मृतिविषेभी कह्याहै ॥
तहांश्लोक ॥ (अहमस्मिपरंब्रह्म वासुदेवाख्यमव्ययः इतियस्यस्थिराबुद्धिः समुक्तोनात्रसंशयः) अर्थ
यह ॥ वासुदेवहैनामजिसका ऐसाजो उत्पत्तिविनाशतैंरहितपरब्रह्महै ॥ सोपरब्रह्म मैंहूं इसप्रकारकीस्थि
रबुद्धि जिसपुरुषकीहै ॥ सोपुरुष मुक्तहींहै ॥ इसअर्थविषे किंचित्मात्रभी संशयनहींहै इति ॥ किंवा
यहब्रह्मध्यानकाफल विष्णुपुराणविषे यमराजानैंभी मृत्युकेप्रति कह्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ (सकलमिद
महंचवासुदेवः परमपुमान्परमेश्वरःसएकः इतिमतिरचलाभवत्यनंते हृदयगतेव्रजतान्विहायदूरात्) अर्थ
यह ॥ यहसर्वजगत् तथामैं वासुदेवरूपहींहैं ॥ सोवासुदेव परमपुरुषहै तथापरमेश्वरहै तथाएकअद्वितीय
यहै ॥ इसप्रकारकीअचलबुद्धि जिनपुरुषोंकी हृदयदेशविषेस्थितपरमात्माविषे होवैहै ॥ हेमृत्यु तिनपु
रुषोंकूं तुमनैं दूरतैंपरित्यागकरिकैचलना ॥ अर्थात् परब्रह्मकेध्यानपरायणपुरुषोंकूं पुनःमृत्युकीप्राप्तिहो
तीनहीं इति ॥ यातैंयहसिद्धभया ॥ जोपुरुष विषयासक्तस्त्रीपुरुषोंकेसंगकापरित्यागकरिकै ब्रह्मकाचिं
तनकरैहै ॥ तिसपुरुषकी तेसर्वमलिनवासना निवृत्तहोवैहैं इति ॥ अब सत्संगकूं वासनाकीनिवृत्तिद्वा
रा मोक्षकीसाधनताकाप्रतिपादकवचन कहेहैं ॥ श्लोक ॥ (महत्सेवांद्वारमाहुर्विमुक्तेस्तमोद्वारंयोषि
तांसंगिसंगं महांतस्तेसमचित्ताःप्रशांता विमन्यवःसुहृदःसाधवोये) अर्थयह ॥ विद्वान्पुरुष महत्पुरुषों
केसेवाकूं मुक्तिकासाधन कहेहैं ॥ और स्त्रीयोंकेसंगीपुरुषोंकेसंगकूं नरककेप्राप्तिकासाधन कहेहैं ॥
तहां महत्पुरुष किसकानामहै ॥ जेपुरुष समचित्तहैं ॥ अर्थात् समब्रह्मविषेहै चित्त जिनोंका ॥ अथवा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शत्रुमित्रविषेहै समचित्त जिनोंका ॥ तथा जेपुरुष अतिशयकरिकै शांतस्वभाववालेहैं ॥ तथा क्रोधतैंर हितहैं ॥ तथा सुहृद्हैं ॥ अर्थात् अनुपकारीपरिभीउपकारकरणेहारेहैं ॥ तथा साधुहैं ॥ अर्थात् शम दमकरिकैसंपन्नहैं ॥ ऐसेगुणोंवालेपुरुषहीं महत्पुरुष कह्येजावैहैं ॥ ऐसेमहत्पुरुषोंका जो श्रद्धाभक्तिपूर्व क संगहै ॥ सोसंगभी तामलिनवासनाकीनिवृत्तिद्वारा मोक्षकाहींसाधन होवैहै इति ॥ किंवा स्त्रीत त्संगीयोंकेसंगविषे नरककीसाधनताभी शास्त्रविषेकहीहै ॥ तहांश्लोक ॥ (योषिद्धिरण्याभरणांबरादि द्रव्येषुमायारचितेषुमूढः प्रलोभितात्माह्युपभोगबुद्ध्या पतंगवन्नश्यतिनष्टदृष्टिः) अर्थयह ॥ स्त्री सुवर्ण आभूषण वस्त्र इत्यादिक जेमायारचितपदार्थहैं ॥ तिनपदार्थोंविषे लोभकूंप्राप्तभयाहैमनजिसका ऐसा जो अविवेकीपुरुषहै ॥ सो तिनपदार्थोंविषे उपभोगबुद्धिकरिकै पतंगकीन्यांई नाशहोवैहै ॥ जिसका रणतैं सोपुरुष विवेकदृष्टितैंरहितहै इति ॥ अब मैत्रीकरुणादिकविरोधीवासनाकरिकै तिनमलिनवास नावोंकीनिवृत्ति कहेहैं ॥ तेमैत्रीआदिकविरोधीवासना पतंजलिभगवान्नैं योगसूत्रोंविषेकहीहैं ॥ त हांसूत्र ॥ (मैत्रीकरुणामुदितोपेक्षाणां सुखदुःखपुण्यापुण्यविषयाणांभावनातश्चित्तप्रसादनं) अर्थयह ॥ मैत्री १ करुणा २ मुदिता ३ उपेक्षा ४ यहचारिप्रकारकी शुभवासना होवैहैं ॥ तहां सुखीप्राणीयों विषे यहसर्व हमारेहींहैं ॥ याप्रकारकी जाभावनाहै ताकानाम मैत्रीहै ॥ और दुःखीप्राणीयोंविषे जैसे हमारेकूं दुःखमतहोवै तैसे इनप्राणीयोंकूंभी दुःखमतहोवै याप्रकारकी जाभावनाहै ताकानाम करुणा है ॥ और पुण्यवान्पुरुषोंकूंदेखिकै जा प्रसन्नताहै ताकानाम मुदिताहै ॥ और पापीपुरुषोंतैं जा उ दासीनताहै ताकानाम उपेक्षाहै ॥ इसप्रकारकी मैत्रीआदिकचारिभावनावालेपुरुषकी राग द्वेष असू या मद मात्सर्य आदिक सर्वमलिनवासना निवृत्तहोइजावैहैं ॥ तिसतैं इसपुरुषकाचित्त शुद्धहोवैहै इति ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

दासीनताहै ताकोनाम उपेक्षाहै ॥ इसप्रकारकी मैत्रीआदिकचारिभावनावालेपुरुषकी राग द्वेष असूया मद मात्सर्य आदिक सर्वमलिनवासना निवृत्तहोइजावैहै ॥ तिससे इसपुरुषकाचित्त शुद्धहोवैहै इति ॥

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इसप्रकार गीताकेषोडशेअध्यायविषे श्रीभगवान्नैं (अभयंसत्त्वसंशुद्धिर्ज्ञानयोगव्यवस्थितिः दानंदम श्चयज्ञश्च स्वाध्यायस्तपआर्जवं ॥ १ ॥ अहिंसासत्यमक्रोधस्त्यागःशांतिरपैशुनं दयाभूतेष्वलोलुत्वं मार्दवं ह्रीरचापलं ॥ २ ॥ तेजःक्षमाधृतिःशौचमद्रोहोनातिमानिता भवंतिसंपदंदैवीमभिजातस्यभारत ॥ ३ ॥) इनतीनश्लोकोंकरिकै कथनकरीजा दैवीसंपत्है ॥ तादैवीसंपत्रूपविरोधीवासनाकेअभ्यासकरिकै दंभ दर्पादिक आसुरीसंपत्रूपमलिनवासना निवृत्तहोइजावैहै ॥ इसप्रकार तागीताकेत्रयोदशेअध्यायविषे श्रीभगवान्नैं (अमानित्वमदंभित्वमहिंसाक्षांतिरार्जवं आचार्योपासनंशौचं स्थैर्यमात्मविनिग्रहः ॥ १ ॥ इंद्रियार्थेषुवैराग्यमनहंकारएवच जन्ममृत्युजराव्याधिदुःखदोषानुदर्शनं ॥ २ ॥ असक्तिरनभिष्वंगः पुत्र दारगृहादिषु नित्यंचसमचित्तत्वमिष्टानिष्टोपपत्तिषु ॥ ३ ॥ मयिचानन्ययोगेन भक्तिरव्यभिचारिणी वि विक्तदेशसेवित्वमरतिर्जनसंसदि ॥ ४ ॥ अध्यात्मज्ञाननित्यत्वं तत्त्वज्ञानार्थदर्शनं एतज्ज्ञानमितिप्रोक्तम ज्ञानंयदतोन्यथा ॥ ५ ॥) इनपंचश्लोकोंकरिकै कथनकऱ्येजे अमानित्व अदंभित्व आदिक ज्ञानकेसाध नहैं ॥ तिनअमानित्वादिकसाधनोंकेअभ्यासकरिकै तिनोंतैंविपरीत भ्रांतिज्ञानकेसाधन मानदंभादिक निवृत्तहोइजावैहैं ॥ इनगीताश्लोकोंकाअर्थ गीतागूढार्थदीपिकाविषे हमनैं विस्तारतैंनिरूपणकऱ्याहै ॥ सो तहांसेंजानिलेणा ॥ ग्रंथविस्तारकेभयतैं ईहांलिख्यानहीं इति ॥ इसप्रकार सोविद्वत्संन्यासी जबी संकल्पपूर्वक तिनमैत्रीआदिकशुभवासनावोंकूं तथादैवीसंपत्कूं तथाअमानित्वादिकधर्मोंकूं अभ्यासक रिकैं संपादनकरेहै ॥ तबी सूर्यकेउदयहूए जैसे तम निवृत्तहोवैहै ॥ तैसे ताविद्वत्संन्यासीकी तेपूर्वउक्त सर्वमलिनवासना निवृत्तहोवैहैं ॥ तिसतैंअनंतर सोविद्वत्संन्यासी अजिह्वत्वादिकषट्धर्मोंकूं अभ्यासक रिकै संपादनकरै ॥ तेअजिह्वत्वादिकधर्म स्मृतिविषेकथनकरेहैं ॥ तहांश्लोक ॥ (अजिह्वःपंडकःपंगुरंधो

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बधिरएवच मुग्धश्चमुच्यतेभिक्षुःषड्भिरेतैर्नसंशयः) अर्थयह ॥ अजिह्व १ षंडक २ पंगु ३ अंध ४ बधिर ५ मुग्ध ६ इनषट्धर्मोंकेसेवनकरणेतैं संन्यासी जीवन्मुक्तिकूंप्राप्तहोवैहै ॥ यातैं तासंन्यासीनैं तेषट् धर्म अवश्यसंपादनकरणे इति ॥ अब तिनअजिह्वत्वादिकषट्धर्मोंके शास्त्रप्रमाणकरिकै यथाक्रमतैं लक्षण कहेहैं ॥ अथअजिह्वलक्षणं ॥ श्लोक ॥ (इदमिष्टमिदंनेति योऽश्नन्नपिनसज्जते हितंसत्यंमितंवक्ति तमजिह्वंप्रचक्ष्यते) अर्थयह ॥ जोसंन्यासी अन्नादिकोंकूंभक्षणकरताहूआभी यहअन्न स्वादुहै यहअन्न अस्वादुहै याप्रकारकावचन कहतानहीं ॥ तथा हितकारी सत्य प्रमित याप्रकारकेवचनकूं उच्चारणकरेहै ॥ सोसंन्यासी अजिह्व कह्याजावैहै इति ॥ अथषंडकलक्षणं ॥ श्लोक ॥ (अद्यजातांयथानारीं तथाषोडशवार्षिकीं शतवर्षांचयोदृष्ट्वा निर्विकारःसषंडकः) अर्थयह ॥ जैसे आजदिनविषेजन्मीहूई अतिबालकस्त्रीकूंदेखिकै तथाशतवर्षकीअतिवृद्धस्त्रीकूंदेखिकै कामरूपविकार उत्पन्नहोतानहीं ॥ तैसे जोसंन्यासी षोडशवर्षकीयुवास्त्रीकूंदेखिकैभी कामरूपविकारतैंरहितहोवैहै ॥ सोसंन्यासी षंडक कह्याजावैहै ॥ नपुंसककानाम षंडकहै इति ॥ अथपंगुलक्षणं ॥ श्लोक ॥ (भिक्षार्थमटनंयस्य विण्मूत्रकरणायच योजनान्नपरंयाति सर्वथापंगुरेवसः) अर्थयह ॥ जिससंन्यासीका भिक्षाकेवासतैहीं गमन होवैहै ॥ तथा विष्ठामूत्रकेपरित्यागकरणेवासतै गमन होवैहै ॥ अन्यकिसीप्रयोजनवासतै गमन होतानहीं ॥ तथा जोसंन्यासी एकयोजनतैंअधिकमार्ग चलतानहीं ॥ सोसंन्यासी पंगु कह्याजावैहै इति ॥ अथअंधलक्षणं ॥ श्लोक ॥ (तिष्ठतोव्रजतोवापि यस्यचक्षुर्नदूरगं चतुर्युगांभुवंत्यक्त्वा परिव्राट्सोंऽधउच्यते) अर्थयह ॥ जिससंन्यासीका स्थितहूए वा चलतेहूए चक्षुइंद्रिय चतुर्युगभूमिकूंछोडिकै दूरनहींजावैहै ॥ सोसंन्यासी अंध कह्याजावैहै ॥ ईहां चारिहस्तकानाम युगहै ॥ चतुर्युगभूमि षोडशहस्तपरिमाण होवैहै इति ॥

अथबधिरलक्षणं ॥ श्लोक ॥ (हिताहितंमनोरामं वचःशोकावहंचयत् श्रुत्वापिनशृणोतियो बधिरःसप्र

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

अथ कह्याजावैहै ॥ इहां चारिहस्तकानाम युगहै ॥ चतुर्युगभूमि षोडशहस्तपरिमाण होवैहै इति ॥

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अथबधिरलक्षणं ॥ श्लोक ॥ (हिताहितंमनोरामं वचःशोकावहंचयत् श्रुत्वापिनशृणोतियो बधिरःसप्रकीर्त्तितः) अर्थयह ॥ जोसंन्यासी हर्षकीप्राप्तिकरणेहारेअनुकूलवचनकूं तथाशोककीप्राप्तिकरणेहारेप्रतिकूलवचनकूं श्रवणकरिकैभी नहींश्रवणकरेहै ॥ अर्थात् हर्षशोककूंप्राप्तहोतानहीं ॥ सोसंन्यासी बधिर कह्याजावैहै इति ॥ अथमुग्धलक्षणं ॥ श्लोक ॥ (सान्निध्येविषयाणांच समर्थोऽविकलेंद्रियः सुप्तवद्वर्त्ततेनित्यं सभिक्षुर्मुग्धउच्यते) अर्थयह ॥ विषयोंकेसमीपप्राप्तहूए जोसंन्यासी समर्थहूआभी तथासर्वइंद्रियोंकरिकैसंपन्नहूआभी तिनविषयोंविषे प्रवृत्तहोतानहीं ॥ किंतु सुषुप्तपुरुषकीन्यांई तिनविषयोंतैंउपरामरहेहै ॥ सोसंन्यासी मुग्ध कह्याजावैहै इति ॥ इसप्रकार अजिह्वत्वादिकषट्धर्मोंकाअभ्यासकरिकै पश्चात् चिन्मात्रवासनाका अभ्यासकरै ॥ तहां यह नामरूपात्मकसर्वजगत् चैतन्यविषेकल्पितहोणेतैं स्वतःसत्तास्फुरणतैंरहितहै ॥ यातैं ताअधिष्ठानचैतन्यकेसत्तास्फुरणपूर्वकहीं ताजगत्का सत्तास्फुरणहोवैहै ॥ इसप्रकार जगत्विषे नामरूपदोनोंअंशोंकूं मिथ्यात्वनिश्चयतैं उपेक्षाकरिकै सर्वत्रपरिपूर्ण अस्तिभातिप्रियरूप अधिष्ठानचैतन्य मैंहूं याप्रकारकी जा निरंतरभावनाहै ताकानाम चिन्मात्रवासनाहै ॥ साचिन्मात्रवासनाभी दोप्रकारकीहोवैहै ॥ एकतौं कर्त्ता कर्म करण इसत्रिपुटीकेस्मरणपूर्वक चिन्मात्रवासना होवैहै ॥ और दूसरी तात्रिपुटीकेस्मरणतैंरहित केवलचिन्मात्रवासना होवैहै ॥ तहां इससर्वजगत्कूं मैं आपणेमनकरिकै चिन्मात्ररूप जानताहूं इसप्रकारतैंकऱ्यीहूई जाभावनाहै ॥ साभावनातौं प्रथम त्रिपुटीपूर्वकचिन्मात्रवासनाहै ॥ इस चिन्मात्रवासनाका संप्रज्ञातसमाधिकोटिविषे अंतर्भावहै ॥ अर्थात् इसप्रथमचिन्मात्रवासनाकूंहीं योगशास्त्रवाले संप्रज्ञातसमाधि कहेहैं ॥ और कर्त्ता कर्म करण इसत्रिपुटीकेस्मरणतैंरहित मैंचिन्मात्रहूं याप्रकारकी जाभावनाहै ॥ साभावना केवलचिन्मात्रवासना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कहीजावैहै ॥ इस केवलचिन्मात्रवासनाका असंप्रज्ञातसमाधिकोटिविषे अंतर्भावहै ॥ अर्थात् इस केवलचिन्मात्रवासनाकूंहीं योगशास्त्रवाले असंप्रज्ञातसमाधि कहेहैं ॥ तहां सर्वजगत्कूं चिन्मात्ररूपता शुकनैं बलिकेप्रति कहीहै ॥ तहांश्लोक ॥ (चिदिहास्तीहचिन्मात्रं सर्वंचिन्मयमेवतत् चित्त्वंचिदहमेते च लोकाश्चिदितिसंग्रहः) अर्थयह ॥ हेराजन् इससर्वजगत्विषे चैतन्यहीं अधिष्ठानरूपतैं व्याप्यकरिकै रह्याहै ॥ यातैं यहसर्वजगत् चैतन्यमात्रहींहै ॥ तूंभी चैतन्यरूपहींहैं ॥ तथा मैंभी चैतन्यरूपहींहूं ॥ तथा यहसर्वलोकभी चैतन्यरूपहींहैं इति ॥ इसप्रकार चिन्मात्रवासनाके दृढअभ्यासकीयेहूए पूर्वउक्तसर्वमलिनवासना निवृत्तहोवैहैं ॥ यहहीं वासनाक्षयकाअभ्यासहै इति ॥ अब मनोनाशकेकहणेवासतै प्रथम मनकास्वरूप कहेहैं ॥ लाक्षासुवर्णादिकोंकीन्यांई सावयव तथाकामादिकवृत्तिरूपकरिकैपरिणामवाला जो अंतःकरणहै ॥ सोअंतःकरणहीं मननरूपहोणेतैं मन कह्याजावैहै ॥ सोमन सत्त्व रज तम यहतीनगुणरूपहोवैहै ॥ काहेतैं सत्त्व रज तम इनतीनगुणोंके यथाक्रमतैंविकाररूप जे सुख दुःख मोह यहतीनधर्महैं ॥ तेतीनोंधर्म तामनकेआश्रितहूए प्रतीतहोवैहैं ॥ यातैं तामनविषे सत्त्वादित्रिगुणरूपताहीं सिद्धहोवैहै ॥ तहां सोमन राजसतामसवृत्तियोंकरिकै वृद्धिकूंप्राप्तहूआ अतिस्थूल होवैहै ॥ सोस्थूलमन आत्माकेसाक्षात्कारवासतै योग्यनहींहोवैहै ॥ काहेतैं दुर्विज्ञेयहोणेतैं आत्मा अतिसूक्ष्महै ॥ ऐसेसूक्ष्मआत्माका स्थूलमनकरिकै साक्षात्कार संभवतानहीं ॥ जैसे स्थूलकुदालकरिकै सूक्ष्मवस्त्रकासीवना संभवतानहीं ॥ किंतु सूक्ष्मसूचीकरिकैहीं तासूक्ष्मवस्त्रकासीवना संभवैहै ॥ तैसे सूक्ष्ममनकरिकैहीं तासूक्ष्मआत्माकासाक्षात्कार संभवैहै ॥ और (दृश्यतेत्वग्र्ययाबुद्ध्यासूक्ष्मयासूक्ष्मदर्शिभिः) यहश्रुतिभी अतिसूक्ष्मबुद्धिकरिकैहीं आत्माकासाक्षात्कार कहेहै ॥ यातैं आत्माकेसाक्षात्कारवासतै मनकीसूक्ष्मता

अवश्यअपेक्षितहै ॥ सामनकीसूक्ष्मता राजसतामसवृत्तियोंकेनिरोधकरिकै सिद्धहोवैहै ॥ यातैं तिनवृत्तियोंकेनिरोधकरिकै जो मनकेसूक्ष्मताकासंपादनहै यहहीं तामनकानाशहै ॥ ईहां यहतात्पर्यहै ॥ सो

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अवश्यअपेक्षितहै ॥ सामनकीसूक्ष्मता राजसतामसवृत्तियोंकेनिरोधकरिकै सिद्धहोवैहै ॥ यातैं तिनवृ
त्तियोंकेनिरोधकरिकै जो मनकेसूक्ष्मताकासंपादनहै यहहीं तामनकानाशहै ॥ ईहां यहतात्पर्यहै ॥ सो
मनकानाश अरूपनाश १ सरूपनाश २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां तामनका पुनःउत्था
नतैंरहित जो स्वरूपतैंहींनाशहै ताकूं अरूपनाश कहेहैं ॥ और स्वरूपतैं तामनकेविद्यमानहूएभी उ
पायकरिकै जो तामनकेवृत्तियोंकानाशहै ताकूं सरूपनाश कहेहैं ॥ तहां मनकेअरूपनाशकरिकैतौं इ
सतत्त्ववेत्तापुरुषकूं विदेहमुक्तिकीप्राप्ति होवैहै ॥ और मनकेसरूपनाशकरिकै जीवन्मुक्तिकीप्राप्ति हो
वैहै ॥ यातैं ईहां मनोनाशशब्दकरिकै सोसरूपनाशहीं विवक्षितहै इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ राजस
तामसवृत्तियोंकेनिरोधकरिकै मनकीसूक्ष्मताकेसंपादनकूं आपनैं मनोनाश कह्या ॥ सोवृत्तियोंकानि
रोध किसउपायतैं होवैहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ तावृत्तिनिरोधकेउपाय वसिष्ठभगवान्नैं चारिप्रका
रकेकहेहैं ॥ तहांश्लोक ॥ (अध्यात्मविद्याधिगमः साधुसंगमएवच वासनासंपरित्यागः प्राणस्पंदनिरो
धनं ॥ एतास्तुयुक्तयःपुष्टाः संतिचित्तजयेकिल) अर्थयह ॥ अध्यात्मविद्याधिगम १ साधुसंगम २ वा
सनासंपरित्याग ३ प्राणस्पंदनिरोधन ४ यहचारिप्रकारकेउपाय चित्तकेजयकरणेविषे प्रबलकारणहैं ॥
तहां प्रत्यक्आत्माकूं ब्रह्मरूपकरिकैकथनकरणेहारी जाविद्याहै ताकानाम अध्यात्मविद्याहै ॥ ताअ
ध्यात्मविद्याकीजाप्राप्तिहै ताकानाम अध्यात्मविद्याऽधिगमहै ॥ सोभी चित्तकेजयका साधनहै ॥ का
हेतैं यहनामरूपात्मकसर्वजगत् मिथ्याहींहै ॥ मैंहीं सर्वत्रपरिपूर्ण परमानंदएकरसहूं ॥ मेरेतैंभिन्न को
ईभी कारण वाकार्य नहींहै ॥ मैंहीं सर्वरूपहूं ॥ याप्रकारकीअध्यात्मविद्याकेप्राप्तहूए यहतत्त्ववेत्तापु
रुष सर्वदृश्यप्रपंचकूं मिथ्यारूपकरिकैजानेहै ॥ यातैं ताविद्वान्पुरुषकामन तादृश्यप्रपंचविषेभी प्रवृत्तहो

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वैनहीं ॥ और आत्मातौं मनवाणीकाअविषयहै ॥ यातैं ताआत्माविषेभी सोमन प्रवृत्तहोवैनहीं ॥ इ
सप्रकार अंतरबाह्यप्रवृत्तितैंरहितहूआ सोमन सर्ववृत्तियोंकेअनुदयतैं इंधनरहितअग्निकीन्यांई आपणेअ
धिष्ठानरूपकारणविषे लयहोवैहै ॥ यातैं साअध्यात्मविद्याकीप्राप्ति तामनोनाशविषे मुख्यकारणहै ॥
और जोपुरुष बुद्धिकीमंदताकरिकै ताअध्यात्मविद्याकेसंपादनकरणेविषे असमर्थहै ॥ तिसपुरुषकेप्रति
दूसरा साधुसंगम उपायहै ॥ काहेतैं तेमहात्मापुरुष इसअधिकारीपुरुषकूं पुनःपुनः प्रत्यक्आत्माकीब्र
ह्मरूपता तथाजगत्कामिथ्यापणा स्मरणकरावैहैं तथाबोधनकरैहैं ॥ ताकरिकै इसअधिकारीपुरुषकूं अ
ध्यात्मविद्याकीप्राप्तिहोइकै सोमनोनाश होवैहै ॥ यातैं सोसाधुसंगमभी ताअध्यात्मविद्याकीप्राप्तिद्वा
रा तामनोनाशका उपायहै ॥ किंवा जोपुरुष विद्यामद धनमद कुलमद आचारमद इत्यादिक मदोंक
रिकैयुक्तहूआ तासाधुसंगमकूंभी नहींकरिसकता ॥ तिसपुरुषकेप्रति तामनकेनिरोधका वासनासंपरि
त्यागरूप उपायहै ॥ तहां विवेककरिकै जो तामदादिरूपमलिनवासनाकीनिवृत्तिहै ताकानाम वासना
संपरित्यागहै ॥ अब तिनविद्यामदादिकोंकास्वरूप तथातामदकेनिवर्त्तक विवेककास्वरूप वर्णनकरैहैं ॥
इसभूमिलोकविषे एकमैंहीं पंडितहूं ॥ मेरेतैंअन्य दूसराकोईपंडितहैनहीं ॥ जेपुरुष पंडितकहावतेहैं ते
कछुभीनहींजानते ॥ याप्रकारका जोमानसअभिमानहै ॥ सोअभिमान विद्यामद कह्याजावैहै ॥ ता
विद्यामदकी याप्रकारकेविवेकतैं निवृत्तिहोवैहै ॥ पंडितपणेकेअभिमानवाले जे बालाकिशाकल्यआदि
कहूएहैं ॥ तिनोंकाभी अजातशत्रुयाज्ञवल्क्यादिकविद्वान्पुरुषोंकरिकै पराभव होताभयाहै ॥ और म
नुष्योंतैलेके श्रीदक्षिणामूर्त्तिपर्यंत तारतम्यताकरिकै विद्याकाउत्कर्षपणा देखणेविषेआवैहै ॥ सर्वकाआ
दिगुरुजो श्रीदक्षिणामूर्त्ति सदाशिवहै ॥ तिसविषेहीं निरतिशय विद्याकाउत्कर्षपणाहै ॥ दूसरेसर्वपंडितों

विषे सातिशय विद्याकाउत्कर्षपणाहै ॥ यातैं हमारेकूंभी कोईअधिकपंडित पराभवकरैगा ॥ इसप्रकारके

CC-0. In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection. Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दिगुरुजो श्रीदक्षिणामूर्त्ति सदाशिवहै ॥ तिसविषेहीं निरतिशय विद्याकाउत्कर्षपणाहै ॥ दूसरेसर्वपंडितों

विषे सातिशय विद्याकाउत्कर्षपणाहै ॥ यातैं हमारेकूंभी कोईअधिकपंडित पराभवकरैगा ॥ इसप्रकारके निरंतरचिंतनकरणेतैं सोविद्यामद निवृत्तहोइजावैहै ॥ और मैंहीं धनवान्हूं मेरेसमान कोईधनवान् नहींहै ॥ याप्रकारका जो मानसअभिमानहै ताकानाम धनमदहै ॥ ताधनमदकी इसप्रकारकेविवेकतैं निवृत्तिहोवैहै ॥ लक्षपतिपुरुषनैं जो व्यवहारकरीताहै ॥ सो व्यवहार अलक्षपतिपुरुषनैं करिसकीता नहीं ॥ यातैं तालक्षपतिपुरुषकरिकै ताअलक्षपतिपुरुषका पराभव होवैहै ॥ इसप्रकार कोटिपतिपुरुषकरिकै तालक्षपतिपुरुषकाभी पराभव होवैहै ॥ मैंरंककी क्यागणतिहै ॥ मेरेतैंअधिक कुबेरकेतुल्य बहुत धनवान्हैं ॥ याप्रकारके निरंतरचिंतनकरणेतैं सोधनमद निवृत्तहोइजावैहै ॥ इसप्रकार हमाराकुल सर्वतैंश्रेष्ठहै याप्रकारका अभिमानरूपजोकुलमदहै ॥ तथा हमाराआचार सर्वतैंश्रेष्ठहै याप्रकारका अभिमानरूप जोआचारमदहै ॥ तिनदोनोंमदोंकीभी यथायोग्यविवेकतैं निवृत्तिहोइजावैहै ॥ इसप्रकार विवेककरिकै जोपुरुष विद्यामदादिक मलिनवासनावोंकी निवृत्तिकरैहै ॥ तिसपुरुषका साधुसंगमादिकोंकीप्राप्तिकरिकै सोमनोनाश सिद्धहोवैहै ॥ यातैं सोवासनासंपरित्यागभी तामनोनाशका उपायहै इति ॥ किंवा तिनमलिनवासनावोंकी अतिप्रबलतातैं जोपुरुष ताउक्तविवेककरिकै तिनवासनावोंकेपरित्याग करणेविषे समर्थ नहींहोइसकेहै ॥ तिसपुरुषकेप्रति शास्त्रनैं प्राणसंपदकानिरोधनरूपउपाय कथनकऱ्याहै ॥ अर्थात् सोपुरुष प्राणकेनिरोधकरिकै तामनोनाशकूं सिद्धकरै ॥ अब ताप्राणनिरोधकेउपायका निरूपणकरैहैं ॥ तहांश्लोक ॥ (प्राणायामदृढाभ्यासाद्युक्त्याचगुरुदत्तया आसनाशनयोगेन प्राणस्पंदोनिरुध्यते) अर्थयह ॥ योगाभ्यासकरणेहारेगुरुनैं प्राप्तकरी जायुक्तिहै ॥ तायुक्तिकरिकै कऱ्याजो प्राणायामका दृढअभ्यासहै ॥ तिसअभ्यासतैं तथाआसनयोगकरिकै तथाअशनयोगकरिकै प्राणोंकेगति

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कानिरोधहोवैहै इति ॥ अब इसीश्लोककेअर्थकूंविस्तारतैंकथनकरेहैं ॥ ताकेविषे प्रथम प्राणायामकाप्रकार दिखावैहैं ॥ सोप्राणायाम पूरक १ रेचक २ कुंभक ३ इसभेदकरिकै तीनप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां वामनासिकाकरिकै बाह्यवायुका जो अंतरपूरणहै ताकानाम पूरकहै ॥ और दक्षिणानासिकाकरिकै ता अंतरवायुका जो बाह्यपरित्यागहै ताकानाम रेचकहै ॥ और ताप्राणवायुका जो रोकणाहै ताकानाम कुंभकहै ॥ सोकुंभकभी अंतर १ बाह्य २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां पूरणकऱ्येहूएवायुका जो हृदयदेशविषे रोकणाहै ताकानाम अंतरकुंभकहै ॥ और रेचनकऱ्येहूएप्राणवायुका जो शरीरकेबाह्य देशविषे रोकणाहै ताकानाम बाह्यकुंभकहै ॥ तहां षोडशमात्रावोंकरिकैतौं पूरककरणा ॥ और बत्तीस मात्रावोंकरिकै रेचककरणा ॥ और चौसठमात्रावोंकरिकै कुंभककरणा ॥ अर्थात् पूरकतैंद्विगुणा रेचककरणा ॥ और रेचकतैंद्विगुणा कुंभक करणा ॥ ईहां मात्रानाम कालपरिमाणकाहै ॥ सो आत्मपुराणके एकादशेअध्यायविषे विस्तारतैंनिरूपणकऱ्याहै ॥ इसप्रकारके प्राणायामकेअभ्यासतैं सोप्राणकेगतिकानिरोध होवैहै ॥ ताप्राणनिरोधतैं सोमनोनाश होवैहै ॥ किंवा ताप्राणायामकूं प्राणनिरोधद्वारा मनोनाशकीउपायता श्रुतिविषेभी कथनकरीहै ॥ सो दिखावैहैं ॥ योगी दोप्रकारका होवैहै ॥ एकतौं दैवीसंपत्रूपशुभवासनावाला योगी होवैहै ॥ और दूसरा तादैवीसंपत्तैंरहित आसुरीसंपत्रूपमलिनवासनावाला योगी होवैहै ॥ तहां प्रथमयोगीकूंतौं श्रुतिनैं पूर्वमंत्रकरिकै निरंतरब्रह्मकाचिंतनरूपराजयोग उपदेशकऱ्याहै ॥ सोपूर्वमंत्र यहहै ॥ (त्रिभिरुन्नतंस्थाप्यसमंशरीरं हृदींद्रियाणिमनसासन्निवेश्य ब्रह्मोडुपेनप्रतरेतविद्वान् स्रोतांसिसर्वाणिभयावहानि) अर्थयह ॥ यहविद्वान्योगीपुरुष एकांतदेशविषे पवित्रआसनऊपरि आपणेशरीरकूं कटिग्रीवादिकदेशतैंसम स्थापनकरिकै तथाआपणेहृदयविषे

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

मनसहितसर्वइंद्रियोंका निरोधकरिकै अहंब्रह्मास्मि याप्रकारका निरंतरचिंतनकरै ॥ ताब्रह्मचिंतनरूप

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शविषे पवित्रआसनऊपरि आपणेशरीरकूं कटिग्रीवादिकदेशतैंसम स्थापनकरिकै तथाआपणेहृदयविषे

मनसहितसर्वइंद्रियोंका निरोधकरिकै अहंब्रह्मास्मि याप्रकारका निरंतरचिंतनकरै ॥ ताब्रह्मचिंतनरूप नौकाकरिकै सोविद्वान्‌योगी भयकीप्राप्तिकरणेहारे मायारूपनदीकेप्रवाहोंकूं तरै इति ॥ और दूसरेयोगीकेप्रतितौं श्रुतिनैं दूसरेमंत्रकरिकै प्राणनिरोधकाउपायरूप हठयोग उपदेशकऱ्याहै ॥ सोद्वितीयमंत्र यहहै ॥ (प्राणान्प्रपीडयेहसुयुक्तचेष्टः क्षीणेप्राणेनासिकयोच्छ्वसीत दुष्टाश्वयुक्तमिववाहमेनं विद्वान्मनो धारयेदप्रमत्तः) अर्थयह ॥ युक्तहैंअहारविहारादिकचेष्टाजिसकी ऐसायोगीपुरुष पूर्वउक्त पूरक रेचक कुंभक क्रमतैं प्राणायामकूंकरिकै प्राणोंकेगतिकानिरोधकरै ॥ तिसतैंअनंतर जैसे प्रमादतैंरहितसारथी पुरुष दुष्टअश्वयुक्तरथकूं बलात्कारसैं श्रेष्ठमार्गविषे धारणकरेहै ॥ तैसे प्रमादतैंरहित सोविद्वान्‌योगी दुष्ट इंद्रियुक्त मनकूं विषयोतैंनिवृत्तकरिकै आनंदएकरसब्रह्मविषे धारणकरै ॥ अर्थात् तिसब्रह्मविषे एकाग्र चित्तवालाहोवै इति ॥ अब आसनयोगका निरूपणकरेहैं ॥ तहां आसनयोगकास्वरूप तथाताआसनयोगकेसाधन तथाताआसनयोगकाफल यहतीनों पतंजलिभगवान्‌नैं यथाक्रमतैं (स्थिरसुखमासनं ॥ १ ॥ प्रयत्नशैथिल्यानंतसमापत्तिभ्यां ॥ २ ॥ ततोद्वंद्वानभिघातः ॥ ३ ॥) इनतीनसूत्रोंकरिकै कथनकरेहैं ॥ इनतीनसूत्रोंका यहअर्थहै ॥ चलायमानतातैंरहित तथासुखकीप्राप्तिकरणेहारा जो आसन है ॥ सोईहीं योगकाअंगभूतआसन कह्याजावैहै ॥ १ ॥ सोआसन प्रयत्नशैथिल्यअनंतसमापत्ति इनदोनोंसाधनोंतैं सिद्धहोवैहै ॥ तहां लौकिकवैदिककर्मोंका जोत्यागहै ताकानाम प्रयत्नशैथिल्यहै ॥ तहां जोपुरुष लौकिकवैदिककर्मोंविषे प्रवर्त्तमानहै ॥ तिसपुरुषका सोस्थिरआसन होइसकतानहीं ॥ यातैं तालौकिकवैदिककर्मकात्यागभी ताआसनका साधनहै ॥ और जोअनंतभगवान् आपणेसहस्र फणोंऊपरि इसपृथिवीकूंधारणकरिकैवर्त्तमानहै ॥ सोअनंतभगवान् मैंहूं याप्रकारका जोचिंतनहै ताका

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नाम अनंतसमापत्तिहै ॥ इसअनंतसमापत्तिकरिकै ताआसनकेप्रतिबंधकदुरित नाशहोवैहैं ॥ २ ॥ और तिसआसनकेजयकरणेतैं इसयोगीका शीतउष्णादिकद्वंद्वोंकरिकै ताडनहोवैनहीं ॥ अर्थात् शीत उष्णादिकद्वंद्वोंकीजानिवृत्तिहै यहहीं ताआसनयोगकाफलहै इति ॥ ३ ॥ अब अशनयोगकानिरूपणकरैहैं ॥ तहांश्लोक ॥ (द्वौभागौपूरयेदन्नैर्जलेनैकंप्रपूरयेत् मारुतस्यप्रचारार्थं चतुर्थमवशेषयेत्) अर्थ यह ॥ योगाभ्यासकरणेहारापुरुष आपणेउदरके दोभागोंकूंतौं अन्नकरिकै पूरणकरै ॥ और एकभागकूं जलकरिकै पूरणकरै ॥ और प्राणवायुके सुखपूर्वकसंचारवासतै एकभागकूं खालीराखै इति ॥ इस प्रकार प्राणायाम आसनयोग अशनयोग इनतीनोंकरिकै प्राणकेगतिकानिरोध होवैहै ॥ ताप्राणके निरोधहूए सर्वचित्तकीवृत्तियां निरुद्ध होवैहैं ॥ जिसकारणतैं चित्तकेवृत्तियोंकाउदय प्राणकीगतिकेअधीनहीं होवैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ जोपदार्थ जिसवस्तुकेअधीनहोवैहै ॥ सोपदार्थ तावस्तुकेनिरोधहूए निरुद्धहोवैहै ॥ जैसे पट तंतुवोंकेअधीनहोणेतैं तिनतंतुवोंकेनिरोधहूए निरुद्धहोवैहै ॥ तथा जैसे बाह्यइंद्रिय चित्तकेअधीनहोणेतैं ताचित्तकेनिरोधहूए निरुद्धहोवैहैं ॥ तैसे चित्तकीवृत्तियां प्राणगतिकेअधीनहोणेतैं ताप्राणकेनिरोधहूए निरुद्धहोवैहैं ॥ तिसतैंअनंतर स्वभावतैंहीं आत्माअनात्माकार जो अंतःकरणहै ॥ सोअंतःकरण अनात्माकारवृत्तियोंकेनिरोधहूए एकआत्माकारहीं होवैहै ॥ इसप्रकारतैं जो चित्तकेवृत्तियोंकानिरोधहै ॥ सोनिरोधहीं मनोनाश कह्याजावैहै ॥ ऐसेमनोनाशकेप्राप्तहूए इसविद्वान्पुरुषकूं ताआत्मएकाकारमनकरिकै आनंदएकरसअपरिच्छिन्नरूपप्रत्यक्आत्मा अनुभवहोवैहै ॥ इसी उक्तअर्थकूं पूर्ववृद्धआचार्योंनैं (आत्मानात्माकारंस्वभावतोऽवस्थितंसदाचित्तं आत्मैकाकारतयातिरस्कृतानात्मदृष्टिंविदधीत) इसश्लोककरिकै कथनकऱ्याहै ॥ और इसीउक्तवृत्तियोंकेनिरोधकूं पातंजलशा

स्त्रवाले योगनामकरिकैकहेहैं ॥ तहां पतंजलिसूत्र यथा (योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः) अर्थयह ॥ चित्तकेसर्व

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्त्रवाले योगनामकरिकैकहेहैं ॥ तहां पतंजलिसूत्र ॥ (योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः) अर्थयह ॥ चित्तकेसर्व वृत्तियोंका जोनिरोधहै ताकानाम योगहै ॥ तहां प्रमाण १ विपर्यय २ विकल्प ३ निद्रा ४ स्मृति ५ यहपंचप्रकारकी चित्तकीवृत्तियां होवैहैं ॥ तहां प्रमाणजन्य जो प्रमाज्ञानहै ताकानाम प्रमाणवृत्तिहै ॥ तहां योगशास्त्रविषेतौं प्रत्यक्ष १ अनुमान २ शब्द ३ यहतीनहींप्रमाण मान्येहैं ॥ यातैं तिनोंकेमतविषे साप्रमावृत्तिभी तीनप्रकारकी होवैहै ॥ और वेदांतसिद्धांतविषे सोप्रमाण प्रत्यक्ष १ अनुमान २ उपमान ३ शब्द ४ अर्थापत्ति ५ अनुपलब्धि ६ इसभेदकरिकै षट्प्रकारका मान्याहै ॥ यातैं वेदांतसिद्धांतविषे साप्रमावृत्तिभी षट्प्रकारकीहीं होवैहै ॥ साषट्प्रकारकीप्रमावृत्ति द्वितीयपरिच्छेदविषे विस्तारतैंनिरूपणकरिआयेहैं ॥ और मिथ्याज्ञानकानाम विपर्ययहै ॥ और संशयकानाम विकल्पहै ॥ और संस्कारजन्यज्ञानकानाम स्मृतिहै ॥ इनतीनोंकास्वरूप पूर्वतृतीयपरिच्छेदविषे विस्तारतैंनिरूपणकरिआयेहैं ॥ और तामसीवृत्तिकानाम निद्राहै ॥ इनपंचप्रकारकीवृत्तियोंका जोनिरोधहै ताकानाम योगहै ॥ अथवा पूर्वकथनकरीजे मैत्रीकरुणादिक दैववृत्तियांहैं ॥ तथा दंभदर्पादिक आसुरवृत्तियांहैं ॥ तिनसर्ववृत्तियोंकेनिरोधकानाम योगहै इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ तिनवृत्तियोंकेनिरोधका कौंनसाधनहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ पतंजलिभगवान्नैं (अभ्यासवैराग्याभ्यांतन्निरोधः) इससूत्रकरिकै अभ्यास वैराग्य इनदोनोंकूंहीं तावृत्तिनिरोधका साधन कह्याहै ॥ तथा श्रीभगवान्नैंभी गीताविषे (असंशयंमहाबाहो मनोदुर्निग्रहंचलं अभ्यासेनतुकौंतेय वैराग्येणचगृह्यते) इसश्लोककरिकै ताअभ्यासवैराग्यकूंहीं मनकेनिग्रहकासाधन कह्याहै ॥ तहां जिसवस्तुविषे दोषदृष्टितैंवैराग्यहोवैहै ॥ तिसवस्तुविषे मनकीप्रवृत्ति होतीनहीं ॥ यातैं तावैराग्यकूं मनकेनिग्रहकीसाधनता संभवैहै ॥ तावैराग्यकास्वरूप द्वि

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तीयपरिच्छेदविषे विस्तारतैंनिरूपणकरिआयेहैं ॥ यातैं पुनःईहांनिरूपणकरतेनहीं ॥ और अभ्यासतौं तायोगकेप्रति अंतरंगसाधनहै ॥ ताअंतरंगसाधनकी बहिरंगसाधनोंतैंविना सिद्धिसंभवतीनहीं ॥ यातैं उपायसहित तिनबहिरंगसाधनोंकानिरूपणकरिकै ताअभ्यासकेनिरूपणकरणेवासतै प्रथम ताफलरूपवृत्तिनिरोधका विभाग वर्णनकरेहैं ॥ सोचित्तकीवृत्तियोंकानिरोधरूपयोग दोप्रकारका होवैहै ॥ एकतौं संप्रज्ञातसमाधिरूपनिरोध होवैहै ॥ और दूसरा असंप्रज्ञातसमाधिरूपनिरोध होवैहै ॥ तहां कर्त्ता कर्म करण इसत्रिपुटीकेअनुसंधानतैंरहित जो एकलक्ष्यवस्तुविषयक सजातीयवृत्तियोंकाप्रवाहहै ताकानाम संप्रज्ञातसमाधिहै ॥ तहां इससंप्रज्ञातसमाधिका अंगभूतजोसमाधिहै ताकेविषे तात्रिपुटीकेअनुसंधान पूर्वक सजातीयवृत्तियोंकाप्रवाह होवैहै ॥ ताअंगसमाधिविषे इससंप्रज्ञातसमाधिकेलक्षणकी अतिव्याप्तिकेनिवृत्तकरणेवासतै ईहां त्रिपुटीकेअनुसंधानतैंरहितपणा कह्याहै ॥ यहसंप्रज्ञातसमाधिकास्वरूप अन्यग्रंथविषेभी कह्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ (विलाप्यविकृतिंकृत्स्नां संभवव्यत्ययक्रमात् परिशिष्टंतुचिन्मात्रं सदानंदंविचिंतयेत् ॥ १ ॥ ब्रह्माकारमनोवृत्तिप्रवाहोऽहंकृतिंविना संप्रज्ञातःसमाधिःस्याद्ध्यानाभ्यासप्रकर्षजः ॥ २ ॥) अर्थयह ॥ चेतनविषेअध्यस्त जितनाकी अज्ञान तथाताअज्ञानकाकार्यप्रपंचहै ॥ तिससर्वप्रपंचकूं उत्पत्तिक्रमतैंविपरीतक्रमतैं स्थूलसूक्ष्मादिक्रमकरिकै चिदात्माविषेलयकरिकै अर्थात् ताचिदात्मातैं यहप्रपंच भिन्ननहींहै याप्रकारकानिश्चयकरिकै बाकीरह्याजो सदानंदरूपचिन्मात्रहै तिसकूं गुरुउपदिष्टमहावाक्यतैं अभेदरूपकरिकैचिंतनकरै ॥ अर्थात् मैं सच्चिदानंदब्रह्मरूपहींहूं याप्रकारका चिंतनकरै ॥ १ ॥ और त्रिपुटीकाअनुसंधानरूपअहंकृतितैंविना जो अहंब्रह्मास्मि याप्रकारकी मनकेवृत्तियोंकाप्रवाहहै ॥ सोप्रवाह संप्रज्ञातसमाधि कह्याजावैहै ॥ सोसंप्रज्ञातसमाधि ध्यानाभ्यासकेप्रकर्ष

तैं उत्पन्नहोवैहै इति ॥ अब योगशास्त्रकीरीतिसे इससंप्रज्ञातसमाधिरूपयोगके अष्टअंगोंकावर्णनकरे

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तैं उत्पन्नहोवैहै इति ॥ अब योगशास्त्रकीरीतिसें इससंप्रज्ञातसमाधिरूपयोगके अष्टअंगोंकावर्णनकरे हैं ॥ तहां यम १ नियम २ आसन ३ प्राणायाम ४ प्रत्याहार ५ धारणा ६ ध्यान ७ समाधि ८ य हअष्ट तासंप्रज्ञातसमाधिके अंगहोवैहैं ॥ ताकेविषेभी यमादिकपंचतौं तासंप्रज्ञातसमाधिके बहिरंगसा धनहैं ॥ और धारणादिकतीन अंतरंगसाधनहैं ॥ अथयमवर्णनं ॥ अहिंसा १ सत्य २ अस्तेय ३ ब्र ह्मचर्य ४ अपरिग्रह ५ इसभेदकरिकै सोयम पंचप्रकारका होवैहै ॥ तहां शरीर मन वाणी इनतीनोंक रिकै कोईभीप्राणीकूं पीडानहींकरणी याकानाम अहिंसाहै ॥ और यथार्थवचनकाजोउच्चारणहै ताका नाम सत्यहै ॥ और बलात्कारसें वा छलकपटसें जो परायेधनादिकोंका नहींहरणहै ताकानाम अ स्तेयहै ॥ और शरीरयात्राविषेउपयोगीपदार्थोंतैं अधिकपदार्थोंका जोअसंग्रहहै ताकानाम अपरिग्रह है ॥ और अष्टांगमैथुनतैं जोरहितपणाहै ताकानाम ब्रह्मचर्यहै ॥ ताअष्टांगमैथुनकास्वरूप शास्त्रविषे यहकह्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ (स्मरणंकीर्त्तनंकेलिः प्रेक्षणंगुह्यभाषणं संकल्पोऽध्यवसायश्च क्रियानिर्वृतिरेव च ॥ १ ॥ एतन्मैथुनमष्टांगं प्रवदंतिमनीषिणः विपरीतंब्रह्मचर्यमनुष्ठेयंमुमुक्षुभिः ॥ २ ॥ सत्संगसन्निधि त्यागदोषदर्शनतोभवेत्) अर्थयह ॥ स्मरण १ कीर्त्तन २ केलि ३ प्रेक्षण ४ गुह्यभाषण ५ संकल्प ६ अध्यवसाय ७ क्रियानिर्वृति ८ इनअष्टोंकानाम अष्टांगमैथुनहै ॥ तहांभोग्यबुद्धिकरिकै स्त्रीयोंका चि त्तविषे चिंतनकरणा याकानाम स्मरणहै ॥ और वाणीसें तिनस्त्रीयोंकेगुणोंकाकथनकरणा याकानाम कीर्त्तनहै ॥ और तिनस्त्रीयोंकेसाथि द्यूतादिकक्रीडाकरणी याकानाम केलिहै ॥ और भोग्यबुद्धिकरि कै जो तिनस्त्रीयोंकादेखणाहै ताकानाम प्रेक्षणहै ॥ और एकांतदेशविषे जो तिनस्त्रीयोंकेसाथिभाषण है ॥ ताकानाम गुह्यभाषणहै ॥ और तिनस्त्रीयोंकेप्राप्तिकीजाइच्छाहै ताकानाम संकल्पहै ॥ और ति

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नस्त्रीयोंकेप्राप्तिका जो बुद्धिविषेनिश्चयकरणाहै ताकानाम अध्यवसायहै ॥ और तिनस्त्रीयोंका जोसं भोगहै ताकानाम क्रियानिर्वृतिहै ॥ इनअष्टोंकूं विद्वान्पुरुष अष्टांगमैथुन कहेहैं ॥ और इसअष्टांगमै थुनतैं जोरहितपणाहै तिसकूं ब्रह्मचर्य कहेहैं ॥ सोब्रह्मचर्य मुमुक्षुजनोंनैं अवश्यसंपादनकरणा ॥ जि सकारणतैं (यदिच्छंतोब्रह्मचर्यंचरंति सत्येनलभ्यस्तपसाह्येषआत्मासम्यक्ज्ञानेनब्रह्मचर्येणनित्यं अंतःश रीरेज्योतिर्मयोहिशुभ्रोयंपश्यंतियतयःक्षीणदोषाः) इत्यादिकश्रुतियां ताब्रह्मचर्यकूंहीं आत्मज्ञानका तथा मोक्षका साधनकहेहैं ॥ सोब्रह्मचर्य सत्संगतैं सिद्धहोवैहै ॥ तथा विषयासक्तस्त्रीपुरुषोंकेसन्निधित्यागतैं सिद्धहोवैहै ॥ तथा देहकेदोषदर्शनतैं सिद्धहोवैहै ॥ तहां सत्संगकूं ब्रह्मचर्यकीसाधनता आचार्योंनैं (कातवकांताधरगतचिंता वातुलतवकिंनास्तिनियंता त्रिजगतिसज्जनसंगतिरेका भवतिभवार्णवतरणे नौका) इसवचनकरिकै कथनकरीहै ॥ यातैं तासत्संगकूं ब्रह्मचर्यकीसाधनता संभवैहै ॥ और देहवि षेदोषोंकादर्शन प्रल्हादनैं कथनकऱ्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ (मांसासृक्पूयविण्मूत्रस्नायुमज्जास्थिसंहतौ दे हेचेत्प्रीतिमान्मूढो भवितानरकेपिसः) अर्थयह ॥ मांस रुधिर पूय विष्ठा मूत्र नाडी मज्जा अस्थि इत्या दिकमलिनपदार्थोंकासमूहरूप जोयहदेहहै ॥ तादेहविषे जोमूढपुरुष प्रीतिवालाहै ॥ सोमूढपुरुष नरक विषेभी प्रीतिवालाहोवैंगा इति ॥ किंवा यहउक्तअर्थ भगवान्नैंभी कह्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ (स्वदेहाशु चिगंधेन नविरज्येतयःपुमान् वैराग्यकारणंतस्य किमन्यदुपदिश्यते) अर्थयह ॥ जोपुरुष आपणेदेहके अशुचिगंधकरिकै वैराग्यकूं नहींप्राप्तहोवैहै ॥ तिसपुरुषकूं दूसरा वैराग्यकाकारण क्याउपदेशकरणा इति ॥ इसप्रकार आपणेदेहके तथास्त्रीकेदेहके दोषोंकूंचिंतनकरणेहारेपुरुषकूं तादेहविषे रागहोवैनहीं ॥ यातैं ॥ तादोषदर्शनकूं ब्रह्मचर्यकीसाधनता संभवैहै ॥ इसप्रकार तासन्निधित्यागकूंभी ताब्रह्मचर्यकी

साधनताहै ॥ याकारणतैंहीं स्मृतिनैं मुमुक्षुजनकेप्रति स्त्रीकेसंगादिकोंका निषेधकऱ्याहै ॥ तहांश्लो

CC-0. In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

साधनताहै ॥ याकारणतैंहीं स्मृतिनैं मुमुक्षुजनकेप्रति स्त्रीकेसंभाषणादिकोंका निषेधकऱ्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ (नसंभाषेत्स्त्रियंकांचित्पूर्वदृष्टांचनस्मरेत् कथांचवर्जयेत्तासां नपश्येल्लिखितामपि) अर्थयह ॥ यह मुमुक्षुजन किसीभीस्त्रीकेसाथि संभाषण नहींकरै ॥ तथा पूर्वदेखीहूईस्त्रीका चित्तविषेस्मरणभी नहींकरै ॥ और तिनस्त्रीयोंकीकथाकाभी परित्यागकरै ॥ तथा चित्रकीलिखीहूईस्त्रीकूंभी नहींदेखै इति ॥ १ ॥ अथ नियमवर्णनं ॥ सोनियम शौच १ संतोष २ तप ३ स्वाध्याय ४ ईश्वरप्रणिधान ५ इसभेदकरिकै पंचप्रकारका होवैहै ॥ तहां शौच अंतर १ बाह्य २ इसभेदकरिकै दोप्रकारका होवैहै ॥ तहां मैत्रीकरुणादिकोंकरिकै अंतःकरणकूं रागद्वेषादिकोंतैंरहितकरणा याकानाम अंतरशौचहै ॥ और जलमृत्तिकादिकोंकरिकै शरीरकूंशुद्धकरणा याकानाम बाह्यशौचहै ॥ और यथालाभविषे जाप्रसन्नताहै ताकानाम संतोषहै ॥ और हित मित पवित्र ऐसेअन्नका जोभोजनहै ताकानाम तपहै ॥ और प्रणवादिकपवित्रमंत्रोंका जोजपहै ताकानाम स्वाध्यायहै ॥ और अनुष्ठानकऱ्येहूएनित्यादिककर्मोंका जो परमेश्वरविषे समर्पणहै ताकानाम ईश्वरप्रणिधानहै इति ॥ २ ॥ अथ आसनवर्णनं ॥ ताआसनका स्वरूप तथासाधन तथाफल पूर्व वर्णन करिआयेहैं ॥ सो ईहांभीजानिलेणा ॥ सोउक्तआसन शारीरक १ बाह्य २ इसभेदकरिकै दोप्रकारका होवैहै ॥ तहां पद्म स्वस्तिक भद्र इत्यादिकआसन शारीरकआसन कह्याजावैहै ॥ इनआसनोंकास्वरूप आत्मपुराणकेअष्टमअध्यायविषे हमनैं निरूपणकऱ्याहै ॥ सो तहांसेंजानिलेणा ॥ और सर्वउपद्रवोंतैंरहित एकांतदेशविषे जो कुशा मृगचर्म वस्त्रादिरूपआसनहै सो बाह्यआसन कह्याजावैहै इति ॥ ॥ ३ ॥ अथ प्राणायामवर्णनं ॥ सोप्राणायाम पूरक १ रेचक २ कुंभक ३ इसभेदकरिकै तीनप्रकारका होवैहै ॥ यहप्राणायाम पूर्व वर्णनकरिआयेहैं ॥ सो ईहांभीजानिलेणा इति ॥ ४ ॥ और चक्षुआ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

